




गृह मंत्री शाह के चैलेंज, दूसरी पारी में... 12

बड़े मंगल पर ईदगाह कॉलोनी में महंत विशाल सेवक...10





# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 239
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
बुधवार | 12 जून, 2024


## योगी कैबिनेट के तोहफे : योगी कैबिनेट ने दी नई स्थानांतरण नीति 2024-25 को मंजूरी

# यूपी में 30 जून तक ट्रांसफर होंगे

## योगी कैबिनेट ने नई तबादला नीति पर लगाई मुहर, चुनाव बाद हुई बैठक में 41 प्रस्ताव पास

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जनपद में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। वहीं समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाएगा। समूह क और ख के अधिकारियों के स्थानांतरण के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत है, तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। इस स्थानांतरण नीति के तहत सभी स्थानांतरण आगामी 30 जून तक किए जाने हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

- जनपद में तीन और मंडल में सात वर्ष पूर्ण कर चुके समूह क और ख के अधिकारियों का हो सकेगा स्थानांतरण
- योगी सरकार ने नई तबादला नीति को दी मंजूरी, लाखों कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का दिया तोहफा



### सीमा से अधिक स्थानांतरण के लिए लेनी होगी मंजूरी

कैबिनेट बैठक में पारित प्रस्तावों के विषय में पत्रकारों को जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने स्थानांतरण नीति 2024-25 को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस नीति में पिछले वर्ष की नीति के प्राविधानों का अनुसरण किया गया है। इसके तहत समूह क और ख के वो अधिकारी जिन्होंने अपने सेवाकाल में मंडल में 7 वर्ष और जनपद में 3 वर्ष पूरे कर लिए हों वो स्थानांतरण नीति के अंतर्गत आएंगे। इसके साथ ही समूह क और ख में स्थानांतरण संवर्ग वार अधिकारियों की संख्या अधिकतम 20 प्रतिशत होगी और समूह ग और घ के लिए अधिकतम सीमा 10 प्रतिशत रखी गई है। उन्होंने बताया कि समूह ग और घ के लिए जो व्यवस्था की गई है उसके अनुसार सबसे पुराने अधिकारियों का पहले स्थानांतरण किया जाएगा। यदि 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, यदि समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना आवश्यक होगा।

### एक दिन पूर्व रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मिलेगा वेतन वृद्धि का लाभ

कैबिनेट ने प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। इसके अनुसार अब 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो व्यवस्था थी उसके अनुसार 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। हालांकि अब कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेचुयुटी में मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के बाद ज्यूडिशियल कर्मचारियों को पहले ही इसका लाभ दिया जा चुका है और अब सरकारी कर्मचारी भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे।

### विश्वविद्यालयों के नामों में संशोधन, दो निजी विश्वविद्यालों को एलओआई

योगी सरकार ने प्रदेश के पांच विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया गया है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। महाराज सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का नाम अब महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ होगा। इसी तरह मां शाकुम्भरी देवी राज्य विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय बलरामपुर से भी राज्य शब्द को हटाने को मंजूरी दी गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद का नाम गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार के उग्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश सरकार उग्च शिक्षा का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रदेश के छात्र अपने ही प्रदेश में उग्च शिक्षा गृहण कर सकें। इसके लिए सरकारी विश्वविद्यालयों के साथ ही प्राइवेट विश्वविद्यालय को भी प्रमोट किया जा रहा है। इसी क्रम में दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित हुआ है। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है।

### प्रयागराज कुंभ के लिए दिए गए 2500 करोड़ रुपये

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में तैयारियों के मद्देनजर 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की तुलना में 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग आएंगे। कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बैठक में नोएडा को 500 बेड के नए अस्पताल को मंजूरी दी गई है। इसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। आईआईटी कानपुर में मेडिकल रिसर्च के लिए स्कूल आफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार हर साल 10 करोड़ रुपये देगी। इस तरह पांच साल में 50 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। शेष मदद केंद्र से आएगी।

### कैबिनेट से पास अहम प्रस्ताव...

- उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 में संशोधन किया गया। इससे राज्य विश्वविद्यालयों के नाम के आगे से राज्य शब्द हटाया जा सकेगा। जैसे मां शाकुंभरी राज्य विश्वविद्यालय नाम से राज्य शब्द हटा सकेंगे।
- बरेली में फ्यूचर विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई। गाजियाबाद में एचआरआईटी विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई।
- यूपी सरकार एचयूडीसीओ से 1000 करोड़ रुपए लोन लेगी। इससे पुरानी देनदारी को चुकाया जाएगा।
- कानपुर आईआईटी में 500 बेड वाले हॉस्पिटल के साथ स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी की स्थापना के प्रस्ताव पर मुहर।
- लखीमपुर खीरी हवाई अड्डे के विस्तार के लिए जमीन खरीदी जाएगी।
- जेवर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए अधिगृहित जमीन से प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जाएगा।
- एक जनवरी या एक जुलाई को रिटायर होने वाले लोगों को पहले वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिलता था। अब उनकी ग्रेग्युटी और पेंशन में वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा।

## 2024 के चुनाव में जनता ने हिंसा, झूठ और अहंकार के खिलाफ वोट दिया : राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सांसद बनने के बाद पहली बार बहन प्रियंका गांधी के साथ यहां पहुंचकर रायबरेली और अमेठी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके चुनाव जिताने पर सभी का आभार जताया। भुएमऊ गेस्ट हाऊस में आभार सभा में राहुल ने एक के बाद एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की जनता ने नया विजन दिया है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में जनता ने हिंसा, झूठ और अहंकार के खिलाफ वोट किया है। भाजपा के लोग संविधान को बदलने की बात कर रहे थे पर जनता ने उन्हें संविधान को माथे से लगाने के लिए मजबूर कर दिया है। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान ने मैसेज भेजा है कि नफरत, हिंसा मुझे नहीं चाहिए। मुझे मोहब्बत की दुकान चाहिए। जनता ने भाजपा को नकार दिया है। जनता ने इंडिया गठबंधन यानि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को मजबूत बनाया है। ये जहां नफरत फैलाते हैं, वहां हमें मोहब्बत की दुकान खोलनी है। राहुल ने कटाक्ष करते हुए कहा कि अयोध्या की सीट हार गए। राम मंदिर बनवाया, लेकिन उसके शुभारंभ के मौके पर एक गरीब व्यक्ति नही था। किसान, पिछड़ा, दलित नहीं था। आदिवासी राष्ट्रपति भी नहीं थी। अडानी और अंबानी के अलावा पूरा बालीवुड था। इस उपेक्षा का जवाब अयोध्या की जनता ने दिया है। वाराणसी में प्रधानमंत्री जान बचाकर निकले हैं। मंच पर मौजूद प्रियंका गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगर वाराणसी से प्रियंका चुनाव लड़ जाती तो मोदी दो-ढाई लाख वोटों से हार जाते। यह सब अहंकार से नहीं कह रहा हूं। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री के विजन को जनता ने नकार दिया है। हम हिंसा और नफरत नहीं चाहते हैं। आने वाले समय में सच्चे मुद्दे उठाए जाएंगे। आने वाले समय में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों और मजदूरों के मुद्दे उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संसद में इंडिया गठबंधन की सेना बैठी हुई है। इस बार कोशिश रहेगी कि अग्निवीर योजना को रद्द कराएं क्योंकि इतनी शक्ति आपने दे दी है। आपने राजनीतिक विजन देने के साथ ही बदलाव के लिए वोट किया है। राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी की जनता से भी मैं कहना चाहता हूं कि मैं रायबरेली का सांसद हूं, लेकिन जो विकास रायबरेली में होगा, वही विकास कार्य अमेठी में भी होगा। आपने दिल से हिंदुस्तान की राजनीति बदल दी है। आपने पूरे देश को मैसेज दिया कि हम नफरत के खिलाफ हैं। मोहब्बत की दुकान खोलेंगे।



### रायबरेली-अमेठी से हमारा सबसे पुराना रिश्ता है

राहुल गांधी ने कहा कि हमारा रायबरेली और अमेठी से बहुत पुराना रिश्ता है। ये करीब 100 साल पहले शुरू हुआ था जब किसानों के आंदोलन के लिए जवाहर लाल नेहरू जी यहां आए थे। ये गहरा रिश्ता है जो अभी है और हमेशा रहेगा।

### रायबरेली व अमेठी में जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम : प्रियंका गांधी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली व अमेठी लोकसभा सीट पर जीत कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस जीत से साबित हो गया है कि प्रदेश व देश के लोग साफ सुथरी राजनीति चाहते हैं। ये सब आप कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। दोनों सीटों पर जीत के लिए राहुल-प्रियंका कार्यकर्ताओं को आभार जताने के लिए पहुंचे थे। इस मौके पर सपा कार्यकर्ता भी कांग्रेस के मंच पर मौजूद रहे। प्रियंका गांधी ने सपा कार्यकर्ताओं के लिए भी आभार जताया।

## केंद्र में मंत्री बनने के बाद जितिन प्रसाद ने यूपी के मंत्री पद व विधान परिषद की सदस्यता से दिया इस्तीफा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बाद जितिन प्रसाद ने यूपी सरकार के मंत्री पद व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें मोदी सरकार 3.0 में वाणिज्य राज्यमंत्री बनाया गया है। वह यूपी में विधान परिषद सदस्य थे और सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे। उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया गया है। सरकार में यूपी को खास अहमियत दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिपरिषद में



विभाग बंटवारे में यूपी के राज्य मंत्रियों को खासी अहमियत दी है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जंयत चौधरी को कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा उन्हें शिक्षा विभाग का राज्यमंत्री भी बनाया गया है। कीर्तिवर्धन सिंह को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के साथ विदेश मामलों का मंत्री बनाकर उनका कद बढ़ाया गया है। जितिन प्रसाद को वाणिज्य एवं उद्योग के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिली है। मोदी-3 मंत्रिपरिषद में यूपी से दो कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह और हरदीप पुरी हैं। रालोद के जयंत चौधरी को महत्वपूर्ण विभाग देकर जाट मतदाताओं में उनकी पकड़ को और मजबूत करने का प्रयास किया गया है। मंत्रिपरिषद में दोबारा स्थान पाने वाले बीएल वर्मा उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री होंगे। पिछली बार उनके पास अपेक्षाकृत कम महत्व के माने जाने वाला उत्तर पूर्व विकास क्षेत्र और सहकारिता विभाग था।

## लखनऊ में सरकार के 8 मंत्री बड़ा-मंगल के भंडारे में, योगी सरकार के चीफ सेक्रेटरी ने भी बांटा प्रसाद, शहर में 5000 से ज्यादा भंडारे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में तीसरे बड़े मंगल पर 5 हजार से ज्यादा भंडारे का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों में भंडारे खाने को लेकर गजब का उत्साह रहा। हनुमान सेतु, पुराने हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। भंडारों में पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल, पनीर, फल, कोल्ड ड्रिंक, मट्ठा, नुक्ती, फ्रूटी, आइसक्रीम आदि बांटी गई। हजरतगंज के भंडारे में योगी सरकार के 8 मंत्री और चीफ सेक्रेटरी डीएस मिश्रा भी भंडारे में पहुंचकर प्रसाद बांटा। भंडारे में पहुंचने वाले मंत्रियों में नंद गोपाल नंदी, रजनी तिवारी, सूर्य प्रताप शाही, राकेश सचान, एके शर्मा, अनिल राजभर, योगेंद्र उपाध्याय, मंयकेश्वर सिंह शामिल रहे। नंद गोपाल नंदी ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है। बड़े मंगल के दिन जो कामना की जाती है, वह पूरी होती है।




कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने के बाद समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट और नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा देंगे

## दिल्ली में मोदी को घेरेंगे अखिलेश और यूपी में योगी पर गरजेंगे शिवपाल

- मुलायम परिवार के पास ही रहेगी प्रदेश की भी जिम्मेदारी, शिवपाल पर बन रही सहमति
- सफलता का यही सिलसिला पार्टी यूपी में अगले विधानसभा चुनाव में भी बनाए रखना चाहती है

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा









**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की ओर से केंद्र में अब चेहरा अखिलेश यादव का और उत्तर प्रदेश में दारोमदार शिवपाल यादव पर होगा। लोकसभा चुनाव परिणाम से उत्साहित समाजवादी पार्टी ने रणनीति बनाई है कि वह दिल्ली में आक्रामक रूप से केंद्र सरकार को और प्रदेश में योगी सरकार को तमाम मुद्दों पर घेरेगी और दबाव बनाएगी। कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने के बाद समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट और नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सूत्रों के अनुसार सैफई में पार्टी नेताओं संग हुई बैठक में यह फैसला हुआ है कि अखिलेश यादव लोकसभा में बैठेंगे और यूपी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देंगे। जानकारी मिल रही है कि अखिलेश करहल विधानसभा के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष पद से भी वे इस्तीफा दे सकते हैं। लोकसभा चुनाव में अच्छी सफलता मिलने से समाजवादी पार्टी का उत्साह बढ़ा है। सफलता का यही सिलसिला पार्टी यूपी में अगले विधानसभा चुनाव में भी बनाए रखना चाहती है। इसलिए रणनीति के तहत यह तय हुआ है कि केंद्र में अखिलेश यादव मोदी सरकार पर दबाव मनाएंगे और उत्तर प्रदेश में शिवपाल योगी सरकार पर शिकंजा कसने की भरपूर कोशिश करेंगे।

### नेता प्रतिपक्ष के चयन में पीडीए के तहत किसी को जिम्मेदारी मिल सकती है

अखिलेश यादव के विधानसभा सीट छोड़ने और नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद उनकी जगह उपचुनाव कौन लड़ेगा और कौन सदन में विपक्ष की अगुवाई करेगा इसको लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। सूत्रों के मुताबिक करहल सीट से यादव परिवार के तेज प्रताप और नेता प्रतिपक्ष के चयन में पीडीए के तहत किसी को जिम्मेदारी मिल सकती है।

### नेता प्रतिपक्ष पद के लिए शिवपाल सबसे मजबूत दावेदार

चर्चा है कि अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष पद के लिए तीन नामों पर विचार कर रहे हैं। इनमें शिवपाल यादव सबसे मजबूत दावेदार हैं। इंद्रजीत सरोज और कमाल फारुखी का नाम इनके बाद है। शिवपाल यादव ओबीसी तो इंद्रजीत सरोज दलित बिरादरी से आते हैं जबकि कमाल फारुखी अल्पसंख्यक हैं। कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में पीडीअक फॉर्मूला हिट रहा, अब अखिलेश उसी को आगे बढ़ाने के मूड में हैं।

# स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने औचक निरीक्षण कर महाविद्यालय में परीक्षाओं का जायजा लिया

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की परीक्षायें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्राचार्य डॉ. सूर्य नरायण सिंह की देखरेख में कालपी कॉलेज कालपी परीक्षा केंद्र में 3 पालियों में आयोजित की जा रही है। मंगलवार को स्टेटिक मजिस्ट्रेट वीरेंद्र सिंह ने परीक्षा केंद्र का आवश्यक निरीक्षण कर हकीकत जानी।

विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं 24 में से शुरू हुई है जो 27 जून तक तीन पारियों में संचालित की जा रही है। मंगलवार 11 जून को पहली पाली मे पंजीकृत विधार्थियों में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर एग्रीकल्चर ऑनर्स एवं बीए सेमेस्टर अंग्रेजी के 180 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जिसमे 1 छात्रा अनुपस्थित रही। दूसरी पारी में बीए द्वितीय वर्ष सेमेस्टर गृह विज्ञान की परीक्षाएं कुशलता पूर्वक संपन्न हुई। जिलाधिकारी के द्वारा नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट वीरेंद्र सिंह ने परीक्षा कक्षो का औचक निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सभी परीक्षा कक्षों में परीक्षाएं आयोजित कराई जा रही है। सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. सुधा गुप्ता, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. सोमचंद चौहान, कीर्ति पुरवार की चाक-चौबंद व्यवस्था में संपन्न कराई जा रही हैं। प्राचार्य ने बताया कि छात्राओं को संघन चेकिंग के बाद केंद्र में प्रवेश दिया जाता है। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए आंतरिक उड़ाका दल भी सक्रिय रहा।

## दुष्कर्म पीड़िता ने मांगी इच्छा मृत्यु तो दर्ज हुई रिपोर्ट, एसपी दफ्तर पहुंची महिला

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

महिला के साथ घर में घुसकर दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने से नाराज महिला ने सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर इच्छा मृत्यु मांगी। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया है। गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसपी को दिए पत्र में बताया कि वह तीन जून को अपने घर में थी। तभी घर में घुसकर पड़ोसी दिनेश व गया ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। वह थाने गई थी। लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिस पर उसने व्यथित होकर मुख्यमंत्री से इच्छा मृत्यु मांगी है। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है।

# चार प्रमुख कोतवाली के प्रभारी सहित 12 थानों के प्रभारियों में हुआ फेरबदल

**जन एक्सप्रेस । उरई**



लोकसभा चुनाव खत्म होते ही तबादलों का दौर शुरू हो गया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने मंगलवार को बड़ा उलट फेरकर दिया। जिसमें जिले की चार प्रमुख कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सहित 12 थानों के प्रभारी निरीक्षक का तबादला कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा द्वारा जारी की गई सूची में सबसे पहले स्थानांतरण उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पटेल का किया है। जिन्हें जालौन कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया, जबकि जालौन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार को एट कोतवाली की कमान सौंपी गई है। वही कोंच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी को उरई कोतवाली का कार्यभार सौंपा गया है। इसके अलावा आटा थाने के प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र सिंह को कोंच कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। एट थाने में तैनात थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह को आटा थाने का प्रभारी निरीक्षक तैनात किया गया है। जबकि माधौगढ़ कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक को कालपी कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वाचक सुनील कुमार यादव को प्रभारी माधौगढ़ बनाया गया और कालपी के प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद को पुलिस लाइन भेजा गया। वहीं एसपी कार्यालय में तैनात उप निरीक्षक योगेंद्र पटेल को थानाध्यक्ष रामपुरा, साथ ही आपातकाल स्थिति में सिपाही को छुट्टी न देकर चर्चा में आए रामपुरा थाने के प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह को थानाध्यक्ष चुर्खी बनाया गया है। इसके अलावा कैलिया थाने की प्रभारी निरीक्षक नीलम सिंह थानाध्यक्ष रेंढ़र और रेंढ़र थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव बैस को थानाध्यक्ष कैलिया बनाया गया है।

# डीएम ने ली जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिलौटा, चांदीबागर रैपुरा में कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई। भारत सरकार द्वारा जनपद चित्रकूट के सिलौटा में 59, चांदीबागर में 286 व रैयपुरा में 71 गांव जल जीवन मिशन के अंतर्गत अच्छादित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि जो तीन चार गांवों का टारगेट दिया जा रहा है, वहां पर रेगुलर पानी सप्लाई कराएं एवं जो छोटे-छोटे मजरे हैं, वहां भी पानी पहुंचाएं तभी ग्राम प्रधान द्वारा हर घर जल प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने निर्माणाधीन ओएसटी के बारे में जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि श्रम शक्ति बढाकर अपूर्ण कार्य को पूरा कराएं। उन्होंने इंटेक वेल के बारे में जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। जिलाधिकारी ने पानी की गुणवत्ता के बाने में जानकारी लेते हुए कहा कि जहां पर पाइप बिछ गई हो, वहां पानी का सप्लाई रेगुलर करें। साथ ही कहा कि पानी का सैंपल भी चेक कराते रहें। उन्होंने कहा कि जिन सडकों की पाइप डालने के लिए खुदाई हो गई है, उसको श्रम शक्ति बढाकर बारिश से पहले करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि जनपद के लिए भारत सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजना है। जनपद में पानी की समस्या है, इसके निदान के लिए भारत सरकार द्वारा यह कार्य तेज गति से कराया जा रहा है। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं से कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण व शासन की मंशानुरूप होना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम आशीष कुमार भारती, अधिशासी अभियंता (विद्युत, यांत्रिक) जल निगम ग्रामीण सुमित कुमार, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित, जेई महावीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## तीन अलग जगह लगी आग पर फायरमैनों ने पाया काबू

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** तहसील क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों में अग्निकांड की घटनाएं हो गई। दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंचे कर्मचारियो ने तत्परता से आग बुझाने में कामयाबी हासिल की। अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि ग्राम कीरतपुर वन क्षेत्र में आग लगने की सूचना पर विभाग की टीम दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गई तथा आग पर नियंत्रण? कर लिया। इसी तरह ग्राम सरसेला स्थिति तालाब लगे पौधों के अंदर आग सुलगने लगी। सूचना मिलने पर अग्निशमन वाहन लेकर दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंचे तथा आग बुझाने में कामयाबी हासिल कर ली। नगर के आलमपुर मुहल्ले के खाली प्लाट में रात में आग लग गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र से वाहन के साथ मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने पानी का छिड़काव कर के आग बुझाने में कामयाबी हासिल की। विनोद नायक, फायरमैन रवि प्रकाश, वीरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, चालक विनोद कुमार नायक फायरमैन अमृतलाल फायरमैन रवि प्रकाश शर्मा फायरमैन शिवकुमार फायरमैन गोविंद सिंह, फायरमैन रणधीर सिंह फायरमैन मानवेंद्र सिंह आदि आग बुझाने में शामिल रहे।

# डीएम ने राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर के अधिकारियों संग की बैठक

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की बैठक की गई। साथ ही राजस्व वसूली में तेजी लाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से जुड़े समस्त विभागीय अधिकारी दिए गए लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित कराएं। लक्ष्य को पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने मंडी व नगर निकायों को आय के स्त्रोत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन अधिकारी सक्रिय रहते हुए प्रवर्तन कार्य करें और चेकिंग बढ़ाने के साथ ही अवैध परिवहन और ओवरलोड वाहनों पर पूर्ण रोक लगाई जाए। प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की कार्य योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करें। उन्होंने वाणिज्य कर विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में करापवंचन न होने पाए। जिन विभागों की प्रगति धीमी है वह पूरी सक्रियता के साथ राजस्व वसूली कर लक्ष्य को प्राप्त करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि 03 व 05 वर्ष पुराने राजस्व वादों को यथाशीघ्र निस्तारण करें। साथ ही तहसीलों द्वारा जारी किए जाने वाले जन्म, मृत्यु, आय, निवास आदि प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा के अंदर निर्गत किए जाएं। विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति रोस्टर अनुसार सुनिश्चित कराई जाए। जर्जर पोल व तारों की समस्याओं गम्भीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही करें। साथ ही समस्त सबस्टेशन प्रभारी, एसडीओ, एक्सीयन आदि अधिकारियों के मोबाइल नंबरों को प्रिंट, इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें। जिससे विद्युत संबंधी शिकायतों का समय से निस्तारण किया जा सके। सभी अधिकारी आमजन का फोन रिसीव अवश्य करें।

इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## निशुल्क कोचिंग के लिए 20 तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं (यूपीएससी, यूपीपीसी एस, जेईई, नीट तथा एनडीए, सीडीएस, एसएससी) की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश लेने के लिए 20 जून तक आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी राजकीय जिला पुस्तकालय स्थित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिग सेन्टर से आवेदन फार्म प्राप्त कर 20 जून अपराह्न 5 बजे तक फार्म भर कर जमा कर दें। कोचिंग 1 जुलाई से निःशुल्क प्रारम्भ होगी। आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं की प्रवेश परीक्षा 21 से 25 जून के मध्य करायी जाएगी, जिसकी सूचना अभ्यर्थियों के मोबाइल पर दी जाएगी।

# नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर आप ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

नीट की परीक्षा में हुई गडबडी और भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नीट परीक्षा जो कि देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षाओं में एक हैं, उसका पेपर भी लीक हो गया। बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहें नौजवानों को भ्रष्टाचारी सरकार ने एक और झटका दे दिया। एक ओर जहाँ संवेदनहीन मोदी सरकार में भर्तियों का टोटा हैं तो वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार में डूबी सरकार सभी प्रकार के परीक्षाओं का पेपर लीक करवाने की जिम्मेदार हैं। जिसके वजह से नौजवानों को अपने उज्ज्वल भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा हैं।

उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था, परंतु आनन-फानन में 4 जून को ही नीट परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। इससे प्रतीत होता हैं कि नीट परीक्षा में गंभीर त्रुटि और भ्रष्टाचार किया गया हैं। आम आदमी पार्टी ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से नीट परीक्षा परिणाम की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों को जेल भेजने की मांग करती हैं, जिससे कि नीट अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ न्याय हो सकें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ राजबहादुर साहू, जिला महासचिव श्रम प्रकोष्ठ योगेन्द्र रैकवार, जिला उपाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ शिवप्रकाश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डॉ रमाकांत गुप्ता, जिला महासचिव जितेन्द्र गोयल, जिलाध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ नर्वदा प्रसाद यादव, जिला सचिव लवलेश केसरवानी, जिला कोषाध्यक्ष श्याम बाबू त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ सन्तोष भरद्वाज, लवलेश पाण्डेय, वार्ड अध्यक्ष कर्वी पुरुषोत्तम निषाद, जिला सचिव ओबीसी शिवगोपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष, सभासद दिनेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष जुगल किशोर जाटव, वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल तिवारी आदि मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो मजदूरो में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र में बंगरा मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार दो मजदूरों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहेता निवासी प्रमोद कुमार 42 वर्ष और उसका साथी राजा 20 वर्ष मजदूर थे। जो सोमवार को मजदूरी के सिलसिले से उरई मुख्यालय आए हुए थे। काम अधिक होने के कारण दोनों लोग देर रात बाइक पर सवार होकर गांव अहेता वापस लौट रहे थे। तभी जालौन बंगरा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने ग्राम कमसेरा के पास बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनों घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरो ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने प्रमोद को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथी मजदूर राजा को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक की पहचान होने के बाद सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं पुलिस घटना को अंजाम देने वाले चालक व वाहन की तलाश कर रही है।

# दहेज हत्या के मामले में पति को 20 साल की कैद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी पति को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 12000 रूपए अर्थदंड से भी दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि राजापुर क्षेत्र के गोबरौल गांव के निवासी संजीव तिवारी ने रैपुरा थाने में 8 नवंबर 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसने अपनी बहन निहारिका देवी की शादी लौरी गांव के निवासी धीरेंद्र प्रताप के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति और ससुरालीजन दहेज को लेकर निहारिका का उत्पीड़न करते थे। बीती 7 नवंबर 2022 को उसके बहनोई ने फोन करके कहा था कि निहारिका को मायके ले जाओ, नहीं तो वह उसे जान से मार देगा। इसके बाद दहेज के लिए उसकी गर्भवती बहन को मारकर फांसी से लटका दिया गया। लौरी गांव के लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर वह मौके पर पहुंचा। जहां उसकी बहन के शव को ससुरालीजनों ने चारपाई में एक चद्दर डालकर रखा था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी धीरेंद्र प्रताप को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने मंगलवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मृतका के पति धीरेंद्र प्रताप को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 12000 रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया। इसके बाद अपर एसपी ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा, मैस, बैरिक, सीपीसी कैन्टीन, क्वार्टर गार्ड, स्टोर रूम का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन शिवनारायण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों का अर्दली रूम किया।

# पाठशाला में किसानों को दी गयी कीट प्रबंधन और गौ आधारित प्राकृतिक खेती की जानकारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



द मिलियिन फार्मर स्कूल (किसान पाठशाला) जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में किसान पाठशाला आयोजित की जा रही है, जिसके क्रम में मंगलवार को उप कृषि निदेशक राज कुमार द्वारा ग्राम पंचायत देवकली एवं रेहुटिया विकासखण्ड मानिकपुर में किसान पाठशाला आयोजन का निरीक्षण किया गया।

किसान पाठशाला में कृषकों को बताया गया कि खरीफ की तैयारी के लिए सभी बीज गोदामों पर बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है। गोदामों पर किसान अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते है। साथ ही किसानों को परम्परागत, प्राकृतिक खेती करने एवं श्रीअन्न की खेती करने पर जोर दिया गया। देशी गाय के महत्व को बताते हुये जीवामृत, बीजामृत, पंचगव्य, घनजीवामृत आदि बनाने की विधि एवं उपयोगिता बतायी गयी। किसानों को बताया कि कृषि विभाग के पोर्टल पर सोलर पंप बुकिंग चल रही है।

किसान अनुदान पर प्राप्त कर सकते है। साथ ही किसानों को खरीफ की खेती के तैयारी, बुआई की विधि, रोग प्रबंधन, कीट प्रबंधन एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती के विधाए एवं तकनीकी व सिद्धान्त आदि के बारे में जानकारी दी गयी।

इस मौके पर मास्टर ट्रेनर सहायक शशिकला, ग्राम पंचायत देवकली ग्राम प्रधान सूर्यभान, मास्टर ट्रेनर रामचन्द्र बीटीएम, अजयपाल सिंह सलाहकार कृषि, संदीप कुमार क्लोवर फील्ड ऑफीसर आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने ली डीपीआर कार्य योजना के सम्बन्ध में बैठक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए चयनित नगर पंचायत मऊ की डीपीआर कार्य योजना के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ बालकृष्ण गौतम ने कहा कि विभिन्न वार्डों की रोड व नाली की कार्य योजना पर कार्य किया जाना है। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि मऊ नगर पंचायत में बारात घर, पार्क, बच्चों के खेलने के लिए स्थान, लाइट, चैराहा कुछ नए कार्य की कार्य योजना बनाएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी मऊ को निर्देशित किया कि पार्क के लिए जमीन चिन्हित करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजें, जिससे स्वीकृत होने के बाद कार्य प्रारंभ किया जा सके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

# तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

### 52 किलो 840 ग्राम गांजा, 2 चार पहिया वाहन, 2 तमंचे बरामद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स झांसी चन्दन पाण्डेय एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुये 3 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को 52 किलो 840 ग्राम गांजा, 2 चार पहिया वाहन, 2 तमंचों के साथ गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स झांसी चन्दन पाण्डेय को अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों द्वारा गांजे की तस्करी करने की सूचना प्राप्त हुयी। इस सूचना पर थानाध्यक्ष एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स झांसी द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी को सूचना से अवगत कराया गया। नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं थाना कोतवाली कर्वी की पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से बीती रात्रि में खोह अण्डर ब्रिज के पास झाडियों से इस्माइल खां निवासी गोल चैक के पास कबीर नगर थाना कबीर नगर जिला रायपुर छत्तीसगढ, विष्णु साहू निवासी ग्राम राजामुण्डा थाना एम रामपुर जिला काला हाण्डी उडीसा व विजय गुप्ता निवासी जगदीश गंज को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 कार बरामद की गयी। जिसमें 52 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपियों की जमा तलाशी से उनके कब्जे से 2 तमंचे, 3 मोबाइल, कुल 10680 रुपये बरामद हुये। पूंछतांछ में इस्माइल खां व विष्णु साहू ने बताया कि वह लोग उडीसा से कम दाम में गांजा खरीद कर मांग के अनुसार उत्तर प्रदेश व बिहार में सप्लाई करते हैं। वह लोग उडीसा से लाया हुआ गांजा विजय गुप्ता को देने आये थे।

गिरफ्तारी के दौरान एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स झांसी के उप निरीक्षक विनोद कुमार, मुख्य आरक्षी रामनरेश सिंह, आरक्षी अभय कुमार, विमल कुमार, देवानन्द, हरवंश कुमार, प्रदीप कुमार, जिला कारागार चैकी प्रभारी उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, आरक्षी राहुल देव, महिला आरक्षी नीतू द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

**नोटिस नमूना आम**

**न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश महोदय, परिवारिक न्यायालय प्रथम जनपद रायबरेली**
मु0अ0सं0-249/2024
**तारीख पेशी-25.07.2024**

श्री सोनू गुप्ता आयु लगभग 31 वर्ष पुत्र रामबाबू गुप्ता निवासी आई0टी0 आई0 शिवाजी नगर, दूरभाष थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली।
**.....वादी**

**बनाम**

श्रीमती सोनाली गुप्ता उम्र 27 वर्ष पत्नी सोनू गुप्ता पुत्री संतोष कुमार गुप्ता निवासिनी अत्तरो नरैनी, इन्दिरा नगर, नरैनी बांदा उ0प्र02101029
**.....प्रतिवादिनी**

चूंकि उपरोक्त वाद में श्री सोनू गुप्ता ने दावा इस न्यायालय में अ0ध0 09 हिन्दू विवाह अधिनियम में आपके खिलाफ वाद दायर किया है जिसमें आपको सम्मन किया जाता है। कि आप **दिनांक 25.07.2024 सुबह 8 बजे** कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब दे सकने में सक्षम हो कोर्ट में उपस्थित हो।

अतः आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते है तो, उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जाएगा।

जारी करने की तिथि 08.06.2024

**हस्ताक्षर**
श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश
परिवारिक न्यायालय-प्रथम
जनपद-रायबरेली।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | बुधवार | 12 जून 2024 | 03

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 44.0 (+4.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 32.4 (+4.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 33 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 13 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर- पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# उत्तर प्रदेश के टॉप 60 में शुमार कुख्यात अपराधी पप्पू स्मार्ट को कानपुर पुलिस ने आगरा से दबोचा

* पिंटू सेंगर हत्याकांड का है मुख्य आरोपी, पुलिस की पकड़ से चल रहा था फरार, 25000 का था इनामी

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर


पप्पू स्मार्ट


पत्नी गजाला

लखनऊ/कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती का असर साफ यूपी पुलिस पर दिखाई दे रहा है। उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर नगर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार और उनके जितने भी डीपीपी हैं एसीपी हैं वह भी एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं। कल मंगलवार के दिन कानपुर नगर के पुलिस कमिश्नर के पास हाथ जोड़े फरियाद लेकर उस अपराधी की बीवी पहुंची जिसके पति ने पता नहीं कितनी मांगों का सुहाग उजाड़ा, दर्जनों बच्चों को अनाथ कर दिया, अपने पति की जिंदगी की भीख मांग कमिश्नर से बोली कि उसके पति को कानपुर क्राइम ब्रांच पुलिस ने आगरा से उठा लिया है, हालांकि पुलिस कमिश्नर ने उसे आश्वासन दिया कि जो कार्रवाई होगी वह वैधानिक होगी। वहीं दूसरी ओर देर शाम डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने कोतवाली जाजमऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पप्पू स्मार्ट को सामने लाकर गिरफ्तार किए जाने की घोषणा कर दी।

उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर में डी गैंग से जुड़े अपराधियों का कई वर्षों तक बोलबाला रहा, डी वन, डी टू गैंग से लेकर डी 150 गैंग के अपराधियों ने उत्तर प्रदेश में भाड़े पर खूब हत्याएं की और अपने गिरोह को दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ाया और भारत देश को अंदर ही अंदर कमजोर करते रहे। उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर में अभी भी डी गैंग से जुड़े दर्जनों अपराधी अपने अपराधी साथियों के साथ मिलकर खूब जमकर अपराध कर रहे हैं

हालांकि अब उन्होंने पहले की तरह से अपराह्न कर फिरौती लेना कम किया है लेकिन सरकारी जमीनों पर कब्जा, भाड़े पर हत्याएं करने का क्रम बखूबी चल रहा है।

> "आसिम उर्फ पप्पू स्मार्ट नाम के शातिर अपराधी को जनपद आगरा से गिरफ्तार किया गया है। पप्पू स्मार्ट आगरा निवासी हर्षित यादव के घर से गिरफ्तार किया गया है। पप्पू स्मार्ट पर गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज हैं इस पर एन.एस.ए. की भी कार्रवाई की गई थी। पिंटू सेंगर हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त है यह अभी हाल ही में जेल से छूटा और फिर से अपराध करने लगा था। बीती 25 में को जब पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर जनपद में अभियान चला था तो इसके घर से कंट्री मेड पिस्टल भी बरामद हुई थी। एक मुकदमे में 25000 का इनामी था वांछित चल रहा था जिसे गिरफ्तार किया गया है।
>
> श्रवण कुमार सिंह
> डीपीपी पूर्वी।

### कानपुर में पप्पू स्मार्ट चला रहा है डी 123 गैंग

उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर थाना जाजमऊ क्षेत्र में रहने वाला आसिम उर्फ पप्पू स्मार्ट डी 123 नाम का गैंग संचालित कर रहा है। यह खुद भी कुख्यात है और इसके गैंग में कुख्यात अपराधी भी शामिल हैं जिनके नाम आमिर बिग्छू, शोएब पापी, मोहम्म्द जैन कालिया सऊद अख्तर आदि दर्जनों अपराधी शामिल हैं।

### कैसे पकड़ी अपराध की दुनिया में रफ्तार

बेहद शातिर अपराधी मोहम्मद आसिम उर्फ पप्पू स्मार्ट जनपद स्तर पर चिन्हित पंजीकृत डी 123 गैंग का गैंग लीडर है. थाना चकेरी का ये मजारिया हिस्ट्रीशीटर अपराधी है इसका हिस्ट्रीशीट नंबर 1376 है। अपने मामा कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अपराधी रियाजउद्दीन उर्फ कबूतरी से अपराध के गुर सीखे थे। कबूतरी अनवर गंज थाने का कुख्यात अपराधी था वर्तमान समय मे कानपुर और आसपास के क्षेत्र मे सबसे बड़ा और संगठित अपराधी गिरोह का संचालन कर रहा है जिसमें इसका लड़का मोहम्मद जैन कालिया, भाई आमिर बिग्छु, शोएब पापी, समेत तमाम शूटरों की टीम शामिल है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यूपी स्तर पर बनाई गई लिस्ट टॉप 60 में शामिल है नाम

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा बनाई गयी यूपी टॉप 60 अपराधियों की लिस्ट मे शामिल सऊद अख्तर भी पप्पू स्मार्ट के गिरोह का सक्रिय सदस्य है।यूपी टॉप 60 मे मुख्तार अंसारी, अतीक, अशरफ, अनिल दूजाना,जीवा महेश्वरी, मुन्ना बजरंगी उपर भेजे जा चुके हैं लेकिन पप्पू स्मार्ट हमेशा अपने शातिर दिमाग से बचता रहा, और यह अभी भी लोगों की जान लेकर उन्हें ऊपर भेजने का काम कर रहा है।

### आगजनी, लूट,हत्या, रंगदारी के तीन दर्जन मुक़दमे हैं दर्ज

प्राप्त जानकारी के अनुसार आसिम उर्फ पप्पू स्मार्ट नाम के इस कुख्यात अपराधी पर लगभग तीन दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें आगजनी, लूट रंगदारी, हत्या, हाफ मर्डर, सरकारी जमीनों पर कब्जे करने के मुक़दमे शामिल हैं।

### क्राइम ब्रांच ने उठाया तो पत्नी पहुंच गई कमिश्नर के पास

कुख्यात अपराधी आसिम उर्फ पप्पू स्मार्ट को जब जनपद आगरा से क्राइम ब्रांच की टीम ने उठाया तो कल मंगलवार उसकी पत्नी गुहार लगाने कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के दफ्तर पहुंच गई। इस दौरान उसने पत्रकार बंधुओ के सामने अपना बयान देते हुए बताया कि उसके पति आसिम उर्फ पप्पू स्मार्ट को क्राइम ब्रांच की टीम जो संभवत कानपुर नगर की है जनपद आगरा से उठा लिया है। क्राइम ब्रांच के द्वारा पति को उठाए जाने के बाद वह पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिलने पहुंची थी तो पुलिस कमिश्नर ने उसे आश्वासन दिया है की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी कुछ गलत नहीं होगा।

# आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए कहा कि नीट परीक्षा जो कि देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षाओं में एक हैं, उसका पेपर भी लीक हो गया। बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहें नौजवानों को भ्रष्ट्राचारी सरकार ने एक और झटका दे दिया। एक ओर जहाँ संवेदनहीन मोदी सरकार में भर्तियों का टोटा हैं तो वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार में डूबी सरकार सभी प्रकार के परीक्षाओं का पेपर लीक करवाने की जिम्मेदार हैं। जिसके वजह से नौजवानों को अपने उज्ज्वल भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा हैं। सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला प्रभारी आशुतोष सेंगर ने मांग की है कि नीट परीक्षा 2024 को रद्द करते हुए उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों को जेल भेजने का काम किया जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुज शुक्ला जिला महासचिव मुशीर सिद्दीकी कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता जिला उपाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, कृष्ण कुमार सिंह चकित प्रदेश उपाध्यक्ष माइनॉरिटी विंग मो0 शाहिद, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ विंग योगेश दीक्षित, प्रदेश सचिव यूथ विंग मुकेश झा, प्रदेश सचिव महिला विंग सरिता द्विवेदी, वरिष्ठ नेत्री कृष्णा प्रजापति उपस्थित रहे।

# 17 लाख लोग ऑनलाइन शपथ लेकर बनाएंगे रिकॉर्ड

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के नेतृत्व में राजभवन उत्तर प्रदेश द्वारा विश्व योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में विश्व में सबसे अधिक आनलाइन योग संबंधी शपथ का रिकार्ड बनाने के लिये प्रक्रिया की जा रही है जिसमे राजभवन से संबंधित सभी 34 विश्वविद्यालय तथा इन विश्वविद्यालयों से संबंद्ध महाविद्यालय सम्मिलित हैं। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि राजभवन द्वारा लगभग 17 लाख आनलाइन शपथ एक सप्ताह के अन्तर्गत करने का रिकार्ड बनाने के लिये आनलाइन शपथ लेने की तिथि 12 जून से 18 जून 2024 निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि इस बनने वाले रिकार्ड को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स में भी दर्ज कराने के लिए कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से संबंद्ध सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, पुरातन एवं वर्तमान विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों से योग संबंधी आनलाइन शपथ लेने के लिए वेबसाइट https://rajbhawanyo-gapledge.in/ पर जाकर शपथ लेकर विश्व रिकार्ड बनाने में अपना सहयोग देने की बात कही। कुलपति ने बताया कि कानपुर नगर के वासी एवं देश के बाहर रहने वाले पुरातन छात्र एवं उनके परिजन भी आनलाइन शपथ ले सकते हैं। आनलाइन शपथ पूर्ण हो जाने पर एक प्रमाण पत्र भी आनलाइन प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि आनलाइन शपथ लेते समय की फोटो खीचकर उस फोटो को विश्वविद्यालय को chiefproctor@csjmu.ac.in मेल आई.डी. द्वारा भेज सकते हैं।

# यू.पी.कैटेट 2024 की कृषि स्नातक प्रवेश परीक्षा छह केंद्रों पर हुई संपन्न



जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा

कानपुर नगर। यू.पी.कैटेट 2024 की कृषि स्नातक प्रवेश परीक्षा मंगलवार को कानपुर शहर के 6 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुयी ।चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय ने बताया कि स्नातक प्रवेश परीक्षा मे 3330 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3144 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी व परीक्षा केंद्रों पर कुल 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कानपुर में प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का 94.41 प्रतिशत व अनुपस्थित छात्र प्रतिशत 22.59 प्रतिशत रहा।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज नवाबगंज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सारे प्रबंधों का जायजा लिया। डॉ.खलील खान ने बताया कि 12 जून 2024 को पीजी/पीएचडी के 902 परीक्षार्थी शहर के दो परीक्षा केंद्र जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर व कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर कानपुर में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक परीक्षा देंगे।

उन्होंने बताया कि जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर में ही द्वितीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक (103) एमबीए के परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे।

# 13 सौ दिव्यांगो के प्रमाण पत्र में गड़बड़ी हुई उजागर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

सी0 एम0 ओ0 कार्यालय दिव्यांग बोर्ड मे दिव्यांगजनो की समस्या बढती जा रही है।

जो दिव्यांगजन पैर से दिव्यांग हैं उनका आनलाईन आंख का प्रमाण पत्र बना दिया गया है, बहुत से दिव्यांगजन के प्रमाण पत्र में दिव्यांगता ही नहीं दर्ज है।

जिनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र में कोई त्रुटी हो गयी है उनमें सुधार का आफसन खत्म हो गया है। दिव्यांगजन प्रमाण पत्र में गलतियों के सुधार के लिए दिव्यांग बोर्ड के चक्कर काट रहे है।

बोर्ड के कर्मचारी संतोषजनक जवाब नही दे रहे है।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांग बोर्ड की समस्या दूर कराने के लिये 13 जून को सी0एम0ओ0 को ज्ञापन सौंपा जायेगा। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांग बोर्ड की समस्याओं के सम्बन्ध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

आज तक समस्याओं का समाधान नहीं कराया गया।

अधिकारी पोर्टल की खामियों के चलते समस्या बता रहे है।

# इंडिया गठबंधन के प्रन्याशी ने निकाली धन्यवाद यात्रा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आलोक मिश्रा को चुनाव में जनता जनार्दन द्वारा दिए गए अपार जन समर्थन के लिए कल मंगलवार को आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल से धन्यवाद यात्रा का शुभारंभ हुआ

जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी और लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा एवं सभी कांग्रेस जन हाथ जोड़कर लोगों का धन्यवाद अर्पित करते हुए सभी से मिलते हुए बढ़ते रहे जहां पर व्यापारी भाइयों, राहगीरों, ई रिक्शा चालक, आदि बड़े ही उत्साह के साथ धन्यवाद यात्रा का हौसला बढ़ाते रहे और अपने वाहन रोककर और अपने प्रतिष्ठान से उतरकर प्रत्याशी से बड़े ही आत्मीयता के साथ मिलकर आगे भी और समर्थन देने का वादा कियाऔर कई जगह फूलमालाओं से स्वागत किया।

यात्रा के समापन में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी और लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा हम लोग चुनाव नहीं हारे हैं

आंकड़े और गिनती में चुनाव में पीछे रह गए हैं लेकिन 4 लाख 22 हजार मतदाताओं के दिल में कांग्रेस पार्टी ने अपनी जगह बनाई है

जिसको कानपुर की धरती पर 8 लाख से ऊपर मतदाताओं के दिलों में जगह बनानी है

और राहुल गांधी के संदेश को जन-जन तक पहुंचा कर गांधी, अंबेडकर, नेहरू और अब्दुल कलाम आजाद के सपनों का मजबूत भारत बनाएंगे व देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कार्यकर्ता हर आहुति देने को तैयार रहेगा साथ ही आलोक मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा हम हर समय व्यक्तिगत रूप से आप लोगों के लिए हर समय तैयार रहेंगे

आपके सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे और कानपुर की जनता की सेवा करते रहेंगे।

# वैज्ञानिकों द्वारा बैठक में की गई गहन समीक्षा




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार निदेशालय में विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यरत विषय वार वैज्ञानिकों की वार्षिक समीक्षा प्रारंभ हो गई है। जिसके क्रम में मंगलवार को सश्य विज्ञान, कृषि अभियंत्रण तथा पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी विषय के वैज्ञानिकों की गहन समीक्षा हुई। निदेशक प्रसार डॉ.आरके यादव ने बताया कि समीक्षा बैठक में सभी वैज्ञानिकों ने वर्ष 2023 -24 की वार्षिक प्रगति एवं आगामी वर्ष 2024-25 की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया जिसमें वैज्ञानिकों को जनपद के कृषकों की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य योजना बनाने पर विशेष बल दिया गया।

जिससे जनपद के किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हों सके। इस अवसर पर सह निदेशक प्रसार डा.पीके राठी, डॉ.वी के कनौजिया, डॉ.बी के वर्मा, डॉ.करम हुसैन एवं डॉ.एस एल वर्मा सहित अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# बसपा प्रमुख मायावती के खिलाफ की गई टिप्पणी पर भड़के दलित संगठन


जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




शहर में मंगलवार को डॉ.आंबेडकर अधिवक्ता समिति कानपुर कोर्ट के बैनर तले वर्तमान में देश व प्रदेश में अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों से मारपीट व जातीय उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए महामहिम राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री व महिला आयोग को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया और मांग की गई है कि इन सभी घटनाओं पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने आए डॉ.आंबेडकर अधिवक्ता समिति के पदाधिकारी जीतू पैंथर ने बताया कि संवैधानिक अधिकारों का हनन करते हुए 5 जून को सोशल मीडिया पर प्रोड्यूसर केकेआर ने देश के सबसे बड़े सूबे की चार बार की मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन कुमारी मायावती के बारे में जाति सूचक अभद्र भाषा का प्रयोग किया है जिसके विरोध में ज्ञापन सौंपा है और साथ में कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर केकेआर की प्रतियों को आग हवाले कर अपना विरोध प्रदर्शन व्यक्त किया है। वक्ताओं का कहना था कि केकेआर ने सोशल मीडिया के ट्विटर हैंडल पर लिखा है कि कौन है बहन जी, बहन जी को बोलो शौचालय साफ करें यही औकात है जैसे शब्दों से अपमानित किया गया है जिससे देश व प्रदेश के बहुजनों में जन आक्रोश है

ऐसी स्थिति में के के आर के बयान पर त्वरित संज्ञान लेते हुए न्याय उचित कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए अन्यथा डॉ.आंबेडकर अधिवक्ता समिति कानपुर कोर्ट वा समस्त बहुजन सामाजिक संगठन विशाल आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# छात्र 15 जुलाई तक करें आवेदन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

मनोविज्ञानशाला उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित डिप्लोमा इन गाइडेंस साइकोलॉजी (डी.जी.पी) प्रवेश पत्र 2024 - 25 के लिए अभ्यर्थी 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। कानपुर मंडल के मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र के मंडलीय मनोवैज्ञानिक नरेश गंगवार ने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट 222.ड्डह्वह्दड्डह्वश्चद्धश्चह्य4ष्द्धश्चह्यश-द्द4ह्वश्च.श्वह्द से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवेदन सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800- 180-5311 पर भी संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# गैंजेस क्लब में हुआ रियल एस्टेट इवेंट का आयोजन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

सी0 बीट्स दुबई तथा शिवांश बिल्डर्स इण्डिया द्वारा गैजेंस क्लब में दुबई हंड्रेड एक्स्पो एक रीयल इस्टेट इवेन्ट का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें दुबई और गोवा की प्रापर्टीस में इन्वेस्टमेन्ट के लिए प्रतिष्ठित ग्राहकों के समक्ष पेश किया गया। इस अवसर पर कानपुर व प्रदेश के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

आयोजन दुबई हंड्रेड एक्स्पो की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रख्यात उद्योगपति व कोआपरेटिव इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर ने अनेक ग्राहकों के साथ समवेत रूप से की।

सी0 बीट्स के स्वामी रिंकू सिसोदिया ने बताया कि इस तरह के एक्स्पो भारत के 23 शहरों में जैसे लखनऊ, पटना, राँची, नागपुर, रायपुर, श्रीनगर व अहमदाबाद आदि में किये जायेंगे।

श्री सिसोदिया के अनुसार जिन प्रापर्टीज में इन्वेस्टमेंट करने के लिए ये आयोजन किये जा रहे हैं। उनमें सभी प्रकार की उच्च स्तरीय आरामदायक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

# मलिन बस्तियों में व्याप्त समस्याओं पर बैठक में किया मंथन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



समाजवादी पार्टी महानगर के बोर्ड समिति के सदस्यों, मलिन बस्तियों के प्रभारीयों की बैठक मंगलवार को शाम 5 बजे सपा कार्यालय में फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुई। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए फ़ज़ल महमूद ने कहा कि महानगर की 425 घोषित/अघोषित मलिन बस्तियों की स्थिति भयावह होती जा रही है चिकित्सा स्वास्थ्य का भीषण अभाव है पूर्व में डूडा द्वारा संचालित स्वास्थ्य केंद्र बंद होने के बाद मलिन बस्तियों में महिलाएं व बच्चे टीकाकरण का मुख्य चिकित्सा से वंचित हैं तथा बढ़ते बुखार पेट की बीमारियों से स्थिति भयावह होती जा रही है। कहा कि 144 मलिन बस्तियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है जिसकी वजह से संक्रामक रोगों का खतरा की आशंका बढ़ने की प्रबल संभावना बढ़ती जा रही है।

सपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह मिंटू यादव ने बकरीद के अवसर पर मस्जिदों के आसपास सफाई की व्यवस्था तथा पानी व बिजली की आपूर्ति की जाए तथा पानी बिजली में रुकावट ना आने पाये।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के.के. शुक्ला, शैलेंद्र यादव मिंटू, संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, हाजी अयूब आलम, इशरत इराकी, आकाश यादव, आसिफ क़ादरी, वरुण जयसवाल, संजय निषाद, सुलेखा यादव, रेखा यादव, के के मिश्रा, अरविंद यादव शामिल रहे।

### अघोषित बिजली कटौती से तंग हुए उपभोक्ता

# 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में जिंदगी हुई दुश्वार

**जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर-अयोध्या**

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में दिनभर बिजली कटौती से लोग तंग आ गए हैं। मंगलवार को पूरा दिन लोगों को बिजली सप्लाई नहीं मिली। 44 डिग्री सेल्सियस के तापमान में लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। लोग अब बिजली वालों से ज्यादा अपने भाग्य को कोस रहे हैं।तमाम उपभोक्ताओं ने बताया कि मिल्कीपुर विधानसभा के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में लगातार बिजली कटौती जारी है। दिन भर बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। जिससे जिन्दगी तबाह हो गई है। बिजली सप्लाई न मिलने से घरों में रखी पानी की टंकी सूख जाती है, मोबाइल स्विच ऑफ हो जाते हैं और सारे इलेक्ट्रिक उपकरण बंद होने से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के ग्राम पाराताजपुर निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि पूरे दिन भर की बिजली कटौती से जिंदगी तबाह हो गई है। बताया कि इस समय धान की बेरन डालने के लिए बिजली सप्लाई की जरूरत है तो जबरदस्ती बिजली सप्लाई बंद कर दी जा रही है। ऐसे में न तो खेती किसानी का काम हो पा रहा है और न ही घर में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को सुकून मिल रहा है। सुल्तानपुर निवासी बुजुर्ग संतराम ने बताया कि लगता है ये बिजली वाले जिंदगी लेकर ही दम लेंगे। इतनी भयंकर गर्मी अब सहन नहीं हो रही है। ऐसे में अब लगता नहीं कि जिंदगी ज्यादा दिन चल पायेगी। वहीं राम प्रताप ने कहा कि जब इलेक्शन होना था तो खूब सप्लाई मिल रही थी। अब



इलेक्शन के बाद 44-45 डिग्री सेल्सियस तापमान में दिन भर बिजली सप्लाई बंद रहती है। आखिर जिंदगी कैसे कटेगी। वहीं घुरेहटा के सुरेश कुमार ने कहा कि इतनी गर्मी और तपन पहले कभी नहीं देखी थी। पहली बार लग रहा है कि गर्मी से जिंदगी के लाले पड़ गए हैं। इसी गांव के सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि धान की बेरन डालने के लिए खेत भरना था लेकिन बिजली न मिलने से सब चौपट हो गया है। नहली के पुरवा के रहने वाले विजय तिवारी ने कहा कि इतनी भयंकर गर्मी में बिजली कटौती जानलेवा साबित हो सकती है। कहा कि लगता है कि यहां से विपक्ष का सासंद बन गया है, इसलिए जानबूझकर जानलेवा गर्मी में लोगों को तड़पाया जा रहा है। वहीं डीह पूरे बीरबल के भाजपा नेता पवन तिवारी ने कहा कि बिजली विभाग वाले जान लेने पर तुले हैं। बिजली सप्लाई न मिलने से जिंदगी पूरी तरह तबाह हो गई है। घर में बच्चे और महिलाएं घुट-घुट कर जिंदगी जीने को मजबूर हैं। बिजली कटौती को लेकर बिजली महकमें के अधिकारियों कर्मचारियों का फोन नहीं रिसीव होता है।

## लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/हैदरगंज- अयोध्या।** गुजरात से कम कर लौटे भाई को साथ लेकर बाइक से आ रहे युवक के साथ बाइक सहित सामान की लूट के मामले में हैदरगंज पुलिस और स्वाट टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी मौके से फरारहो गया। मामला हैदरगंज थाना क्षेत्र के बेला रामबाग के पास की है। जहां पर तीन अपाचे सवार लुटेरों ने दो युवकों के साथ लूट को अंजाम दिया था। मामले में हैदरगंज पुलिस और जिले की स्वाट टीम आरोपियों के पीछे लग गई। थाना क्षेत्र के झागा का पुरवा भोपा डुहिया के पास से लूट कांड के दो आरोपियों अभिषेक दुबे पुत्र रमेश चंद्र दुबे निवासी भोपा डुहिया और ऋतिक तिवारी उर्फ हैप्पी पुत्र संतोष कुमार तिवारी निवासी दिवाकर पट्टी थाना कूरेभार जनपद सुल्तानपुर को टीम ने सोमवार की देर शाम 6:20 पर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से पुलिस टीम ने एक देसी तमंचा 315 बोर 2 जिंदा कारतूस, एक 12 बोर तमंचा व दो जिंदा कारतूस, लूट में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल, ट्रॉली बैग, पिट्ठू बैग, कपड़े सामान व 1000 रुपए, दो मोबाइल सहित सामान बरामद कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्त अभिषेक के विरुद्ध सुल्तानपुर जनपद सहित हैदरगंज थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं।

## चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना, नगदी और 40 लाख कीमत के आभूषण किए पार

**जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर-अयोध्या**



थाना खण्डासा क्षेत्र के इछोई गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया जिसमें नीरज शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, अनूप कुमार शुक्ला के घर से करीब 40 लाख के आभूषण और एक लाख 15 हजार रुपए की नगदी समेत कीमती सामान उठा ले गए। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्डासा थाना क्षेत्र के ग्राम इछोई पूरे पण्डित गांव निवासी नीरज शुक्ला ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर घर में घुसकर लूट किया। कमरे के भीतर पेटी में रखा हार, अंगूठी, चैन, अंगूठी 25000 रूपए नगद आदि सामान लूटकर ले गए रात 3 बजे घटना की जानकारी हुई।इसके बाद चोरों ने पड़ोस के ओम प्रकाश शुक्ला के घर को निशाना बनाया ओम प्रकाश ने बताया कि रात करीब तीन बजे जगने पर देखा कि कमरों में लगे ताले टूटे पड़े हुए थे। पेटी में रखी सोने का झुमकी, सीकड़, अंगूठी, हार, चैन, जिसकी कीमत लगभग 35 लाख थी। घर के अन्य सामान को भी कर उठा ले गए हैं। इसके अलावा चोरों ने गांव के ही अनूप कुमार शुक्ला के घर को भी निशाना बनाया अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि रात में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर कमरों में लगे तालों को तोड़कर पेटी में रखें 90000 रुपए नगद तथा जेवरात में झुमकी, सीकड़ ,अंगूठी समेत अन्य सामान गायब मिला।पीड़िता ने घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए। चोरी की घटना की जानकारी थानाध्यक्ष खण्डासा को दी। मौके पर पहुंची थाना पलिस ने घटनास्थल का बारीकी से जांच पड़ताल किया जांच में निकाल कर सामने आया कि अज्ञात चोर घरों में बल्ली के सहारे घुसे थे। तीनों पेड़ों ने खण्डासा पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। पीड़ितो का कहना है कि पुलिस चौकी खण्डासा प्रभारी सुधीर त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर आए थे गांव से भी एक लोग को पड़कर पूछताछ के लिए ले गए हैं।

## आईटीआई छात्रों के लिए कैरियर काउंसिलिंग संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय द्वारा प्रदेश स्तर पर आईटीआई के छात्रों के लिए ऑनलाइन कॅरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। जिसे जनपद के समस्त आईटीआई संस्थानों में अधिकारियों, कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग में मनोचिकित्सक व विशेषज्ञ डॉ रचना द्वारा अभ्यर्थियों को कॅरियर संबंधी समस्याओं, तनाव व जीवन की अन्य समस्याओं का समाधान करने के लिए मार्गदर्शन किया गया।तथा उपनिदेशक पी.के. पुण्डीर ने अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल की विस्तृत जानकारी देते हुए रजिस्ट्रेशन करने के लिए प्रेरित किया। जिससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सके। उन्होंने बताया कि इस दौरान जनपद स्तर पर राजकीय आईटी आई गौरीगंज में प्रोजेक्टर के माध्यम से काउंसिलिंग का लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, प्रधानाचार्य रूद्रकुमार गौतम, कार्यदेशक अजय कुमार तथा समस्त सेवायोजन एवं आईटीआई स्टाफ ने प्रतिभाग किया।

## अयोध्यावासियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर पुलिस अलर्ट, जाना पड़ सकता है जेल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

फैजाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव परिणाम के बाद सोशल मीडिया पर अयोध्या वालों को लेकर हो रही आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है। आईजी ने साइबर सेल को ऐसे अकाउंट पर नजर रखने के निर्देश दिए। एफआईआर दर्ज की जाएगी। फैजाबाद लोकसभा सीट पर परिणाम को लेकर सोशल मीडिया पर अयोध्यावासियों को लेकर हो रही टिप्पणियों पर पुलिस सतर्क हो गई है। माहौल में खलल डालने के उद्देश्य से आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर केस दर्ज करके जेल भेजने तक के निर्देश दिए गए हैं। लोकसभा चुनाव में



अयोध्या से भाजपा की हार के बाद अयोध्यावासियों को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की आपत्तिजनक टिप्पणियां हो रही हैं। लोग उन्हें गद्दार, धोखेबाज, राम विरोधी जैसे तमाम आपत्तिजनक व अपमानजनक शब्दों से संबोधित कर रहे हैं। इसे लेकर विरोध के स्वर भी उठ रहे हैं। कुछ लोग सोशल मीडिया पर इसकी प्रतिक्रिया दे रहे हैं तो कुछ लोगों ने शिकायत भी दर्ज कराई है। यह गतिविधियां दिन-ब-दिन तेज होती जा रही हैं, जिससे भविष्य में भी जिले का माहौल बिगड़ सकता है। इसे देखते हुए जिले की पुलिस भी अलर्ट हो गई है। अमन-चैन में खलल पैदा करने वालों पर निगाह तेज की गई है। पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर कई सोशल मीडिया अकाउंट को चिह्नित किया गया है। उनकी पोस्ट और उस पर आने वाली टिप्पणियों की निगरानी की जा रही है। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि कुछ अराजक किस्म के लोग आपत्तिजनक पोस्ट करके माहौल बिगाड़ने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। उन्हें चिह्नित करके उनके सोशल मीडिया अकाउंट को खंगाला जा रहा है। कोई भी पोस्ट विधिसम्मत न होने पर संबंधित के खिलाफ केस दर्ज करके कठोर कार्रवाई की जाएगी। कुछ मामलों में शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज भी किया गया है। लोगों से अपील है कि वह शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग करें और किसी तरह के आपत्तिजनक पोस्ट वायरल होने पर शिकायत दर्ज कराएं।

## हे बजरंगबली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण



**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**

ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर श्रद्धालु हनुमान भक्ति में डूबे नजर आए। चहुंओर हे बजरंगबली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण, तेरी शक्ति का क्या कहना जैसे भक्तिगीतों की गूंज सुनाई देती रही। जगह-जगह लगे भंडारों की रौनक देखते ही बनी। भंडारों में प्रसाद बांटने और पाने का जोश देखने लायक रहा।तीसरा बड़ा मंगल उत्सव सरीखा रहा।क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में बजरंग ग्राउंड के प्रेमी गण द्वारा ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर प्रातः संगीतमयी सुंदरकाण्ड पाठ आयोजित किया गया और आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। वहीं इस मौक़े पर प्रधान सेमरौता देवी शरण बाजपेयी व्यवस्थापक अंकित मौर्य एवं शिवा, शिवम्, अनुपम पाठक, बीडीसी, रमन शर्मा आदि प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

## फर्जी दस्तावेज बनवा कर कूट रचित ढंग से जमीन का करवाया गया बैनामा

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के टांडा तहसील के किछौछा नगर पंचायत के बसखारी मखदूम नगर पूर्वी वार्ड नंबर 2 के मोहम्मद तारीक ने बताया कि उसके विपक्षी इमराना खातून पत्नी अफगान खान अफगान खान पुत्र बजहू खान निवासी मखदूम नगर पूर्वी ने गाटा संख्या 429 पर फर्जी दस्तावेज बनवाकर धारा 80 के अंतर्गत अनुसूचित जाति के आशाराम पुत्र राम करन के खतौनी की जमीन को आबादी दर्ज करवा कर जमीन को बैनामा करवा लिया गया मोहम्मद तारिक ने बताया कि धारा 80 में लेखपाल द्वारा 7 जून 2022जों रिपोर्ट लगाईं गई है उस पर गाटा संख्या 431 कों दिखाकर उसकी फोटो फाइल में लगाया गया है और लेखपाल ने उस दौरान अपनी रिपोर्ट में गाटा संख्या 429 पर बाउंड्री वॉल और वाणिज्य उपयोग दिखाया गया है जबकि गाटा संख्या 429 पर उस दौरान खेती हो रहा था वही मोहम्मद तारीक का आरोप है कि लेखपाल



और विपक्षी द्वारा कूट रचित ढंग से दस्तावेज तैयार कर जमीन को धारा 80 के अंतर्गत आबादी दर्ज करवाया गया है और उस जमीन पर हमारे द्वारा उप जिला अधिकारी टांडा के न्यायालय में मुकदमा भी किया गया है उसके बावजूद भी विपक्षी द्वारा अवैध तरीके से अपनी दबंगई एवं भू माफिया गिरी के बल पर जबरदस्ती गोलबंद हो कर जमीन पर कब्जा करने की नीयत से मिट्टी गिरवाया जा रहा है और अवैध निर्माण भी किया जा रहा है वहीं उन्होंने बसखारी थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की

वही इस बारे में उप जिलाधिकारी टांडा मोहन लाल गुप्ता ने बताया कि इस किस प्रकार की कोई जानकारी मुझे नहीं है जांच की जाएगी।

## आगामी गणतंत्र दिवस को दी जाने वाली पद्म-विभूषण, पद्म-भूषण, पद्म श्री उपाधियों हेतु करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को पद्म-विभूषण, पद्म-भूषण तथा पद्मश्री की उपाधियां भारत सरकार द्वारा दी जानी है। भारत सरकार द्वारा उक्त उपाधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है, जिसके फलस्वरूप सम्बन्धित महानुभाव/महानुभावों के बारे में संस्तुतियॉं राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी है। जिला सूचना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि उपाधियों के लिए किए महानुभाव/महानुभावों के नाम प्रस्तावित करने एवं उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में वांछित सूचना ''साइटेशन'' दो प्रतियों में प्रपत्र पर वांछित सूचना के साथ जिला सूचना कार्यालय रायबरेली में उपलब्ध करवाने करवा दें। जिससे कि समेकित की सूचना जिलाधिकारी की संस्तुति सहित 20 जुलाई 2024 तक मूलरूप में उ0प्र0 शासन व निदेशालय (क्षेत्र प्रचार प्रभाग) में उपलब्ध कराई जा सके। अधिक जानकारी के लिए जिला सूचना कार्यालय रायबरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

## भाकियू ने की शारदा सहायक नहर की दोनों पटरियों पर दो-दो लेन सड़क बनवाने की मांग

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल, सचिव अयोध्या प्राधिकरण से मिलकर चौक से इलाहाबाद रोड पर मसौधा तक लग रहे जाम से निदान हेतु ज्ञापन सौंपकर शारदा सहायक नहर की दोनों पटरियों पर दो-दो लेन सड़क बनवाने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सत्येंद्र सिंह सचिव विकास प्राधिकरण से मिला और ज्ञापन सौंपकर मांग किया कि डाभासेमर स्थित शारदा सहायक नहर की दोनों पटरियों पर दो-दो लेन की सड़क बनाकर इलाहाबाद रोड से रायबरेली रोड तक जाने के लिए बाईपास बनाया जाए जिससे जाम की समस्या से छुटकारा पाया जा सके और यह भी मांग किया कि प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित उसरू माइनर की सड़क की चौड़ाई 31 मीटर के बजाय 21 मीटर की जाए 31 मीटर की चौड़ाई में सड़क बनाई जाने से बहुत से लोगों के मकान ध्वस्त हो जाएंगे, घनश्याम वर्मा नेकहा कि यदि 14 कोसी परिक्रमा मार्ग फोरलेन 21 मीटर चौड़ाई में बनाई जा रही है तो उसरू माइनर पर प्रस्तावित सड़क को 21 मीटर की चौड़ाई में बनाकर इलाहाबाद रोड से रायबरेली रोड को जोड़ा जाए। प्रतिनिधिमंडल में देवी प्रसाद वर्मा, रंजीत कोरी, भूपेंद्र कुमार दुबे, संतोष वर्मा शामिल रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जनजागरण हेतु प्रत्येक वर्ष 12 जून, **अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस** घोषित है तथा इस अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन के संबंध में आम जन मानस से अनुरोध है कि किसी भी प्रतिष्ठान व दुकान, जो बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत खतरनाक प्रक्रिया एवं व्यवसाय घोषित हैं। उनमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कार्य पर नहीं रखा जाए ऐसा करना दण्डनीय है जिसमें कारावास एवं आर्थिक दण्ड का प्रावधान है। सहायक श्रमायुक्त आर0एल0 स्वर्णकार द्वारा बताया गया कि श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत ईंट भट्ठो, होटल, डाबों, मजदूर चौक पर एवं निर्माण ठेकेदारों को बाल श्रमिक नहीं रखने तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान संचालकों को बाल श्रमिक नहीं रखने के संबंध में शपथ दिलवाई गई। ईंट भटटों, होटल, ढाबे, मजदूर चौक पर एवं निर्माण ठेकेदारों एवं श्रमिकों बताया गया कि बाल श्रमिक नियोजित करने पर नियोजक/मालिक पर न्यूनतम 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना किया जा सकता है।

## ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगलवार को जगह-जगह भंडारे का आयोजन, भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार का विशेष महत्व होता है। आज तृतीय मंगलवार को पूरे शहर में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों के साथ-साथ गली मोहल्ले और कॉलोनी में भी भंडारे का आयोजन हुआ। ज्येष्ठ माह के मंगलवार का महत्व के चलते भंडारे में आयोजकों ने विभिन्न प्रकार के पकवान प्रसाद के रूप में रखें। कहीं पूड़ी सब्जी का वितरण तो कहीं छोले चावल और कुछ लोगों ने तो आइसक्रीम और खीर के साथ-साथ मिठाई में लड्डू का वितरण भी करवाया। तो कहीं भीषण गर्मी को देखते हुए दिल को सुकून और राहत पहुंचाने के लिए ठंडे शर्बत का भी इंतजाम करवाया। हर तरफ लाउडस्पीकर में हनुमान जी के भजन बजाए जा रहे थे। भंडारे में प्रसाद लेने के लिए भक्तों की लंबी लंबी कतारें देखने को मिली।

## चौहान गुट को फिर मिला 2 लावारिस शवों का दाह संस्कार करवाने का सौभाग्य

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जनपद में एक इकलौता व्यापार मंडल चौहान गुट ही है जो एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। आज ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट एक साथ 2 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करवाने का नेक काम किया। जनपद रायबरेली में अब तक चौहान गुट ने 121 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करवा चुका है। जानकारी के अनुसार दिनांक 07/06/2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित मंदिर के पास एक शव मिला। जिसको लेकर संबंधित थाने की पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु थाना कोतवाली नगर एसआई उपेंद्र सिंह भदौरिया ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही और पोस्टमार्टम के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल मोहित कुमार, पीएनओः 202631617, थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली की मौजूदगी में सम्मान के साथ करवाया गया।

दूसरा जो लावारिश शव का अंतिम संस्कार करवाया गया। तो वहीं दूसरा शव थाना मिल एरिया क्षेत्र के प्रगतिपुरम के साईं मंदिर के पास बीमार अवस्था में मिला जिसको इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रायबरेली ले जाया गया जहां पर परीक्षण के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसको लेकर संबंधित थाने की पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु थाना



मिल एरिया एसआई धर्मेंद्र सिंह ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया।

इसके बाद आवश्यक कार्यवाही और पोस्टमार्टम के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल अश्वनी कुमार, पीएनओः192635468, थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली की मौजूदगी में सम्मान के साथ करवाया गया। चौहान गुट को एक सप्ताह के अंदर 4 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करवाया। जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने कहा की एक सप्ताह में इतने लावारिस शव मिलना चिंता का विषय है। आखिर कैसे इनकी मौतें हो रही और इनकी संख्या तेजी से कैसे बढ़ती जा रही। आपको बता दें कि ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में मिलने वाली लावारिस लाशों का निशुल्क रूप से अंतिम संस्कार करवाता है। लावारिश लाश पुरुष की हो या महिला की, हिंदू की हो या मुसलमान की उसको उसी के धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है चौहान गुट। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो. उमर, प्रदेश सचिव ऋतुराज सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, प्रदेश सचिव हाजी सन्ने, जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, विधिक सलाहकार धीरज तिवारी एडवोकेट, संजय मौर्य धरई व्यापार मंडल, एंबुलेंस चालक दुष्यंत यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## एनएसपीएस त्रिपुला में तृतीय मंगलवार को हुआ प्रसाद वितरण




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भगवान हनुमान की भक्ति के प्रतीक ज्येष्ठ माह के मंगलवार को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित होने वाले प्रसाद वितरण कार्यक्रम के क्रम में एनएसपीएस त्रिपुला शाखा में लगातार तीसरे मंगलवार को विद्यालय अध्यक्ष शिवाकान्त शर्मा के साथ प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने हिन्दू मान्यतानुसार जीवन की सभी बाधाएं दूर करने वाले हनुमान जी की पूजा आचर्ना की, महावीर हनुमान जी की पूजा अचर्ना के बाद भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुरेश सिंह (दानी), प्रेमशंकर, शिव करन पाल, गिरीश चंद्र श्रीवास्तव,अखिलेश शुक्ला, देव शंकर शुक्ला सहित विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । बुधवार । 12 जून 2024



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 43°C | 30°C |
| कानपुर | 44°C | 31°C |
| देहरादून | 40°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 44°C | 31°C |

# 12 बस टर्मिनल कम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण का मार्ग सुनिश्चित करेगी योगी सरकार

- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने शुरू की तैयारी, नागरिक सुविधाओं में इजाफा करने के साथ ही कमर्शियल गतिविधियों से रेवेन्यू बढ़ाने पर फोकस
- आगरा, गोरखपुर, मीरजापुर, बुलंदशहर, गढ़ मुक्तेश्वर, मथुरा, कानपुर सेंट्रल व वाराणसी कैण्ट में नए टर्मिनल्स के निर्माण तथा पुराने बस अड्डों के मेकओवर को मिलेगी गति
- सीएम योगी की मंशा अनुसार 5000 इलेक्ट्रिक बसों को यूपीएसआरटीसी में शामिल किए जाने के कार्य को भी मिली गति



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रखने की दिशा में कार्यरत योगी सरकार ने प्रदेश में नई शक्ति के साथ लंबित परियोजनाओं पर कार्य करना शुरू कर दिया है। इस क्रम में सीएम योगी की मंशा अनुरूप प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और उन्नत व जनसुलभ बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) कार्ययोजनाओं को क्रियान्वित करना शुरू कर दिया है। यूपीएसआरटीसी द्वारा 12 बस टर्मिनल्स के निर्माण, नवीनीकरण तथा उन्हें कमर्शियल कॉम्पलेक्स के रूप में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे आगरा, गोरखपुर, मीरजापुर, बुलंदशहर, गढ़ मुक्तेश्वर, मथुरा, कानपुर सेंट्रल व वाराणसी कैण्ट समेत कई नए टर्मिनल्स के निर्माण तथा पुराने बस अड्डों के मेकओवर को गति मिलेगी। इतना ही नहीं, सीएम योगी की मंशा अनुसार 5000 इलेक्ट्रिक बसों को यूपीएसआरटीसी के बेड़े में शामिल किए जाने के कार्य को भी गति प्रदान की जा रही है। इन सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिए निविदा प्रक्रिया मार्च में ही जारी कर दी गई थी, मगर लोकसभा चुनावों के कारण निविदा प्रक्रिया लंबित हो गई थी जिसे अब दोबारा 14 जून से शुरू कर दिया जाएगा।

### मथुरा में पुराने बस अड्डे का होगा नवीनीकरण

नागरिक सुविधाओं में इजाफा को लक्षित कर योगी सरकार की मंशा के अनुरूप यूपीएसआरटीसी ने 12 बस टर्मिनल कम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण व मेकओवर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में, आगरा के ईदगाह व ट्रांसपोर्ट नगर, गाजियाबाद के साहिबाबाद, गोरखपुर, मीरजापुर, बुलंदशहर, बरेली, गढ़ मुक्तेश्वर, अलीगढ़ के रसूलाबाद, वाराणसी कैण्ट, कानपुर सेंट्रल में 12 बस टर्मिनल कम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण तथा मथुरा में पुराने बस अड्डे के नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन सभी स्थानों पर नागरिक सुविधाओं के विकास के साथ ही इन्हें कमर्शियल स्पेसेस में कन्वर्ट कर इनके जरिए रेवेन्यू जेनरेशन के मॉडल पर भी फोकस किया जा रहा है। इससे न केवल यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा बल्कि यूपीएसआरटीसी की आय बढ़ने में भी मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि यह सभी कार्य उस विस्तृत कार्ययोजना का हिस्सा हैं जिसे सीएम योगी के मार्गदर्शन में निर्मित किया गया था और अब उनकी मंशा अनुरूप ही इस दिशा में कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।

### आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों को भी बेड़े में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू

यूपीएसआरटीसी द्वारा वर्तमान में 5000 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव की प्रक्रिया को लेकर निविदा प्रक्रिया एक बार फिर शुरू की गई है। 14 जून से ये प्रक्रिया शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन सार्वजनिक परिवहन में क्रांति लाने की निगम की योजना के पहले चरण को चिह्नित करती है। राज्य के परिवहन नेटवर्क को विस्तारित करने की दीर्घकालिक रणनीति के तौर पर 50,000 बसों के बेड़े को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की गई है जो कि आगामी वर्षों में पूरा हो जाएगा।

# छात्रावासों के सुदृढ़ीकरण के लिए 2024-25 में 125 करोड़ रूपए खर्च करेगी योगी सरकार

- मानक के अनुरूप बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं से पूर्ण होंगे समाज कल्याण के छात्रावास
- समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश, विभाग द्वारा संचालित 221 छात्रावास होंगे मानक के अनुरूप
- बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना के अंतर्गत प्रदेश में निर्मित होंगे 6 छात्रावास



### 125 करोड़ का किया प्रावधान

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को अग्छी शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री जी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में छात्रावासों के सुदृढ़ीकरण हेतु 125 करोड़ का प्रावधान किया है। मालूम हो कि समाज कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान किए जाने के उद्देश्य से प्रदेश में 221 छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। इनमें आवासीय सुविधा के साथ, फर्नीचर, विद्युत की सुविधा विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रदान की जा रही है। बैठक में प्रमुख सचिव, समाज कल्याण डॉ. हरिओम, सचिव समीर वर्मा, निदेशक कुमार प्रशांत एवं एमडी, अनुगम राधेश्याम उपस्थित रहे।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार बेहतर शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को हर तरह की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त छात्रावासों में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ कर मानक के अनुरूप संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए समस्त छात्रावासों को 2-2 लाख एवं सर्वोदय छात्रावासों को 5-5 लाख की धनराशि समान रूप से प्रदान करते हुए विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकतानुरूप बजट उपलब्ध कराने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं।

### अन्य राज्यों के मापदंडों का हो रहा अध्ययन

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि छात्रावासों के भवन के आधारभूत ढांचे को मजबूत करते हुए उनमें मेस, शौचालय जैसी सुविधाएं मानक के अनुरूप प्रदान की जाएं। साथ ही विभाग अन्य राज्यों द्वारा इसके लिए अपनाए जा रहे मापदंडों का भी अध्ययन कर रहा है जिसके आधार पर चरणबद्ध रूप से सभी छात्रावास मॉडल के रूप में संचालित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित बाबू जगजीवन छात्रावास योजना के अंतर्गत रुपए 3 लाख प्रति छात्र की दर पर प्रदेश को जौनपुर में 1, फिरोजाबाद-3, हाथरस-1, एवं सुल्तानपुर में 1 छात्रावास का भी निर्माण किए जाने की स्वीकृति एवं प्रथम किस्त की धनराशि रुपए 307.50 लाख प्राप्त हुई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभायेगा उच्च शिक्षा विभाग

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उग्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने हेतु विधानसभा स्थित कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने असेवित जनपदों में जहाँ कोई विश्वविद्यालय नहीं है, वहाँ पर नई पॉलिसी तैयार करने के निर्देश दिये है। उन्होंने नये विश्वविद्यालय और महाविद्यालय बनाये जाने पर चर्चा की। भारत के टॉप विश्वविद्यालयों ,विदेशी विश्वविद्यालयों को उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय खोलने के लिए आमंत्रित किया जाय। उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय खोलने में प्रदेश सरकार अनेक सुविधाये एवं सहायता प्रदान की जायेंगी। उत्तर प्रदेश के युवाओं को कहीं और शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर न जाना पड़े। इससे उत्तर प्रदेश के युवाओं को उग्च शिक्षा के लिए अधिक विकल्प मिलेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विदेशी छात्रों के लिए उग्च शिक्षा का हब बनेगा, जिससे विदेशी छात्र भी उत्तर प्रदेश में शिक्षा ग्रहण करने आयेंगे। बैठक में उग्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, प्रमुख सचिव उग्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव नियोजन पुलिकत खरे सहित अधिकारी व डेलॉएट के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

### देश को सच्ची और समर्पित राजनीति चाहिए-प्रियंका गांधी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** अमेठी और रायबरेली समेत यूपी में इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत पर धन्यवाद और आभार व्यक्त करने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी यूपी आई। कांग्रेस पार्टी की जनरल सेक्रेटरी प्रियंका गांधी ने कहा कि अमेठी, रायबरेली और उत्तर प्रदेश के हमारे कार्यकर्ताओं ने बेहद कठिन परिस्थितियों में लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक सेना बनकर, एकजुटता के साथ बहुत मेहनत की। जनता और कार्यकर्ताओं ने पूरे देश में संदेश भेजा है कि देश में एक सग्ची और स?मर्पित राजनीति चाहिए। हम पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ आपकी सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे एक-एक कार्यकर्ता, एक-एक नेता और सबसे ज्यादा अमेठी-रायबरेली समेत प्रदेश की जनता का हृदय से आभार, धन्यवाद है।

### आयुष मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एमओएस डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' आज विधानसभा स्थित कार्यालय में आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग में रिक्त पदों को अविलम्ब भरा जाए। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही कर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने विभाग में पदोन्नति की कार्यवाही प्राथमिकता पर कराये जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने आईजीआरएस के प्रकरणों पर शीघ्रता से निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए ।आयुष मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के आयुष विभाग के अंतर्गत आने वाले आयुर्वेदिक, होम्योपैथ तथा यूनानी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों एवं चिकित्सालयों के नियंत्रण अधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों,कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति का अनुपालन कराया जाए। आयुष विभाग की योजनाओं का लाभ सभी को मिले जिससे कि आयुष विभाग का सम्मान बढ़े। डॉ दयालु ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयुर्वेद के अंतर्गत आने वाले नये अस्पतालों के निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आयुष विभाग के 50 बेडेड अस्पतालों में क्षारसूत्र एमडी चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन किये जाने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। आयुष विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाय, जिससे पर्यटकों इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग के सभी मेडिकल कॉलेजों में देश के विशेषज्ञों को आमंत्रित कर सेमिनॉर का आयोजन कराया जाए, जिससे कि छात्रों को नवीनतम तकनीकी जानकारी का लाभ मिले ।समीक्षा बैठक में आयुष विभाग के महानिदेशक नागेन्द्र प्रताप, निदेशक आयुर्वेद डॉ पीसी सक्सेना, यूनानी निदेशक प्रोफेसर अब्दुल वाहिद सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री से मिला राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमंडल, रखी मांगें

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से पांच कालिदास मार्ग स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर कर्मचारियों की प्रमुख मांगों से अवगत कराया। संयुक्त परिषद के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष जेएन तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दुबे के अलावा संयुक्त परिषद के उपाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ चौरसिया भी थे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने बताया कि संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की। आउट सोर्स कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करने की प्रक्रिया में बिलंब पर नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से बात कर तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। उन संविदा कर्मचारियों को, जिनकी नियुक्ति राज्य सरकार के अधीन विभिन्न कार्यालयों में विज्ञापित पद के सापेक्ष नियमानुसार चयन समिति गठन करके की गई है, के नियमितीकरण पर भी कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया। नई पेंशन योजना में केंद्र सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को उत्तर प्रदेश में लागू करने पर अधिकारियों से बात करके कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए प्रत्येक माह समीक्षा कर समयबद्ध कार्यवाही की जाएगी। महिलाओं की समस्याओं के बारे में भी विचार किया गया। महिला कल्याण एवं एनआरएचएम में कार्यरत संविदा कर्मियों के बारे में अधिकारियों से वार्ता कर कार्यवाही की जाएगी। आशा बहुओं को फिक्स मानदेय दिए जाने पर मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने को कहा। महिलाओं के स्थानांतरण के संबंध में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गंभीर बीमारी से ग्रसित शिक्षकों के बच्चों एवं अन्य विशेष परिस्थितियों मे स्थानांतरण पर विचारकिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपेक्षा की कि कर्मचारी मेहनत, लगन के साथ काम करेंगे। कर्मचारियों की समस्याओं का निदान सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में विलंब भी नहीं होगा। मुलाकात अत्यंत सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में हुई। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने परिषद द्वारा प्रकाशित पत्रिका ÷कहां आ गए हम÷ की प्रति मुख्यमंत्री को भेंट की।

# मनरेगा श्रमिकों को गर्मी व लू-प्रकोप से बचाव के हों पुख्ता प्रबंध: केशव

- प्रचंड गर्मी में श्रमिकों को मनरेगा कार्य में श्रमिकों को राहत प्रदान कर रही सरकार



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा श्रमिकों को गर्मी व लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत के लिए आवश्यक प्रबंध किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास विभाग जनहित के कार्य कर रहा है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि मनरेगा श्रमिकों व कार्यस्थल पर उनके छोटे बच्चों की देखभाल, प्राथमिक चिकित्सा, समुचित छाया, शुद्ध पेयजल आदि की उचित व प्रभावी व्यवस्था मनरेगा गाइडलाइंस व हीट-वेव लू प्रबंधन कार्ययोजना के तहत की जाय। प्रदेश भर में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने संवदेनशीलता बरतते हुए गर्मी की शुरुआत में ही जनपदों को एहतियातन पहले ही पत्र प्रेषित कर दिया गया था। भीषण गर्मी और लू की संभावना के चलते प्रदेश में लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत के लिये हीट-वेव लू प्रबंधन कार्ययोजना -2024 क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत किये जा चुके हैं। मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य के इच्छुक प्रत्येक श्रमिक को मांग के अनुरूप कार्य दिये जाने की प्राथमिकता के साथ-साथ यह भी ध्यान देने की आवश्यकता को बताया गया कि श्रमिकों के लिये कार्य करने का समय, कार्य करने के अनुकूल हो। प्रचंड गर्मी में श्रमिकों को कार्य में सरकार राहत प्रदान कर रही है। तापमान बढ़ने पर संशोधित कार्य समय में काम कराया जा रहा है। आवश्यकतानुसार जनपद स्तर पर टाइमिंग में बदलाव कर कार्य कराया जा रहा है।प्रचंड गर्मी,व लू प्रकोप से बचाव एवं राहत के लिये मनरेगा योजना के अतंर्गत कार्य करने वाले श्रमिकों के कार्य समय में यथोचित संशोधन के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी किये गये। पूर्व में भी निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि कार्य-समय में संशोधन अर्थात दिन के समय तापमान में वृद्धि होने की स्थित में मनरेगा श्रमिकों के कार्य समय को प्रातः 6 से 11 बजे तक एवं सायं 3 से 6 बजे तक संशोधित किया जा सकता है। समय का निर्धारण जनपद स्तर पर स्थानीय तापमान के अनुसार कर सकते हैं।

# जल शक्ति मंत्री ने समीक्षा बैठक कर विभागीय अधिकारियों को दिये निर्देश

- निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाएं 20 जून तक हर हाल में पूर्ण कर ली जायें: स्वतंत्र देव
- परियोजनाओं की गुणवत्ता की जिम्मेदारी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता की

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया की समस्त निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाएं 20 जून तक हर हाल में पूर्ण करा ली जाए। परियोजनाओं की गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता की होगी, क्षेत्रीय मुख्य अभियंता अनिवार्य रूप से अपने क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण जरूर करें। वो स्वयं परियोजनाओं स्थलीय निरीक्षण करेंगे और यदि किसी प्रकार की खामी पाई जाती है तो संबंधित मुख्य अभियंता की जवाबदेही तय की जाएगी। उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह निर्देश आज यहां उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बाढ़ पूर्व तैयारियों तथा अन्य विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक में दिया। श्री स्वतंत्र देव सिंह ने इस अवसर पर कहा कि बाढ़ के प्रति समेकित दृष्टिकोण अपनाते हुए संभावित बाढ़ आपदा से निपटने के लिए सजग, तत्पर एवं कृत संकल्पित रहें। स्वतंत्र देव सिंह ने समीक्षा बैठक में विभाग के रिक्त पदों की जानकारी ली और विभागाध्यक्ष को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द विभाग के रिक्त पदों को भरे जाने की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश दिया की स्थानांतरण नीति के अनुसार समय से स्थानांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाय। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि 03 वर्ष से अधिक समय से एक ही जिले या पटल पर कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण या पटल परिवर्तन अनिवार्य रूप से किया जाए और स्थानांतरण हो जाने के उपरांत किसी भी दशा में स्थानांतरण आदेश में संशोधन नहीं होना चाहिए। अति संवेदनशील तटबंधों पर निगरानी हेतु नामित अधिकारी एवं कर्मचारी सतत निगरानी करते रहें। बाढ़ अवधि में बाढ़ सूचनाओं के संकलन एवं संप्रेषण हेतु लखनऊ में स्थापित केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष तथा विभिन्न जनपदों में स्थापित समस्त बाढ़ नियंत्रण कक्षों को आगामी 15 जून से संपूर्ण बाढ़ अवधि में सतत रूप से क्रियाशील रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के जलप्लावन को न्यूनतम करने हेतु ड्रेनों वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4020 ड्रेनों की सफ़ाई करानी है जिनकी कुल लंबाई 15585 किलोमीटर है की सफाई का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि कृषकों को सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जाना आपका प्रमुख कर्तव्य होना चाहिए। अन्नदाता किसानों की परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर सेवा करें। विभागीय अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक में बाढ़ संबंधी प्रस्तुतीकरण में अवगत कराया गया कि बाढ़ से सुरक्षा प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की 57वीं एवं 58वीं बैठक में अनुमोदित प्रदेश के 48 जनपदों की कुल 281 बाढ़ सुरक्षात्मक परियोजनाएं तथा पूर्व चलित 57 बाढ़ परियोजनाओं को आगामी 20 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

# निकायों में जलभराव व संचारी रोगों की रोकथाम के लिए उठायें प्रभावी कदम

- मानसून से पहले नाले-नालियों की सफाई करायें निकाय-शर्मा
- शहरों से पानी निकालने के लिए दुरूस्त हो पम्पिंग की व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निकायों में जलभराव न होने तथा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए निर्देशित किया है कि निकाय मानसून का मौसम आने से पहले ही नाले-नालियों की पूर्णतः सफाई करायें, इसमें उगी झाड़ियों, सिल्ट आदि की सफाई में मशीन और मैनपॉवर का अधिकतम प्रयोग करें। प्रदेश के निकायों का नेशनल व ग्लोबल बेंच मार्किंग में स्थान हो। विकास कार्यों, व्यवस्थापन व सुंदरीकरण के कार्यों में गुणात्मक सुधार किया जाए। इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाकर निकायों की साफ-सफाई में और सुधार किया जाए। नगर विकास मंत्री मंगलवार को जल निगम के फील्ड हास्टल संगम में वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से नगर विकास के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। नगर आयुक्तों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों के लिए भेजी गयी धनराशि का समय से सदुपयोग करें। बरसात में निकायों में जलभराव न हो, नाले-नालियों की सफाई समय से करायें। शहरों से पानी निकालने के लिए पम्पिंग की व्यवस्था दुरूस्त हो, सभी पम्प चालू हालात में हो, इसकी पहले से ही मॉनीटरिंग कर ली जाए। निकायों में साफ-सफाई के कार्यों में सुधार हुआ है लेकिन इसमें अभी और बेहतर करने की आवश्यकता है, इसके लिए जो भी इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत हो, उसका उपयोग करें। हमें इस बार लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, गाजियाबाद आदि बड़े शहरां में साफ-सफाई, व्यवस्थापन एवं सुंदरीकरण के कार्यों में विशेष ध्यान देना है। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करें। अभी भी हीटवेब और भीषण गर्मी का मौसम है, निकायों में कहीं पर भी पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए निकायों में लगे वाटर एटीएम को पूर्णतः चालू हालात में रहे। साफ-सफाई को बेहतर करने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर विशेष ध्यान दें। घरों तथा कामर्शियल जगहों पर डस्टबिन का प्रयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। शहरों में कहीं पर भी कूड़े का ढ़ेर नहीं दिखना चाहिए। सभी गार्वेज वाल्नरेबल प्वाइंट्स जीवीपीज को समाप्त करें। ऐसी जगहों का सुशोभन व सुंदरीकरण करके उपयोगी बनायें। चौराहो, पार्कों का भी सुंदरीकरण और व्यवस्थापन करायें। शहरों के वेडिंग जोन की व्यवस्था का भी ख्याल रखें, जिससे कि वेंडर और ग्राहक दोनों को अच्छा लगे। हमें हर हाल में शहर में जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। उन्होंने शहरी व्यवस्था में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिये। कहा कि कान्हा गौशालाओं पर पशुओं के लिए चारे पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो। निकायों में अवारा कुत्ते लोगों के लिए मुसीबत न बने।

**बेदखली सूचना**

मैं अपने बड़े पुत्र प्रमोद कुमार राठौर व उसकी पत्नी श्रीमती सीमा को उनके गलत चाल-चलन व व्यवहार से परेशान होकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ।

आज दिनांक से इनके किसी भी कृत्य से मैं व मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

हस्ताक्षर

सुरेश कुमार राठौर
पुत्र श्री बाबूलाल राठौर
निवासी- सरवन नगर, बिजनौर,
जनपद-लखनऊ।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को निगलते रासायनिक उर्वरक

**पोषक तत्व-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल उर्वरकों के उपयोग को बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए अनुसंधान और विकास निवेश करें। पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव को कम करने वाले विकल्पों की जांच करना इसका हिस्सा है। उर्वरक सब्सिडी नीतियों में सुधार करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कुशल और पारदर्शी हों और अति प्रयोग को प्रोत्साहित न करें। पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी प्रणाली की ओर बढ़ने पर विचार करें जो सामान्य उर्वरकों के बजाय विशिष्ट पोषक तत्वों के अनुप्रयोग का समर्थन करने पर केंद्रित है।**

*उर्वरक भारत में कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आदानों में से एक है। कुल उर्वरक खपत के मामले में भारत दुनिया में दूसरे और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन सार्क देशों में पहले स्थान पर है। उर्वरक वितरण और उपयोग से संबंधित सरकारी नीतियों में बदलाव ने पोषक तत्व उपयोग अनुपात को काफी प्रभावित किया है। उर्वरक पोषक तत्वों का अत्यधिक उपयोग या दुरुपयोग या असंतुलित उपयोग पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। असंतुलित उर्वरक उपयोग के मिश्रित हानिकारक प्रभाव न केवल मिट्टी और वायुमंडलीय प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं, बल्कि जल निकायों यूट्रोफिकेशन को भी प्रभावित कर रहे हैं और जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण प्रदूषण होता है क्योंकि उनकी अवशिष्ट और अप्रयुक्त मात्रा हवा, पानी और मिट्टी के लिए प्रदूषक बन जाएगी। यह जल निकायों में यूट्रोफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू करता है, जिससे मिट्टी के माइक्रोफ्लोरा को मारकर मिट्टी की गुणवत्ता कम हो जाती है, आदि। उर्वरकों के अधिक प्रयोग से मिट्टी की अम्लता भी बढ़ती है। उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को भी परेशान करता है जो अंततः मिट्टी की उत्पादकता को बाधित करता है। रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छुपे खतरे भी हैं। चाहे खेत में या लॉन में उपयोग किया जाए, पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जितना उपयोग किया जा सकता है उससे अधिक लगाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान होता है। चूँकि रासायनिक उर्वरकों से होने वाली क्षति अक्सर दीर्घकालिक और संचयी होती है, इसलिए मिट्टी को उर्वरित करने के वैकल्पिक और टिकाऊ तरीकों पर विचार करना बुद्धिमानी हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पर्यावरण संबंधी समस्याएं खराब हैं, और उन्हें हल करने में कई साल लगेंगे। हालाँकि, रासायनिक उर्वरकों से एक तात्कालिक चिंता मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। कम से कम, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करके उत्पादित खाद्य फसलें उतनी पौष्टिक नहीं हो सकती हैं जितनी होनी चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि रासायनिक उर्वरक पौधों के स्वास्थ्य के लिए तेजी से विकास करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी फसलें होती हैं जिनका पोषण मूल्य कम होता है । पौधे एनपीके से थोड़े अधिक पर बढ़ेंगे, लेकिन उनमें कैल्शियम, जिंक और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्व नहीं होंगे या कम विकसित होंगे। इसका उपभोग करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। सबसे खराब स्थिति में, रासायनिक उर्वरक वयस्कों और बच्चों में कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं और भ्रूण के मस्तिष्क के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। वर्तमान में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए उर्वरक के उपयोग में संतुलन की आवश्यकता महती आवश्यकता है। किसानों को उर्वरकों के उपयोग की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करें, जिसमें सही मात्रा, समय और उपयोग की तकनीकें शामिल हैं। जो किसान अधिक ज्ञान प्राप्त करेंगे वे निर्णय लेने में बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे। लक्षित सब्सिडी कार्यक्रमों को लागू करें जो छोटे और हाशिए पर रहने वाले किसानों को समर्थन देने पर केंद्रित हों जो वित्तीय बाधाओं का सामना कर रहें हैं। यह सुनिश्चित करता है कि सब्सिडी उन लोगों को दी जाए जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**संविधान बदलने की लल्लू सिंह की बात को ही इंडिया गठबंधन के नेताओं ने पकड़ लिया और भाजपा के खिलाफ जनमत खड़ा करने में इसे अचूक हथियार के रूप में प्रयोग किया, अयोध्या के लिए अपनी योजनाओं के बारे में सपा के विजयी उम्मीदवार अवधेश प्रसाद कहते हैं, भाजपा सरकार ने (मंदिर तक जाने वाली सड़कों के चौड़ीकरण के काम के दौरान) बहुत से लोगों को उजाड़ दिया है, मैं उन्हें फिर से बसाने का काम करूंगा, मैं उन लोगों को उचित मुआवजा दिलाने का भी काम करूंगा जिनकी जमीनें छीन ली गई है। अब देखना है कि अयोध्या में अवधेश किस तरह भगवा दल से बड़ी लकीर खींच पाते हैं?**

# 'मथुरा न काशी, अबकी बार अवधेश पासी'



इन्द्र दमन तिवारी

**राम पथ पर मूर्तियों की दुकान चलाने वाले दुकानदार कहते हैं कि पूर्व भाजपा सांसद और उम्मीदवार लल्लू सिंह के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर थी, उन्होंने अयोध्या के लोगों के लिए कोई काम नहीं किया, जो भी काम किया वह बाहरी लोगों के लिए था। भाजपा अयोध्या के लोगों के लिए काम करना भूल गई, अयोध्या के ही दलित जाति से आने वाले लोगों का कहना था कि लल्लू सिंह ने पूरे अहंकार से कहा था कि संविधान बदलने के लिए भाजपा को 400 सीटों की जरूरत है।**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का चुनाव प्रचार खत्म होने के कुछ घंटे पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव फैजाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे, रुदौली विधानसभा क्षेत्र के मवई चौराहे पर आयोजित जनसभा को संबोधित करने के दौरान पार्टी के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का परिचय कराते हुए सपा मुखिया के मुंह से अचानक पूर्व विधायक निकल गया, उनके ठीक बगल में खड़े अवधेश प्रसाद ने अखिलेश को तत्काल टोकते हुए कहा, अरे हम विधायक हैं। इसके फ़ौरन बाद अखिलेश ने सफाई देते हुए कहा, आप अब सांसद बनने जा रहे हो, इसलिए पूर्व विधायक कहा, इस पर मंच पर बैठे नेतागण मुस्कुराने लगे और युवा नारेबाज़ी करने लगे थे। नारेबाज़ी को रोकते हुए अखिलेश ने कहा कि अब सांसद बनाने की जिम्मेदारी आपकी है, जुबान खाली मत जाने देना। 4 जून को अखिलेश यादव की बात सच साबित हुई, 4 जून को जब फैज़ाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव नतीजे आए तो सपा के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद ने भाजपा को 54 हजार पांच सौ 67 मतों से पराजित कर दिया, अयोध्याजी को समाहित करने वाली फैज़ाबाद संसदीय सीट पर भाजपा के लल्लू सिंह हैट्रिक नहीं बना सके। लल्लू 2014 और 2019 में भाजपा से सांसद चुने गए थे, लेकिन इस बार उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा, संसदीय इतिहास में यह दूसरा अवसर है, जब सपा ने फैज़ाबाद लोकसभा सीट पर विजय प्राप्त की है, अवधेश से पहले 1998 में फैज़ाबाद के दिग्गज नेता रहे मित्रसेन यादव ने सपा से विजय प्राप्त की थी, अवधेश प्रसाद को पांच लाख 54 हजार 289 मत और भाजपा के लल्लू सिंह को चार लाख 99 हजार 722 मत प्राप्त हुए। अवधेश प्रसाद छह बार राज्य सरकार में मंत्री रह चुके हैं, उनकी गिनती सपा के अनुभवी नेताओं में होती है। अवधेश प्रसाद नौवीं बार विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, सात बार वे सोहावल (सुरक्षित) विधानसभा सीट और दूसरी बार मिल्कीपुर (सुरक्षित) सीट से निर्वाचित हैं, पहली बार वह सांसद चुने गए हैं। चुनाव के दौरान सपा का एक नारा खूब चर्चा में रहा, मथुरा न काशी, अबकी बार अवधेश पासी, इस नारे के बदौलत सपा ने एक साथ कई समीकरण साधे, इसने पूरी चुनावी बाज़ी ही पलट कर रख दी। स्थानीय लोग कहते हैं कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सामान्य श्रेणी की फैज़ाबाद लोकसभा सीट पर दलित उम्मीदवार उतारकर एक मास्टर स्ट्रोक खेला था। इसके बाद मथुरा न काशी, अबकी बार अवधेश पासी नारा फैज़ाबाद लोकसभा सीट पर मौजूद दलित बिरादरी को छू गया। सबसे ज्यादा लाभ अवधेश प्रसाद के पासी (रावत) बिरादरी के होने के संदेश का रहा, जो कि पूरी तरह काम कर गया, सपा के मूल यादव, मुस्लिम मतों के साथ दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग के मत मिले तो पहली बार में ही अवधेश पासी संसद पहुंच गए। अखिलेश के इस अनोखे प्रयोग ने भगवा गढ़ में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को परास्त कर सपा के 25 वर्ष से चल रहे जीत के इंतजार के सूखे को दूर कर दिया, अवधेश प्रसाद पासी बिरादरी से आते हैं, पिछले कई चुनाव से यह बिरादरी भाजपा के पक्ष में खड़ी होती रही है। हालांकि सपा के सामने स्वजातीय यादव मतों में बिखराव रोकने की कठिन चुनौती भी थी, सामान्य सीट से अवधेश प्रसाद को प्रत्याशी बनाने से अखिलेश के चयन को लेकर पार्टी में कानाफूसी भी खूब हुई, नाराज़ पूर्व मंत्री आनंदसेन ने अवधेश प्रसाद के चुनाव प्रचार से ही दूरी नहीं बनाई बल्कि अखिलेश यादव की मवई व मिल्कीपुर की सभाओं में भी हिस्सा नहीं लिया। आनंदसेन के बड़े भाई अरविंदसेन अपने पिता मित्रसेन यादव की विरासत पाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे, माना जा रहा था कि यादव मतों में सेंध लगाने से वह सपा का खेल बिगाड़ सकते हैं लेकिन अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल यादव को मिल्कीपुर में सक्रिय कर यादव मतों में बिखराव को पूरी तरह रोक दिया, नतीज़ा अरविंद सेन यादव 20,000 वोट भी नहीं हासिल कर सके और सपा को कोई ख़ास नुकसान नहीं हुआ, इस तरह वह सीट जिसपर सबकी नजरें गड़ी थीं वहां सबसे बड़े उलटफेर की नींव पड़ गई थी। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में फैज़ाबाद लोकसभा सीट के तहत आने वाले पांच विधानसभा सीटों में से दो समाजवादी पार्टी ने जीती थीं, जिसमें एक अवधेश प्रसाद भी थे, जो इस बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। पार्टी के दूसरे विधायक अभय सिंह पार्टी से दूरी बढ़ा कर अघोषित तौर पर भाजपा के पाले में खड़े हो गए थे, अयोध्या ही एक ऐसी विधानसभा सीट रही जिसमें भाजपा प्रत्याशी इंडिया गठबंधन के मुकाबले 46 सौ मत से आगे रहे। भगवा गढ़ की यह बढ़त भी भाजपा को प्रतिष्ठापूर्ण सीट पर जीत नहीं दिला सकी, अवधेश के सपा उम्मीदवार बनते ही पासी बिरादरी अपने स्वजातीय उम्मीदवार के लिए एकजुट होने लगी थी, यही वजह रही कि अयोध्या विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर संसदीय सीट की अन्य सभी विधानसभा सीटों मिल्कीपुर, बीकापुर, रुदौली व बाराबंकी जिले को दरियावाद सीट पर सपा को भाजपा से बढ़त मिली। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के चार महीने बार रामनगरी को समाहित करने वाली इस लोकसभा सीट पर भगवा खेमे की हार ने सबको चौंका दिया है, वह भी तब जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलितों को सकारात्मक संदेश देने का पूरा जतन किया गया था। अयोध्या के स्थानीय भाजपा नेता बताते हैं कि हमने वास्तव में कड़ी मेहनत की, हमने राम मंदिर लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन राम मंदिर का अभिषेक वोटों में परिवर्तित नहीं हुआ, इसकी वजह क्या रही? इस प्रश्न का जवाब अयोध्या में लता मंगेशकर चौराहे पर चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाले दुकानदार देते हैं, वे कहते हैं, सच तो यह है कि बहुत कम अयोध्यावासी मंदिर जाते हैं, यहां के अधिकांश भक्त बाहरी लोग हैं। राम हमारे आराध्य हैं लेकिन अगर आप हमारी आजीविका छीन लेंगे तो हम कैसे जीवित रहेंगे? राम पथ के निर्माण के दौरान, स्थानीय लोगों से वादा किया गया था कि उन्हें दुकानें आवंटित की जाएंगी पर ऐसा नहीं हुआ। इनके अनुसार राम मंदिर की भव्यता ने बाहरी लोगों को प्रभावित किया है, लेकिन शहर के निवासी यहां होने वाली असुविधा से नाखुश थे, विजय कहते हैं, राम पथ समेत कई मार्गों पर पहले हम लोग बिना रोकटोक जाते थे अब यहां जगह जगह बैरियर लगा दिए गए हैं, बच्चों को स्कूल तक आने जाने में काफ़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नाराज़गी तब और बढ़ गई है जब प्रशासन समस्या का समाधान करने की बजाय हम लोगों को ही धमकाने लगता है।



**अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के चार महीने बार रामनगरी को समाहित करने वाली इस लोकसभा सीट पर भगवा खेमे की हार ने सबको चौंका दिया है, वह भी तब जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलितों को सकारात्मक संदेश देने का पूरा जतन किया गया था**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्टी 19:17 तक |
| नक्षत्र: | मघा 26:12 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | बुधवार |
| योग: | हर्षण, 17:15 |
| सूर्योदय: | 05:24 |
| सूर्यास्त: | 19:17 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 12:21-14:05 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्त: | अभिजीत नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# यूरिक एसिड कम करने के लिए रामबाण है मोरिंगा पाउडर



**यूरिक** एसिड का बढ़ना शरीर में गाउट जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। यह एक ऐसा रोग है जो जोड़ों में अचानक तेज दर्द, सूजन और लालिमा पैदा करता है। हाई यूरिक एसिड की समस्या ज्यादातर लोगों में खानपान से जुड़ी गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के कारण होती है। यूरिक एसिड बढ़ने पर जोड़ों में दर्द, सूजन और गठिया जैसी हड्डियों से जुड़ी समस्याओं का खतरा रहता है। यूरिक एसिड शरीर में बनने वाला एक तरह का अपशिष्ट पदार्थ है। इसे किडनी द्वारा फिल्टर करके बाहर निकाला जाता है। सहजन का पेड़, जिसे मोरिंगा के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसा पौधा है जिसके विभिन्न भागों को औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। मोरिंगा की पत्तियों को सुखाकर पीसा जाता है, जिससे मोरिंगा पाउडर बनता है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷मोरिंगा पाउडर विटामिन, मिनरल, एंटीऑक्सीडेंट और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है। हाई यूरिक एसिड मे इसका सेवन करने से बहुत फायदा मिलता है।

**सूजनरोधी गुण:** मोरिंगा पाउडर में एंटीऑक्सीडेंट और सूजन कम करने वाले गुण पाए जाते हैं। ये गुण शरीर में सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं, जो गाउट के लक्षणों को कम करने में सहायक हो सकता है।

**किडनी फंक्शन में सुधार:** मोरिंगा पाउडर गुर्दे के कार्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। स्वस्थ गुर्दे शरीर से अतिरिक्त यूरिक एसिड को बाहर निकालने में अधिक कुशल होते हैं।

**ब्लड शुगर को नियंत्रित करना:** कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि मोरिंगा पाउडर रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। अनियंत्रित रक्त शर्करा का स्तर यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ा सकता है। इसलिए, मोरिंगा पाउडर रक्त शुकरा को नियंत्रित कर परोक्ष रूप से यूरिक एसिड को कम करने में मदद कर सकता है।

**वजन प्रबंधन:** मोरिंगा पाउडर वजन प्रबंधन में सहायक हो सकता है। अधिक वजन या मोटापा यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ा सकता है। स्वस्थ वजन बनाए रखने से यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। यूरिक एसिड बढ़ने के कारण न सिर्फ हड्डियों और जोड़ों को नुकसान पहुंचता है, बल्कि इसकी वजह से हार्ट, किडनी, लिवर समेत कई अंगों से जुड़ी बीमारियों का खतरा रहता है। इन बीमारियों से बचने के लिए आपको शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा कंट्रोल में रखनी चाहिए।

### एक्सप्रेस विशेष

# मोदी सरकार यानि बेर-केर का साथ



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**जाहिर सी बात है वह इस सबके लिए अपने 16 सांसदों के जरिए प्रधानमंत्री मोदी पर दबाव बनाएंगे और अगर प्रधानमंत्री मोदी को अपनी सरकार चलाना है तो कमोबेश यह बातें माननी ही पड़ेगी। अब हम आते हैं एनडीए के दूसरे सहयोगी जनता दल यूनाइटेड के बारे में।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा कर देने की घोषणा काफी पहले की थी अब देखना यह है कि वह इसे कैसे पूरा करते हैं। वैसे मेरे विचार से जाति, धर्म, वर्ग, भाषा तथा संप्रदाय की राजनीति को किनारे करके तथा कथित तौर पर अलगाव तथा बांटने वाले मुद्दों से उचित दूरी बनाकर ही सरकार विकास के एजेंडे को पूरा कर सकती है।**

**आज** हम लेख का प्रारंभ कर रहे हैं रहीम दास के एक दोहे से- कह रहीम कैसे निभे बेर केर को संग, डोलत रस आपने उनके फाटत अंग। यानि दुर्जन और सज्जन यदि एक साथ रहते हैं तो नुकसान सदैव सज्जन का होता है । दुर्जन का नहीं। यह बात मोदी जी के मंत्रिमंडल पर इस वक्त बिलकुल सटीक बैठ रही है जैसा कि आप सब जानते हैं कल यानि रविवार की शाम को श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शपथ ली है। मैं अपनी बात आगे बढ़ाऊ उससे पहले मोदी जी के मंत्रिमंडल को स्वयं अपनी ओर से यू0पी0 ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष की हैसियत से बधाई और शुभकामनाएं व्यक्त करता हूं और आशा व्यक्त करता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी और उनका संपूर्ण मंत्रिमंडल अनुराग और द्वेष के बिना भारत के नागरिको के कल्याण के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी जी यकीनन बधाई के पात्र हैं क्योंकि उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की ही तरह तीसरी बार देश की सत्ता संभालने का अवसर मिला है। अब हम आते हैं उसे पॉइंट पर यानि बेर केर का संग। मतलब साफ है इस बार प्रधानमंत्री अपनी मनमर्जी के पूरी तरह से मालिक नहीं है इसलिए उन्हें तमाम ऐसे निर्णय लेने से पहले सौ बार सोचना होगा और समझना होगा क्योंकि जिन बैसाखियों के सहारे वे सरकार चलाएंगे उनके अपने भी रिजर्वेशन है, उनके अपने भी एजेंडे हैं, उनके अपने भी वोट बैंक हैं, उनके अपने भी कमिटमेंट है, उनके अपने राज्य की स्थितियां हैं। इसलिए जैसे ही केर या केला का पत्ता मस्ती में हवा के संग झूमने का प्रयास करेगा बेर का पेड़ अपनी आदत के अनुसार उसमें काटा चुभायेगा ही। अब हम बात करते हैं सबसे पहले मोदी सरकार के सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी की। चुनाव के समय अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी करते हुए चंद्रबाबू नायडू ने कहा था हम मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देंगे तथा राज्य के प्रत्येक मस्जिद को रखरखाव के लिए हर महीने पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। अब इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के मुस्लिम आरक्षण और तुष्टीकरण वाली बातों को याद कीजिए दोनों बातें एक दूसरे के विपरीत हैं। फिर कैसे निभेगा का बेर- केर का संग । इसके अलावा भाजपा के उस समय के गृहमंत्री अमित शाह ने जोर देकर कहा था कि समान नागरिक संहिता जरूर लागू होगी। जबकि चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी इसका विरोध करती आयी है। इतना ही नहीं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू राजधानी अमरावती को जिस तरह से सजाना- संवारना चाहते हैं उसके लिए उन्हें साढे तीन लाख करोड रुपए भी चाहिए । वे कहां से आएंगे? किसकी जेब से निकाले जाएंगे क्योंकि हम सब जानते हैं कि आंध्र प्रदेश की माली हैसियत इस तरह की नहीं है जिससे वह इतना बड़ा खर्चा उठा सके क्योंकि उस राज्य पर पहले से ही सबसे ज्यादा कर्ज है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू अपने राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह डेढ़ हजार का भत्ता, निःशुल्क बस यात्रा तथा बेरोजगारों को तीन तीन हजार रुपये हर महीने देने का वायदा भी कर चुके हैं। तो यह सब आएगा कहां से? जाहिर सी बात है वह इस सबके लिए अपने 16 सांसदों के जरिए प्रधानमंत्री मोदी पर दबाव बनाएंगे और अगर प्रधानमंत्री मोदी को अपनी सरकार चलाना है तो कमोबेश यह बातें माननी ही पड़ेगी। अब हम आते हैं एनडीए के दूसरे सहयोगी जनता दल यूनाइटेड के बारे में। हम सब जानते हैं कि जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार पिछले 10 वर्षों में दो बार एनडीए को गोली दे चुके हैं वर्ष 2013 में तो उन्होंने खुले आम नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने का विरोध किया था। अब उनके साथ अपना साथ कैसे निभा पायेंगे? यह यक्ष प्रश्न है। इसके अलावा समान नागरिक कानून और अग्निवीर जैसी योजनाओं के भी वे प्रबल विरोधी हैं । ऐसे में बेर केर का यह साथ कितने दिनों तक साथ चलेगा? कहां नहीं जा सकता। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू की ही तरह उन्हें भी अपने बीमारू राज्य बिहार के लिए विशेष पैकेज भी चाहिए। कल्पना कीजिए यह सारा पैसा आएगा कहां से? वैसे भी इस चुनाव में मध्यम वर्ग तथा निम्न मध्यम वर्ग जो बड़े पैमाने पर टैक्स पेयर है और सबसे ज्यादा परेशान भी है। भाजपा के खिलाफ था। क्या उसी के ऊपर फिर टैक्स लादा जाएगा, कीमतें बढ़ाई जाएगी? स्वाभाविक सी बात है कि महंगाई आसमान छुयेगी। उस समय की अटल बिहारी वाजपेई की सरकार का उदाहरण हम सबके सामने हैं किस तरह उन्होंने तीन दर्जन सहयोगियों को न केवल झेला था बल्कि हर दम दबाव में रहे थे। क्या इस तरह का दबाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झेल पाएंगे? वे 13 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और 10 वर्षों से प्रधानमंत्री हैं उन्हें अभी तक दबाव की राजनीति को बर्दाश्त नहीं करना पड़ा। जंगल में बिचरते शेर की तरह उन्होंने सरकार चलाई। अब क्या वह पिंजरे में बंद रहकर देशवासियों के लिए कुछ खास कर पाएंगे।

# फर्जी इंस्पेक्टर गिरफ्तार : खुद को पुलिस अधिकारी बताने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

- जालसाज ने कई लोगों से कीमती सामान भी लिया था जो पीड़ितों को लौटा दिया गया
- किसी को शक न हो, इसलिए उसने दो हाइब्रिड कुत्ते और सिक्योरिटी गार्ड भी घर पर तैनात कर रखे थे

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** महेवागंज क्षेत्र में खुद को क्राइम इंस्पेक्टर बताकर कई लोगों से लाखों रुपये ऐंठने वाले शातिर ठग को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नकदी के मामले में पुलिस कुछ नहीं बता पाई।इससे कई लोगों की रकम डूबती दिख रही। पुलिस के मुताबिक जौनपुर के बदलापुर निवासी राना प्रताप सिंह का वर्तमान पता- डाक्टर सुरेन्द्र पाल वर्मा के किराए के मकान महेवागंज चौकी क्षेत्र के बालूडीहा में पिछले कुछ महीने से किराए के मकान पर रह रहा था। आरोप है कि जालसाज खुद पुलिस की वर्दी पहनकर बोलेरो से जिले में घूमता था। खुद को क्राइम इंस्पेक्टर बताकर लोगों पर रौब गांठता था। दुकानों से वसूला कीमती सामान जान पहचान बनाकर उसने दुकानदारों से एसी, बेड, गद्दे, टंकी, एलईडी, फ्रिज, कूलर व अन्य घरेलू सामान हथिया लिया। नौकरी और परिजन की बीमारी का बहाना बताकर कई लोगों से लाखों रुपये भी ठग लिए। करीब सप्ताह भर पहले पीड़ितों को संदेह होने पर उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। धीरे धीरे कई पीड़ित सामने आने लगे। किसी तरह आरोपी को इसकी भनक लग गई। वह घर पर दो महिलाओं को छोड़ मौके से खिसक लिया।पुलिस दो दिन तक खाक छानती रही। सोमवार को पुलिस ने सैधरी बाईपास मोड़ से गिरफ्तार किया गया,कथित क्राइम इंस्पेक्टर बार-बार बदलता रहा नाम और पता राणा प्रताप बड़ा शातिर दिमाग निकला। पकड़े जाने पर उससे नाम पता पूछने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जौनपुर, कानपुर, लखनऊ के पते बताता रहा और बयान बदलता रहा। उसके साथ रही महिला ने भी पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ तो उसने अपना आधार दिखाया।कोतवाली सदर जनपद खीरी को एक अदद पुलिस निरीक्षक खाकी वर्दी सेट व एक पर्स, मोबाइल, सिम कार्ड, दो आधार कार्ड,दो पेन कार्ड,एक उत्तर प्रदेश पुलिस पहचान पत्र व एक डेबिट कार्ड के साथ जिसके संबंध में कोतवाली सदर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। अभीयुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व उप निरीक्षक राहुल सिंह, कांस्टेबल शुभम राठी, कांस्टेबल गौरव, कांस्टेबल दुष्यन्त यादव, कांस्टेबल गौरव पाठक, महेवागंज चौकी थाना कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी।

# तेंदुए के शावक की मौत पर की गई जांच में बड़ा खुलासा

- शिकारियों ने शिकार को लगाया फंदा, फंसने से तेंदुए का शावक की हुई मौत
- दो शिकारियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



जिले दक्षिण खीरी वन प्रभाग के गोला रेंज में कटीले तारों में फंसकर तेंदुए के शावक की मौत की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में पाया गया कि शावक कटीले तारों के बीच जिस फंदे में फंसा था। उस फंदे को दो शिकारियों ने सुअर का शिकार करने के लिए लगाया था। सुअर नहीं फंसा लेकिन शावक फंस गया और उसकी जान चली गई।इस मामले में वन विभाग ने दो शिकारियों को गिरफ्तार किया है। जंगल से सटे खेतों में वन्यजीवों की आवाजाही शिकारियों के लिए मुफीद साबित हो रही है। यह शिकारी मांस के लिए जंगली सूअर, पाढ़ा, चीतल, हिरन आदि का शिकार करने के लिए खाबड़ और फंदा लगा रहे हैं। रविवार की रात शिकारियों ने गोला वन रेंज पश्चिम बीट में पुनर्भू ग्रंट के पास बाल गोविंद वर्मा के खेत की मेड़ पर कटीले तारों के बीच फंदा लगाया था। काफी देर तक कटीले तारों में फंसा रहा था शावक दुर्भाग्यवश मां से बिछड़ा करीब नौ से 10 माह का मादा तेंदुआ शावक फंदे में फंस गया। पैरों में फंदा फंसने और कटीले तारों में शरीर उलझा होने की वजह से शावक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

रेस्क्यू के दौरान शावक ने एक वाचर का हाथ भी चबा डाला था।दक्षिण खीरी वन प्रभाग के डीएफओ संजय बिस्वाल के निर्देश पर वन विभाग की टीम तेंदुआ शावक की मौत की जांच कर रही थी।

इस बीच घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण के दौरान मौके पर एक फंदा भी लगा मिला।

संभवतः यह फंदा जंगली सूअर आदि का शिकार करने के लिए लगाया था, जिसमें मां से बिछड़ा मादा शावक फंस गया था।

इस मामले में वन विभाग की टीम ने खेत की रखवाली कर रहे थाना गोला क्षेत्र के बाबूगंज निवासी मुन्ना पुत्र टोड़ी और द्वारिका गंज निवासी नंदराम पुत्र बेचेलाल को गिरफ्तार किया है।

# दबंगों ने पेट्रोल पंप मैनेजर और सेल्समैन को पीटा

- पंप को आग लगाने की दी धमकी, पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी



नगर की मोहम्मदी रोड स्थित राधे पेट्रोलियम कंपनी पर रविवार की देर शाम दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पहुंचे चार युवकों ने 500 का पेट्रोल डलवाया और पैसा देने से मना कर दिया। कर्मचारियों ने जब उधार देने से मना कर दिया तो दबंग लोगों ने पहले सेल्समैन और बाद में बीच बचाव करने आए पंप के प्रबंधक को मारा पीटा। गालियां दी और पेट्रोल पंप को आग लगा देने की धमकी दी।बताते हैं कि दबंग युवकों ने यह भी धमकी दी कि सांसद उनका है कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। घटना की तहरीर पंप के प्रबंधक ने पुलिस को दी है परंतु पुलिस ने दो दिन बीत जाने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिवाकर वर्मा पुत्र संतोष वर्मा, शोभित वर्मा पुत्र अज्ञात, लवी यादव पुत्र गणेश यादव निवासी मोहल्ला भारत भूषण कॉलोनी गोला और अतुल वर्मा पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला कुम्हार टोला गोला दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर रविवार की देर शाम राधे पेट्रोलियम कंपनी मोहम्मदी रोड पर पेट्रोल डालने पहुंचे थे। पुलिस को दी गई तहरीर में पेट्रोल पंप के प्रबंधक आकाश प्रकाश मिश्रा पुत्र ज्ञान प्रकाश मिश्रा निवासी पश्चिमी दीक्षिताना गोला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि इन चारों युवकों ने सेल्समैन मनीष कश्यप व राहुल वाजपेई से जबरन 500 का पेट्रोल उधर मांगा जब मनीष कश्यप ने उधार देने से मना कर दिया तो विपक्षी गण आग बबूला हो गए और गालियां देने लगे।मारपीट पर आमादा हो गए।शोरगुल सुनकर जब प्रबंधक आकाश मिश्रा मौके पर पहुंचा और बीच बचाव का प्रयास किया तो आकाश और राहुल दोनों को दबंग युवकों ने मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

हमलावरों ने कहा कि पेट्रोल पंप में आग लगा देंगे उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। बताते हैं हमलावरों ने मारपीट करते हुए कहा कि सांसद उनका है और उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। पेट्रोल पंप के प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर दी है परंतु दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जिस कारण पेट्रोल पंप के कर्मचारी दहशत में है। पेट्रोल पंप स्वामी सत्य प्रकाश अग्रवाल के पुत्र शेखर अग्रवाल ने बताया पेट्रोल पंप मैनेजर ने पुलिस को तहरीर दी है परंतु दो दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस में कोई भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

शेखर अग्रवाल ने बताया की दिवाकर वर्मा ग्राम परसेहरा थाना हैदराबाद निवासी संतोष वर्मा पूर्व कोटेदार का पुत्र है और अपने को सांसद समर्थक बताकर पेट्रोल पंप पर रौब गालिब किया और कर्मचारियों से मारपीट की है।

# क्षेत्र के लोगों ने सेवानिवृत्त होने पर इंजीनियर रियाज सिद्दीकी को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



बिसवां। कस्बे के मुराऊ टोला स्थित जन सेवा समिति के प्रांगण में पूर्व मुख्य अभियंता रियाज सिद्दीकी का स्वागत व अभिनंदन किया गया। जिसमें दर्जनों सभ्रांत नागरिकों ने उन्हें खूब सम्मान दिया। बता दें कि कस्बे में जन्मे श्री सिद्दीकी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग में मुख्य अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद ने कहा कि बिसवां का नाम रोशन करके इं रियाज सिद्दीकी ने हम लोगों पर बहुत बड़ा एहसान किया है कि हमारे शहर का एक लड़का सूबे के सबसे बड़े पद पर तैनात होकर सफल पूर्वक पूरी सेवा करके रिटायर हुआ है।

कार्यक्रम संयोजक डा0 राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि इंजीनियर रियाज सिद्दीकी म्युनिसिपल स्कूल के पहले विद्यार्थी थे जिन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। अलीगढ़ यूनिवर्सिटी से एमएससी इंजीनियरिंग करने के बाद आईआईटी कानपुर से पीएचडी करने के दौरान ही सहायक अभियंता पद पर पिथौरागढ़ में प्रथम पोस्टिंग हुई। एएल विश्वकर्मा, जॉइंट कमिश्नर जीएसटी ने शिक्षा की अहमियत बताते हुए रियाज सिद्दीकी को अच्छी सेवा हेतु मुबारकबाद दी। इंजीनियर रियाज सिद्दीकी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हासिल करके ही हम अपने दुःखों से छुटकारा पा सकते हैं। मैंने बहुत ही कठिनाइयों में तालीम हासिल की है इसलिए कोई भी बच्चा जो पैसों के अभाव में पढ़ाई ना कर रहा हो तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। मैं हमेशा अपने कस्बे का ख्याल रखता रहूंगा। इस मौके पर वहाजुद्दीन गौरी,सरदार जसवीर सिंह, नब्बू खां, रमेश चंद्र मौर्य, मो0 जावेद, मंगली, संजय राज, डा0 मारिश किरण, शबीह अहमद, आफताब आलम, अरुण कुमार मौर्य, दयाराम, अनूप कुमार मौर्य, सुनील मौर्य, शैलेंद्र मौर्य सहित तमाम नागरिक मौजूद रहे।

# चार के खिलाफ दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट




जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

एक दलित युवक ने दो अज्ञात सहित चार के खिलाफ दलित उत्पीड़न अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी नीरज पुत्र हीरालाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मंगलवार की सुबह 10 बजे वह काम करने के लिए सोनू के कोल्हू पर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में लखीमपुर रोड पर जलालपुर मोड के पास गांव निवासी शिंकू व राहुल पुत्र गण अरुण व दो अज्ञात लोगों ने उसे जातिसूचक गालियां दी और विरोध करने पर उन्होंने लाठी डंडों से मारा पीटा। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दुकान में बुर्का पहनकर आईं दो महिलाओं ने चुराए जेवर

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर। शाहजहांपुर के जलालाबाद में बुर्का पहनकर सराफा दुकान से चोरी करने वाली दो महिलाओं को पुलिस ने घटना के कुछ देर बाद ही गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी का माल और नकदी भी बरामद कर ली गई। सोमवार को रामताल रोड पर स्थित सराफा व्यवसायी गौरव भारद्वाज ने थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि बुरखा पहनकर दो महिलाएं उनकी दुकान से सोने की लौंग व दो जोड़ी पायल चोरी कर ले गईं। इंस्पेक्टर हरिपाल बालियान ने पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश में लगा दिया। देर शाम कस्बे के गुनारा मोड़ के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### सांडी में डी एस हॉस्पिटल द्वारा आयोजित किया गया विशाल भंडारा

जन एक्सप्रेस । हरदोई। सांडी। डी एस हॉस्पिटल तिराहा सांडी की तरफ से हॉस्पिटल के बाहर आज ज्येष्ठ माह के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों लोगों में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलता रहा।भंडारे का आयोजन डायरेक्टर सलिल अवस्थी, डॉ.वी.के. मिश्रा, प्रबंधक अरविंद राजपूत, बनजीत राजपूत, हनुमान भक्त पवन राजपूत, धर्मेंद्र प्रजापति, अमर बहादुर राजपूत, शेखर राजपूत, संदीप राजपूत, सुरेंद्र यादव, रोहित यादव, के साथ क्षेत्रीय लोगों ने कन्या भोज कराया। और राहगीरों को पूड़ी सब्जी खिलाई। डीजे पर हनुमान जी के भजनों पर सभी भक्तगण थिरकते नजर आए।

### तेज रफ्तार कार ने तीन को कुचला, एक की मौत, दो घायल

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली के हरदोई शाहजहांपुर मार्ग पर एक अनियंत्रित कार ने साइकिल सवार सहित तीन को कुचल डाला। साइकिल सवार की मौके पर मृत्यु हो गई। जबकि दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। कार चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। हरदोई के छोटा चौराहा निवासी रूपेश गुप्ता अपनी कार वैगन आर यूपी 30 बीई 6662 से अपने पिता बाल कृष्ण और मां को नौकर के साथ लेकर किसी कार्य से शाहजहांपुर गया था। वहां से वापस लौट रहा था। कस्बे के बस स्टैंड के निकट अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने कार अनियंत्रित हो गई।जिससे साइकिल सवार अबरार उम्र 55 वर्ष पुत्र पट्टे निवासी कठमा के कार ने जोरदार टक्कर मार दी।उसके बाद ड्राइवर ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और पैदल सड़क पार कर रहे हरदोई कस्बे के बैट गंज निवासी अनुज पुत्र रामप्रकाश और कोतवाली देहात के ग्राम खेतुई मदारा निवासी रामू पुत्र कढ़िले के टक्कर मार दी। टक्कर में अबरार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाकी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल भेजा। जहां से हालत गंभीर होने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस ने कार चालक रूपेश गुप्ता को हिरासत में ले लिया है।

### 13 जून को होगा रोजगार मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि शासन के मंसानुसार बेरोजगार अभ्यर्थियो को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा निरन्तर रोजगार मेलों का आयोजन कर के बरोजगार अभ्यर्थियो को रोजगार देने का कार्य किया जा रहा है, इस क्रम मे जिला सेवायोजन कार्यालय हरदोई, मे 13 जून 2024 को प्रातः 10.00 से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रो की कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है, जो कि हाईस्कूल/इण्टरमीडियट/स्नातक/परास्नातक/आई0टी0 आई0/डिप्लोमा/कौशल विकास प्रशिक्षित योग्यताधारी अभ्यर्थी आयुसीमा 18- 40 वर्ष पुरूष व महिला अभ्यर्थियों का चयन करेगी। कम्पनी ने आवेदन करने हेतु समस्त अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल sewayojan-up-nic-in पर ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य रूप से कराकर आवेदन करना सुनिश्चित करें।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई वन विभाग की समितियों की बैठक

जन एक्सप्रेस । हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण, जिला पर्यावरण व जिला गंगा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप आगामी वृक्षारोपण की तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। गंगा ग्रामों में मॉडल विलेज़ के सभी मानकों का संतृप्तीकरण किया जाये। राजा नरपत सिंह शहीद स्मारक स्थल पर वृक्षारोपण कराया जाये।

# चार अवैध कॉलोनियों पर चला बीडीए का बुलडोजर

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम ने सोमवार को भी बीसलपुर रोड पर पुरनापुर गांव व भोजीपुरा के नैनीताल रोड पर 54 बीघा जमीन पर बन रही चार अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। कॉलोनाइजर किसानों से सस्ती जमीन खरीदकर वहां बिना नक्शा पास किए ही कॉलोनी का निर्माण कर रहे थे।

बीडीए उपाध्यक्ष मानिकंडन ए ने बताया कि पुरनापुर गांव में विकास बत्रा पेट्रोल पंप के सामने 10 बीघा जमीन पर और भोजीपुरा नैनीताल रोड पर जमील अहमद 18 बीघा, अनस 10 बीघा, महबूब, अतुल गुप्ता व रजत गुप्ता 16 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनियों का निर्माण करा रहे थे।

इस संबंध में विकास प्राधिकरण से कोई नक्शा पास नहीं कराया गया था। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता हरीश चौधरी, लक्ष्मण सिंह रावत, अवर अभियंता समेत प्रवर्तन टीम मौजूद रही।

मौजूद पुलिस बल के चलते विवाद की स्थिति नहीं बन सकी।

मंगलवार को भी अभियान जारी रहेगा।

# राज्य सरकार के द्वारा भ्रूण हन्या समाप्त करने, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करने हेतु मुख्यमंत्री सुमंगल योजना हुई लागू

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि राज्य सरकार के द्वारा भ्रूण हत्या को समाप्त करने, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करनें बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करने हेतु दिनांक 01.04.2019 से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना लागू है। श्रेणी-1 से श्रेणी-6 तक सभी श्रेणियों के आवेदन पत्रों की पात्रता की स्थलीय जांच व भौतिक सत्यापन शहरी क्षेत्र में उप जिलाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किया जाता है। पात्रता हेतु दो संतानो से अधिक नहीं होना चाहिये, योजना की 06 श्रेणियों का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक द्वारा प्रत्येक श्रेणी के लिए आवेदक को किसी भी श्रेणी में आवेदन करने के पश्चात आगामी सभी श्रेणियों में सहजता से लाभ प्रदान करने हेतु पहली बार स्वीकृत होने के बाद आगामी श्रेणियों हेतु लाभार्थी बालिका का फार्म स्वतः संचालित सिस्टम के माध्यम से अग्रसारित हो जाता है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक,क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के साथ भारतीय पोस्टल बैंक के खाते भी अनुमन्य होंगे आवेदक द्वारा आवेदन हेतु निर्धारित प्रारूप पर स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र उपलब्ध कराना होता है योजना की श्रेणी 1 व 2 के लिए जन्म एवं टीकाकरण पूर्ण करने के एक वर्ष के अन्दर तथा श्रेणी 3,4,5 व 6 के लिये विद्यालय,शैक्षिक संस्थान में प्रवेश लेने वाले वित्तीय वर्ष में आवेदन करने की अनुमन्यता होगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की सभी 06 श्रेणियों में प्राप्त होने वाली कुल धनराशि रू0 25000/- है। जिसका श्रेणीवार विवरण के अनुसार जन्म के समय रू0 5000, एक वर्ष के समस्त टीकाकरण पूर्ण होने पर रू0 2000, कक्षा-1 में प्रवेश पर रू0 3000, कक्षा-6 में प्रवेश पर रू0 3000, कक्षा-9 में प्रवेश पर रू0 5000, 10वी0 या 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर, 2 वर्ष या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश पर रू0 7000 है।

# छात्रा ने आई आई टी एडवांस उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** सीता इंटर कालेज की मेधावी छात्रा और यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 में प्रदेश की सूची में छठवां स्थान प्राप्त कर चुकी छात्रा ने आईआईटी एडवांस क्वालीफाई कर संस्था व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आर के वाजपेयी ने बताया की संस्था की छात्रा अंशिका गुप्ता ने बीते वर्ष की यूपी बोर्ड परीक्षा में यूपी मेरिट में छठवां तथा जिला मेरिट में पहला स्थान प्राप्त किया था। अंशिका ने इस वर्ष की आईआईटी एडवांस क्वालीफाई कर संस्था व संस्था व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंशिका की सफलता पर कालेज के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी, उप प्रधानाचार्य आर जे वर्मा,राकेश शुक्ल, यशपाल वर्मा, सत्य प्रकाश पाण्डेय सहित तमाम लोगों ने बधाई दी।

### भीषण गर्मी में बिजली कटौती से हाहाकार

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले में नौतपा के दौरान 25 मई से दो जून के बीच कोहराम मचाने के बाद एक बार फिर गर्मी व उमस ने अपना शिकंजा कस लिया है। सोमवार को तापमान जून माह के अब तक के उग्चतम स्तर 45 डिग्री पर पहुंच गया। इससे लोगों को घर के अंदर भी गर्मी का अहसास हुआ। रविवार की अपेक्षा तापमान में दो डिग्री की वृद्धि देखने को मिली। वहीं, भीषण गर्मी व उमस के बीच शहर से लेकर गांव तक जमकर बिजली कटौती की गई, जिससे लोगों की मुश्किलें दोगुनी हो गईं। नवाबगंज में जवाहर इंटर कॉलेज के पास रखा ट्रांसफार्मर पांच दिन पहले जल गया था। शिकायत के बाद भी उसे बदला नहीं गया। इस पर नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को किसान मोर्चा की अगुआई में प्रदर्शन किया। जिले में दो दिन की राहत के बाद एक बार फिर भीषण गर्मी ने दस्तक दी। रविवार को जहां तापमान एक डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 43 पहुंचा था तो वहीं सोमवार को दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 45 डिग्री पहुंच गया। इसके चलते लोगों को सुबह से ही गर्मी व उमस का अहसास हुआ। दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी का सितम बढ़ता गया और दोपहर होते-होते बाजारों में सन्नाटा पसर गया। सूरज की आग बरसाती किरणों के साथ गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी में और इजाफा किया और दोपहर के समय ज्यादातर लोग घरों में कैद रहे। बहुत जरूरी होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। सोमवार को जिले का न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया, जो रविवार की अपेक्षा एक डिग्री अधिक रहा। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ाईं। शहर में जहां छह से सात घंटे की कटौती की गई तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से 12 घंटे तक बिजली गुल रही। जिसके चलते उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल रहे। शहर में जहां छह से सात घंटे की कटौती की गई तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से 12 घंटे तक बिजली गुल रही। जिसके चलते उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल रहे। नानपारा-नवाबगंज मार्ग स्थित जवाहर इंटर कॉलेज के पास रखा ट्रांसफार्मर पांच दिन पूर्व जल गया था। जिसकी शिकायत के बाद भी उसे नहीं बदला गया।

# युवराज हन्याकांड के विरोध में प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका

- पुलिस पर पथराव के बाद जिलाध्यक्ष व राजवर्धन समेत 5 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई

पाली में युवराज सिंह हत्याकांड को लेकर करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर मंगलवार को पुलिस एवं प्रशासन के खिलाफ सड़क पर उतर आई, साथ में बसपा नेता राजवर्धन सिंह भी मौजूद थे। पाली कस्बे में दाखिल हो रहे करणी सेना जिलाध्यक्ष अनुज सिंह व राजवर्धन सिंह राजू को पुलिस ने निजामपुर पुलिया पर रोक लिया, सभी सड़क पर बैठकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने काफी समझाने की कोशिश की पर राजवर्धन सिंह राजू व करणी सेना के जिलाध्यक्ष नहीं माने तो पुलिस ने हल्के बल का प्रयोग कर उन्हें उठाने की कोशिश की। करणी सेना और राजवर्धन सिंह के कार्यकर्ताओं से पुलिस की झड़प हो गई, करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर पथराव भी किया, इसमें कई पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। इसके बाद पुलिस ने सडक जाम किए करणी सेना के कार्यकर्ताओं को खदेडा और रास्ता खुलवाया, पुलिस ने करणी सेना के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह और राजवर्धन सिंह राजू समेत पांच लोगों को गिरफ्तार करके वज्र वाहन से हरदोई भेज दिया। सोमवार शाम को फेसबुक पर लाइव आकर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू ने खुद के पाली पहुंचने की जानकारी देकर व क्षेत्रीय लोगों से मंगलवार दोपहर 12 बजे पाली पहुंचने की अपील की और प्रशासन को बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। हालांकि वह पाली नहीं पहुंच पाए और उन्हें रास्ते में ही रोक दिया गया। ज्ञात हो कि बीती 30 मई को पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना स्थित निर्माणाधीन पुलिस चौकी के पास इस्माइलपुर गांव निवासी युवराज सिंह उर्फ यूवी ठाकुर की विशेष समुदाय के आरोपियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद से क्षेत्र में लगातार तनाव की स्थिति बनी हुई है। 31 मई को पाली कस्बे में उपद्रव की घटना सामने आई थी, जिसको लेकर पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया था। दो दिन बाद इस्माइलपुर गांव में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू और बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे, यहां बिना अनुमति जनसभा की जुलूस निकालकर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने बलवा, आचार संहिता उल्लंघन व अन्य गंभीर आरोपों में राजवर्धन सिंह राजू समेत 150 से 200 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह व राजवर्धन सिंह राजू ने मांग की कि आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट, रासुका की कार्रवाई हो और उनके घर पर बुलडोजर चलाया जाए। करणी सेना ने पुलिस एवं प्रशासन को इस कार्रवाई के लिए पहले 6 जून तक का समय दिया था, जिसे बढ़ाकर उन्होंने 10 जून कर दिया। मंगलवार 11 जून को करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू के आवाहन पर जिलाध्यक्ष और राजवर्धन सिंह राजू कार्यकर्ताओं के साथ पाली आ रहे थे तभी उन्हें निजामपुर पुलिया पर रोक लिया गया। यहां एहतियातन जनपद के करीब एक दर्जन थानों का पुलिस फोर्स, पीएसी बल तैनात किया गया था। मौके पर एसडीएम सवायजपुर अरुणिमा श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकार शाहाबाद अनुज मिश्रा भी स्थिति का जायजा लेते रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-AYC-TW-6-22-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.06.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.06.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-BSB-FW-136-24-1 (Parking Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.06.2024 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-SLN-TW-138-24-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.06.2024 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-BSB-TW-137-24-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.06.2024 समय 11:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1738/2024

## युवक पर नाबालिग युवती से छेड़छाड़ का मां ने लगाया आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपने गांव के बगल गांव के एक युवक पर अपने नाबालिक बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुवे तहरीर दी है। महिला का आरोप है कि सोमवार की शाम को उनकी नाबालिक बेटी खेत की तरफ घास काटने गई थी। जहां गांव के बगल का एक युवक पहुंचा और हमारी बेटी को जबरन एक मोबाइल देने लगा।बेटी ने जब मोबाइल लेने से इंकार कर दिया तो युवक उसे पकड़कर जबरजस्ती करने लगा।जब बेटी ने शोर मचाना शुरू किया तो वहां से युवक फरार हो गया।महिला ने बताया कि इसके पहले भी वह युवक कई बार मेरी बेटी के साथ छेड़छाड़ कर चुका था।जिसकी शिकायत उसके मां बाप से करने से वो लोग विवाद पर उतारू हो जाते थे।एक बार गांव में इस मामले को लेकर पंचायत भी हुई थी।लेकिन इसका कोई असर इस युवक पर नही पड़ा।महिला ने तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है।

# बदमाशों व पुलिस टीम के बीच मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली, दो को पुलिस ने मौके से धरदबोचा

**✱ पकड़े गए बदमाशों के पास से बीस हजार नगद दो अवैध तमंचा भारी मात्रा में कारतुस व 38 एटीएम कार्ड 4अदद मोबाइल एक लग्जरी कार पुलिस ने किया बरामद**

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

जिले के तमकुहीराज थानाक्षेत्र गाजीपुर में लग्जरी कार सवार बदमाशो व पुलिस टीम के साथ सोमवार की देर रात मुठभेड़ हो गई। आमने सामने के मुठभेड़ में पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल हो गये। पुलिस ने मौके से घायल बदमाशो सहित कार में सवार चार अपराधियों को धरदबोचा बदमाशो के खिलाफ गोरखपुर व बलिया जनपद में तमाम गंभीर मुकदमे दर्ज है। पकड़े गए बदमाशो की जमा तलाशी में पुलिस को लगभग बीस हजार रुपए नगद, दो अवैध तमंचा व भारी मात्र में कारतूस व विभिन्न बैंकों का 38 एटीएम कार्ड मिला है। मामले में पुलिस चारो बदमाशो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कारवाई में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष तमकुहीराज अतुल श्रीवास्तव को जरिए मुखबिर सूचना मिली की थानाक्षेत्र में एक लग्जरी कार में सवार संदिग्ध विचरण कर रहे है जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना पर विश्वास कर थानाध्यक्ष ने इसकी जानकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने वाहनों की चेकिंग शुरू कर दिया। पुलिस उच्चाधिकारियों से सूचना पाकर थानाध्यक्ष तरया सुजान आशुतोष कुमार सिंह मय टीम थानाक्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में गस्त और चेकिंग में जुट गए। जानकारी मिलते ही जिले की स्वाट टीम के प्रभारी अलोक यादव की अगुवाई में तमकुहीराज पहुंच गई। पुलिस टीम ने



मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त कारवाई करते हुए तमकुहीराज थानाक्षेत्र के ग़ाज़ीपुर में स्थित पूर्व विधायक व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त जगदीश मिश्र उर्फ बाल्टी बाबा के कृषि फार्म हाउस के पास सुनसान सड़क पर तेज रफ्तार लग्जरी कार को देखकर उसे रोकने का प्रयास किया।

लेकिन कार सवार गाड़ी की गति को बढ़ाते हुए भागने लगे। पुलिस ने पिछा कर कार को पकड़ने का प्रयास किया तो पुलिस टीम को देखकर बदमाशो ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जबाबी कारवाई में दो बदमाशो के पैर में गोली लग गई। जबकि कार में सवार दो अन्य बदमाशो सहित कुल चार बदमाश पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गए। पकड़े गए बदमाशो के बारे में टीम ने बताया कि पूछताछ में चारो बदमाश लूट और एटीएम कार्ड बदल कर लोगों से लाखों रुपए की ठगी करने वाले गैंग के सदस्य है। जिनके खिलाफ गोरखपुर व बलिया में एक दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज है। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए अपराधियों की पहचान मोहित साहनी पुत्र राजू साहनी निवासी सेमरा नंबर दो खजांची चौराहा थाना गुलहरिया, जनपद-गोरखपुर व संदीप मिश्रा पुत्र देवनारायण निवासी गोविंदपुर, थाना सिकरीगंज, जिला गोरखपुर के रूप में हुई है। इन दोनो की पैर में गोली लगी है। वही इनके दो सहयोगियों रवि कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी सेमरा नंबर दो, थाना-गुलहरिया, जनपद गोरखपुर व अभिषेक त्रिपाठी पुत्र विजय त्रिपाठी निवासी जंगल छत्रधारी टोला शाहपुर, थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर को पुलिस टीम ने मौके से गिरफ्तार किया है।

इन सभी के कब्जे से बीस हजार सात सो पंद्रह रुपये नगद, दो अदद तमन्चा 315 बोर, दो अदद खोखा कारतूस 315 बोर, तीन अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, विभिन्न कंपनियों के 38 एटीएम कार्ड, चार अदद मोबाइल व एक स्विफ्ट डिज़ायर कार बरामद हुआ है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गृहस्थों के लिए निर्जला एकादशी का व्रत 17 जून को: डा0 मुक्तेश्वर दुबे

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस साल निर्जला एकादशी पर काफी शुभ योग बन रहे हैं। इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इस एकादशी को सबसे कठोर एकादशी में से एक माना जाता है, क्योंकि इसल व्रत के दौरान पानी तक पीने की मनाही होती है। निर्जला एकादशी का व्रत रखने से दीर्घायु और मोक्ष प्राप्ति का वरदान मिलता है। श्री दुबे ने बताया की काशी विश्वनाथ पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 16 जून को रात्रि 2 बज कर 54 मिनट से आरंभ हो रही है, जो 17 जून को पूरी दिन एकादशी तिथि रहने के बाद रात्रि/सुबह 4 बज कर 30 मिनट पर समाप्त होगी। पारणा निर्जला एकादशी व्रत का 18 जून को 9 बजे तक है। निर्जला एकादशी को मोक्षदायिनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन बिना जल ग्रहण किए दिनभर व्रत रखा जाता है और अगले दिन यानी द्वितीया तिथि को व्रत खोला जाता है। इसे सबसे कठोर एकादशियों में से एक माना जाता है। इस एकादशी को भीमसेनी, पांडव एकादशी के नाम से भी जानते हैं। इसके साथ ही पूरी रात जाकर भगवान विष्णु से संबंधित भजन, कीर्तन करते है। इसके साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों को कपड़े, खाना, पानी, पीला वस्त्र आदि का दान करते हैं।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि बढ़ाने की मांग

**जन एक्सप्रेस/लार देवरिया।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लार की एक बैठक मंगलवार को बस स्टैंड के समीप शिक्षक नेता शिशिर राय के आवास पर हुई। बैठक में हीट वेव बच्चों के सेहत पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को लेकर हुई चर्चा। प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांग किया कि परिषदीय विद्यालयो में ग्रीष्मकाल अवकाश 30 जून तक किया जाएं। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ गोविंद मिश्रा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकाल अवकाश 15 जून को समाप्त हो रहा है परंतु गर्मी का भयंकर प्रकोप अभी चरम सीमा पर है। 16 जून से 30 जून तक गर्मी से राहत मिलने का कोई संकेत नहीं है मौसम विभाग निरंतर लू और भयंकर गर्मी रहने का संदेश प्रचारित कर रहा है। तापमान भी 40 से 46 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। ऐसी स्थिति में कक्षा 8 तक के बच्चों का विद्यालय में दोपहर 1:00 तक रोका जाना उचित नहीं है और इसके बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। संघ के महामंत्री राज कपूर ने कहा माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 30 जून तक तथा उच्च शिक्षा विभाग ने 10 जुलाई तक अपने विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है। बेसिक शिक्षा विभाग में भी ऐसा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर शिशिर राय, कुलदीप सिंह, विवेक सिंह, अजीत कुमार, कन्हैया पांडेय, शिब्लू सिंह, अजय यादव, धनंजय दुबे आदि अध्यापक मौजूद रहे।

### सभी अपने कर्मो का फल भोगने आये हैं: स्वामी अशोकानन्द

**जन एक्सप्रेस/मेहरौना,देवरिया।** विकास खण्ड लार के ग्रामसभा बभनौली पाण्डेय में चल रहे श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आज आठवां दिन रहा। जिसमे अयोध्या से पधारे श्रीराम कथा मर्मज्ञ अशोकानन्द जी महाराज ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं से कहा कि आपके अंदर प्रभु विद्यमान है, बस उन्हें जानने व पहचानने की आवश्यकता है,महाराज जी ने कहा कि व्यक्ति को हर एक पहलू पर विचार व चिंतन करना चाहिए। मनुष्य को किये हुए कर्मो का फल भोगना ही पड़ता है, चाहे आज या कल। जब धरती पर परमात्मा अवतरित हुए तो उन्हें भी अपने कर्मो का फल भोंगना ही पड़ा। एवमेव भोक्तव्यम्, कृतं कर्मं शुभा शुभम्। पूर्ण रूप भंडारा की जिम्मेदारी जयनाथ गुप्ता ने ली है।कथा यज्ञ में मुख्य रूप, अवधेश पांडेय, रामाश्रय पांडेय, लक्ष्मीधर पांडेय, अर्जुन यादव, राजीव पाण्डेय, चतुरानन पाण्डेय, बसन्त पांडेय डब्लू, रामाश्रय शर्मा, महेंद्र पाल, प्रमोद जी, ध्रुवनारायण पांडेय, पप्पू गोंड़, हरिशंकर लाल श्रीवास्तव, अशोक पांडेय, छांगुर बाबा, अरविंद पांडेय,रामावतार गोंड़, कमलाकांत पांडेय, चंद्रप्रकाश पांडेय सुधीर पांडेय, हृदया नंद दुबे, अरविंद दुबे, गणेश पांडेय, चुन्नू फौजी, रामू पांडेय, नागेंद्र ठाकुर, बबलू श्रीवास्तव, सुनील पांडेय, शिव गोविंद गोंड, निक्कू, अजय ठाकुर व सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं भक्तजन उपस्थित रहे।

### पांच बर्षीय बालिका को दरिंदे ने बनाया हवस का शिकार

**मझौली, देवरिया।** सलेमपुर थाना क्षेत्र के मझौली राज से एक चौका देने वाला मामला प्रकाश में आया है। हवस की प्यास बुझाने के लिए एक व्यक्ति द्वारा पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई है। घृणित मानसिकता का शिकार प्रमोद यादव पुत्र टिंकू यादव उम्र 32 वर्ष निवासी घुसा वार्ड नंबर 4 नगर पंचायत मझौली राज थाना सलेमपुर काम वासना के बसिभूत होकर अपने घर से कुछ ही दूरी पर भगड़ा भवानी मंदिर के पास वार्ड नंबर 1 नगर पंचायत मझौली राज पहुंचा लगभग रात्रि 8 बजे के आस पास जब बच्ची घर से बाहर बिस्तर पर सो रही थी। प्रमोद ने बच्ची के ऊपर से चादर हटा दिया जिसके बाद बच्ची भागने लगी तब बच्ची को प्रमोद द्वारा पकड़ कर जंगल की तरफले जाया गया जहां बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया तभी बच्ची का शोर सुन परिजन उसे ढूढ़ने लगे तो बच्ची को जंगल में छोड़ कर प्रमोद वहां से फरार हो गया। परिजनों ने बच्ची से पूछताछ किया जिसपर बच्ची द्वारा अपने साथ घटी घटना के विषय में बताया गया। जिसके पश्चात बच्ची के परिजनों ने इसकी लिखित सूचना सलेमपुर पुलिस को दी सलेमपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल विधिसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर व्यक्ति के तलास में लग गई और आरोपी प्रमोद यादव को गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्यवाही कर रही है।

### कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, परखच्चे उड़े

**जन एक्सप्रेस/खुखुन्दू, देवरिया।** खुखुन्दू थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा मझवलिया मोड़ पर हुआ, जब कार सवार चार लोग एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद के लिए तुरंत कदम उठाए और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सोनहुला गांव के रहने वाले चार लोग कार में सवार थे। ये सभी लोग अपने पिता के ब्रह्मभोज के लिए समान की खरीदारी करके घर लौट रहे थे। कार में सवार लोगों में सोनू गुप्ता (20 वर्ष), पुत्र रामप्रताप गुप्ताय अभिषेक प्रजापति, पुत्र स्वर्गीय संतोष प्रजापति, जिनका ब्रह्म भोज 14 जून को होने वाला हैय प्रवीण कुमार यादव (22 वर्ष), पुत्र राम बदन यादवय और श्याम (22 वर्ष), पुत्र गोपाल शामिल थे। की अचानक सामने से एक बाइक आ गई। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक नियंत्रण खो बैठे और कार सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत जिलाचिकित्सालय भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने सोनू गुप्ता और अभिषेक प्रजापति की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया। बाकी घायलों का उपचार समाचार लिखे जाने तक चल रहा था।

# समाजसेवी सैफ खां बने नगर पंचायत स्वच्छता अभियान ब्रॉन्ड अम्बेसडर

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज पनियरा**

नगर पंचायत स्वच्छता अभियान को और भी सफल बनाने और नगर पंचायतवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नगर पंचायत पनियरा के वार्ड नम्बर 9 शहीद भगत सिंह वार्ड निवासी युवा नेता व समाजसेवी आफ़ाक़ आलम उर्फ़ सैफ खां को नगर पंचायत पनियरा की अधिशासी अधिकारी कनुप्रिया शाही नें सोमवार को ब्रॉन्ड अम्बेसडर मनोनीत किया है। अधिशासी अधिकारी ने अपने कार्यालय में श्री खां को आमंत्रित कर प्रणाम पत्र सौंपा।



नगर पंचायत स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर श्री खां नें कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ नगर पंचायत नें उनको यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का कार्य करूँगा। जहाँ नगर पंचायत वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य करूँगा वहीं नगर पंचायत कर्मियों को सराहनीय कार्य करने के लिए समय - समय पर प्रोत्साहित व सम्मानित करने का भी कार्य करूँगा। नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश चंद जायसवाल से सामंजस्य स्थापित कर नगर को और भी सुन्दर व स्वच्छ बनाने में यथा संभव प्रयास करूँगा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत पनियरा को प्रथम स्थान दिलाने का काम करूँगा।

**क्षेत्रीय गणमान्यों ने दी शुभकामनाएं**

श्री खां को नगर पंचायत पनियरा द्वारा ब्रांड अम्बेसडर बनाये जाने पनियरा के विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह, युवा नेता प्रेमशंकर उर्फ निर्भय सिंह, प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख पनियरा वेद प्रकाश शुक्ल, सभासद रामनरेश निराला, सभासद संजय निषाद, सभासद राजू पाल, सभासद रमजान अंसारी, भाजपा जिला महामंत्री राजेश उर्फ बबलू यादव, मण्डल अध्यक्ष रूपेश शर्मा, राजेश पाल, ओमप्रकाश मद्देशिया, बालाजी सिंह, पूर्व प्रधान जगदीश यादव, पूर्व प्रधान अखिलेश जायसवाल, राधे निषाद, अजमेर अंसारी, राजित सिंह, रमजान अंसारी, सरफराज उर्फ लल्लू खां, शमिउल्ला उर्फ समीर अंसारी, बृजेश कुमार पाण्डेय आदि लोगो ने बधाई दी है।

### दुकान के शटर में विद्युत करंट उतरने से युवा व्यापारी की मौत क्षेत्र में शोक

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। जिले के जटहां बाजार थाना क्षेत्र के भैरोगंज बाजार में बीते सोमवार की देर शाम दूकान के शटर में विधुत के प्रवाहित होने से एक युवा व्यापारी की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मुकामी थाना क्षेत्र के भैरोगंज बाजार में न्यू गुप्ता वस्त्रालय के दुकान के शटर में कहीं से बिजली प्रवाहित हो गई जिसके चलते करंट की चपेट में आने से 32वर्षिय पप्पू गुप्ता मौत हो गई। पडरौना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोजहिदा निवासी गोबरी गुप्ता के चौथे पुत्र व ग्राम प्रधान अशोक गुप्ता के 32 वर्षीय छोटे भाई पप्पू गुप्ता सोमवार की देर रात करीब 9 बजे जटहां बाजार थाना क्षेत्र के भैरोगंज बाजार में अपने कपड़े की दुकान को बंद कर रहे थे कि शटर का फाटक छूते ही अचानक करंट की चपेट में आ गए घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई घटना स्थल पर मौजूद परिजनों ने किसी तरह करंट से युवक को छुड़ाकर आनन फानन में इलाज के सदर अस्पताल में पहुंचे जहां ईलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। युवा व्यापारी की घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## होटल में चल रहे देह व्यापार की सूचना पर पुलिस व प्रशासन ने की छापेमारी, होटल हुआ सील

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

जिले के कसया थाना क्षेत्र एन एचआई हाइवे के किनारे कसया बरवां स्थित एक होटल पर सोमवार की देर रात पुलिस व प्रशासन ने छापेमारी कर 3 महिला 3 पुरुष सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद करने में सफल रही है । मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने होटल को सील कर दिया है।



मिली जानकारी के मुताबिक, बरवां स्थित एक होटल पर पुलिस ने छापेमारी की, इस दौरान होटल से एक महिला समेत दो युवतियां पकड़ी गयी, पुलिस ने होटल से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद किया है, मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पुलिस ने होटल को सील किया है। नगरपालिका के वार्ड बाल्मीकिनगर बरवां जंगल से पुलिस को बार बार शिकायत मिल रही थी कि यहां के एक होटल मे बाहर से लड़कियों को बुलाकर सेक्स रैकेट चलाया जा रहा है। सोमवार की देर रात को सीओ कुंदन सिंह, नायब तहसीलदार शैलेष सिंह व एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ होटल में छापेमारी किया तो एक महिला व दो युवतियां मौके से पकड़ी गई।पुलिस ने इन्हें हिरासत मे लेकर थाने पहुंची और उनसे पूछताछ कर रही है। नायब तहसीलदार शैलेष सिंह की उपस्थिति में होटल को सील किया गया। इस दौरान एसआई संदीप यादव,एसआई विपिन सिंह, महिला दारोगा अंजली त्रिपाठी सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

## वेतन भुगतान को लेकर नपा कर्मचारियों का दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी

**जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज**

आदर्श नगर पंचायत आनंदनगर के सभी कर्मचारियों द्वारा दस जून से विगत कई माह के वेतन बकाया भुगतान को लेकर दोपहर पश्चात अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया गया जो 11 जून को दूसरे दिन भी जारी रहा। नगर पंचायत आनंद नगर के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमरजीत ने बताया कि नगर पंचायत आनंदनगर की जिम्मेदार अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के आपसी विवाद के कारण विगत कई माह से सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हुआ है। जिसको लेकर पूर्व में दस जून से हड़ताल कर कार्य बंद करने की सूचना दिया गया था। अमरजीत ने बताया कि सूचना पर कोई निर्णय कर्मचारियों के हित में नहीं लिया गया इधर कर्मचारीयों की हालत वेतन न मिलने से बेहाल है सभी कर्मचारीयों को अपने परिवार का खर्च उठाने मैं दिक्कत हो रही है।अब इधर सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठ गए तो दूसरी ओर नगर के विभिन्न वार्डों में साफ सफाई व्यवस्था बदहाल होती जा रही है, जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा है। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से नगर की यह दुर्दशा हो गई है, जिम्मेदार घर के एसी का आनंद ले रहे हैं कर्मचारियों का सुनने वाला कोई नहीं है।अमरजीत ने बताया कि नगर पंचायत आनंदनगर के अध्यक्ष द्वारा अधिशासी अधिकारी पर आरोप लगाया जा रहा है कि उनके द्वारा वेतन रोका गया है। जबकि अधिशासी अधिकारी द्वारा बार-बार वेतन बिल अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री को बुके की भेंट,शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** जिले के बांसगांव लोकसभा से लगातार चौथी बार सांसद चुने गए सांसद कमलेश पासवान को विजय हासिल करने व भाजपा की मोदी कैबिनेट में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री बनाए जाने पर भाजपा के लोकसभा संयोजक नित्यानंद मिश्र के साथ कार्यकर्ताओं ने कृषि भवन नई दिल्ली स्थित कार्यालय पर पहुंचकर बुके भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान लोकसभा बांसगांव संयोजक श्री मिश्र ने कहा कि हम सभी को अपार खुशी है कि बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के संघर्षशील सांसद श्री पासवान को केंद्र में राज्य मंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है और अब सम्मानित जनता को जो भी केंद्र सरकार की विकास परख योजनाएं हैं और तेजी से मिलेगी और देश का विकास होगा।

## आज जनपद के समस्त थानों में आयोजित होगा विशेष थाना समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

जनपद में आये दिन आईजीआर एस, थाना समाधान दिवस, सम्पूर्ण समाधान दिवस,सहित जिलाधिकारी एवं उच्च स्तर पर लगातार शिकायतें प्राप्त होने तथा विभिन्न न्यायालयों द्वारा पारित आदेशो का अनुपालन स्थल पर किये जाने व आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त असंतुष्ट फिड बैंक पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संदर्भों के निस्तारण के लिए 12 जून को विशेष थाना दिवस का आयोजन किये जाने का जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने निर्देश जारी किया है जिसमें अपर जिलाधिकारी वि.एवं रा., अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कम से कम दो थाना क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जायेगा। भ्रमण के दौरान समाधान दिवस के सुचारू रूप से संचालन एवं शासन द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशो का सही अनुपालन की समीक्षा भी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। विशेष थाना समाधान दिवस पर समय दिन के 12 से 4 बजे तक पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने अधीनस्थ समस्त थाना क्षेत्रो का भ्रमण करेंगे और यह देखेगें कि विशेष थाना समाधान दिवस पर कार्यवाही सुचारू रूप से हो रही है। उक्त के अतिरिक्त समाधान दिवस पर महिलाओं के उत्पीड़न व समस्याओं संबंधी शिकायतों के पंजीकरण तथा अवैध रूप से संचालित स्लाटर हाउस से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराना भी सुनिश्चित करेंगे। जनपद में दिनांक 12 जून दिन बुधवार को समय अपरान्ह 12से 4 बजे विशेष थाना दिवस समाधान दिवस के सफल संचालन के लिए राजस्व, पुलिस व चकबन्दी के अधिकारियों एवं समस्त अधिसाशी अभियंता विद्युत कुशीनगर को थानावार नामित किया गया है। थाना पंचायत दिवस में पर्यवेक्षक के रूप में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, चकबंदी अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक आयुक्त स्टाम्प, बंदोबस्त अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, सम्बन्धित थानाध्यक्ष व राजस्व निरीक्षक को नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि थाना समाधान दिवस के सम्पन्न होने के पश्चात उक्त थाने का निरीक्षण अवश्य करें इसी के साथ ही निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का भी निर्देश दिया गया है।

# कामगार शिल्पकार नि:शुल्क विद्युत चालित चाक मशीन के लिए करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

प्रदेश सरकार द्वारा दूषित हो रहे पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए प्लास्टिक से निर्मित कप, प्लेट, गिलास, थाली व अन्य सामग्री पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। इस हेतु माटीकला बोर्ड के माध्यम से मिट्टी के बने उत्पादों को अपने जीवन में अधिक से अधिक प्रयोग करने के उद्देश्य से जिन माटीकला के कामगारों शिल्पकारों द्वारा मिट्टी से विभिन्न प्रकार के बर्तनो, खिलौनों, मूर्तियों आदि का निर्माण कर उसके आय से जीवकोपार्जन किया जा रहा है ऐसे कामगार शिल्पकर जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष के बीच है को नि:शुल्क विद्युत चालित कुम्हारी चाक मशीन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस हेतु माटीकला के इच्छुक लोगों को जिन्हे बिद्युत चालित कुम्हारी चाक की आवश्यकता है वे योजना के बेवसाइट (यूपीकेवीआईबीडॉटजीओवीडॉट आईएन) पर लॉगिन कर आवेदक पंजीकरण कर बिद्युत चालित कुम्हारी चाक को सलेक्ट करते हुए फार्म भर कर उसकी हार्ड कांपी दिनांक 10 जुलाई 2024 की शाम तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय नरकटिया बुजुर्ग सपहां रोड कसया कुशीनगर निकट नवल एकेडमी स्कूल के सामने जमा कर दें। योजना के तहत एक परिवार के एक ही व्यक्ति पात्र होगें तथा जिन्हे पूर्व में इसका लाभ मिल चुका है वे कामगार इसके पात्र नहीं होगें। कार्यालय में आवेदन की हार्ड कॉपी जमा करते समय स्वयं का पासपोर्ट साईज का एक फोटो, आधारकार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास, शैक्षिक योग्यता का प्रमाण-पत्र व बैंक पासबुक की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। योजनान्तर्गत योजना के पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्र को आवेदक द्वारा आवेदन के उपरान्त कार्यालय में जमा किए गये हार्ड कॉपी के साथ संलग्न प्रपत्रों के मिलान के उपरान्त ही लाभार्थी चयन हेतु नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रामकृपाल यादव ने बताया कि उ.प्र. सरकार सरकार के द्वारा दूषित हो रहे पर्यावरण को देखते हुए प्लास्टिक से निर्मित कप प्लेट गिलास थाली अन्य समान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके लिए माटीकला को प्रोत्साहित करने के लिए योजना चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में उक्त कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थियों में किया जायेगा पोषाहार वितरण

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थियों को वितरण हेतु सामग्री प्राप्त हो गई है। यह सामग्री माह मई 2024 के आपूर्ति आदेश के अनुसार है। जनपद के पडरौना, नेबुआ नौरंगिया, विशुनपुरा, कप्तानगंज, रामकोला, तमकुही राज के परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रो से सामग्री का वितरण दिनांक 13 व 14 जून को किया जायेगा। इस दिवस को विकास खण्ड, पडरौना, नेबूआ नौरंगिया, विशुनपुरा, कप्तानगंज, रामकोला, के सीडीपीओ व मुख्य सेविका भ्रमण शील रहेंगे एवं कम से कम 5 केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय ने बताया कि 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों को 1 किग्रा गेहूं दलिया, 1 किग्रा फोर्टीफाइड राइस,1 किग्रा चना दाल, 455 मिली खाद्य तेल प्रति माह, 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को 500 ग्राम गेहूं दलिया, 500 ग्राम फॉर्टिफाइड राइस , 500 ग्राम चना दाल प्रति माह, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को 1.5 किग्रा गेहूं दलिया,1.5 किग्रा फोर्टीफाइड राइस,1.5 किग्रा चना दाल, 455 मि0ली0 खाद्य तेल प्रति माह तथा अति कुपोषित बच्चों को 1.5 किग्रा गेहूं दलिया, 1.5 किग्रा फोर्टीफाइड राइस, 1.5 किग्रा चना दाल, 455 मिली खाद्य तेल प्रति माह देय है। उन्होंने समस्त संबंधित को निर्देशित किया है की उक्त दिवस को संबंधित ग्राम प्रधान और स्वयं सहायता समूह भी वितरण स्थल पर उपस्थित रहेंगे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के द्वारा 13 एवं 14 जून को वितरण किए जाने की सूचना ग्राम प्रधान और अन्य जन प्रतिनिधियों को दिया जाएगा।

**पुलिस भी एक परिवार, बिना कार्य के भी थाने पर आएं आमजन: सोमेंद्र मीणा**

# एसपी ने नवनिर्मित थानाध्यक्ष कक्ष का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज**

फरेंदा सर्किल के गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित थाना पुरन्दरपुर में नवनिर्मित थानाध्यक्ष कक्ष का पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने मंगलवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि कक्ष का निर्माण होने से अधीनस्थों को आएं हुए लोगों के साथ मिलकर संवाद करने में बेहतर साबित होगा। परिसर में थानाध्यक्ष कक्ष बनने से क्षेत्रीय जनता को लाभ मिलेगा और अधिकारी समय-समय पर जन समस्याओं का एक कक्ष में बैठकर फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। पूर्व में पुरन्दरपुर थानाध्यक्ष कक्ष बहुत ही छोटा कक्ष था जिससे आने वाले फरियादियों को असुविधा होती थी, लेकिन नया कक्ष बन जाने से लोगों को अपनी समस्या व्यवस्थित ढंग से बताने में सहूलियत मिलेगी और जिस तरह का वातावरण व प्रवेश होता है उस हिसाब से लोगों का विकास होता हैं, उन्होंने कहा कि वातावरण संतुलित और सुचारू होना बहुत ही आवश्यक है। मौके पर मौजूद लोगों से वार्ता करते हुए बताया कि परिवार व क्षेत्र में शांति का माहौल बना रहें




इसके लिए सबसे पहले सभी को विवाद से बचना होगा क्योंकि विवाद में फंस कर लोग अपनी जिंदगी खराब कर देते हैं। शिक्षा व्यवसाय में बहुत सारे बाधाएं उत्पन्न हो जाती हैं।

इसलिए विवाद से बचना चाहिए। अगर व्यक्ति आपस में मिलजुल कर कार्य करें तो पुलिस के कार्यों में बहुत ही आसानी होगी। अंत में उन्होंने कहा कि ऐ भी जरूरी नहीं है की जब काम रहे तभी थाने पर आए बिना काम के भी कभी-कभी आते रहा करे पुलिस भी एक परिवार है जो गैर जनपद से आकर हमेशा आप लोगों की सेवा में तत्पर हैं। इस मौके पर फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार, थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव, उपनिरीक्षक संदीप यादव, कांस्टेबल हरिप्रताप यादव सहित क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में भी ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक हों: यूटा

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

आगरा यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा आगरा के जिला अध्यक्ष केशव दीक्षित एवं जिला महामंत्री राजीव वर्मा ने परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून को समाप्त हो रहा हैं।16 जून का रविवार है और 17 जून को ईद के कारण अवकाश है। 18 जून को विद्यालय खुलेंगे लेकिन गर्मी का प्रकोप अभी चरम सीमा पर है, 16 से 30 जून तक गर्मी से राहत मिलने का अभी कोई संकेत नहीं है, मौसम विभाग निरंतर गर्मी का संदेश प्रसारित कर रहा है। तापमान भी 40 से 44 डिग्री तक रहने का अनुमान है। कक्षा 8 तक के बच्चों का विद्यालय में 2 बजे तक रहना उचित नहीं, इसका बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## कार्यालय ग्रा.पं. मोहम्मदपुर उर्फ जंगल बबन, वि.ख. कैंम्पियरगंज गोरखपुर

**अल्पकालिक निविदा वर्ष 2024-25**

मनरेगा, चतुर्थ, पंचम, राज्यवित्त, चौदहवां, पन्द्रहवां, वित्त, एस.एल.डब्लू.एस., सांसद, विधायक निधि एवं अन्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत एवं कराए जाने वाले कार्य हेतु सामग्री हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापार कर में पंजीकृत हो, फर्म जी. एस. टी. के अंतर्गत रजिस्टर्ड हो, लोक निर्माण विभाग के मानक विशिष्टयों पर कार्यस्थल तक सीमेंट, भवन निर्माण के लिए ईंट, इंटरलॉकिंग ईंट, सड़क निर्माण कार्य एवं नाली निर्माण कार्य में उपयोग की समस्त सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन व पंचायत भवन, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, निर्माण सामग्री, कन्टेजेन्सी अंतर्गत ऑफिस उपयोग की सामग्री, प्रशासनिक मद अन्तर्गत क्रय की जाने वाली सामग्री, एस ओबी ईंट, सीमेंट, साधरण बालू, मोरंग, सरिया, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हयूम पाइप, साइन बोर्ड, डस्टबीन, इंण्डिया मार्का हैण्ड पम्प -2, वाल पेंटिंग, हैंड पम्प मरम्मत में प्रयुक्त पार्ट, टाइल्स, दरवाजा, शौचालय सीट, फागिंग मशीन, ठेला, सेनिटाइ जेशन सामग्री, प्रचार प्रसार हेतु वाल पेंटिंग, सफाई किट, मच्छर रोधी फागिंग किट सप्लाई, डिजिटलीकरण आदि सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रकाशन की तिथि व समय से ही निविदा फॉर्म ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है **दिनांक-18 जून 2024 को सायं 02 बजे** निविदा जमा की जा सकती है और **उसी दिन समय 3 बजे** आपूर्तिकर्ता/प्रतिनिधि की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोली जाएगी। नियम एवं शर्तें निविदा फॉर्म में वर्णित हैं। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

**नीलम यादव**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर उर्फ जंगल बबन
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

**देश दीपक**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर उर्फ जंगल बबन
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

## कार्यालय ग्रा.पं. गोपालगंज उर्फ हरनामपुर, वि.ख. कैंम्पियरगंज गोरखपुर

**अल्पकालिक निविदा वर्ष 2024-25**

मनरेगा, चतुर्थ, पंचम, राज्यवित्त, चौदहवां, पन्द्रहवां, वित्त, एस.एल.डब्लू.एस., सांसद, विधायक निधि एवं अन्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत एवं कराए जाने वाले कार्य हेतु सामग्री हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापार कर में पंजीकृत हो, फर्म जी. एस. टी. के अंतर्गत रजिस्टर्ड हो, लोक निर्माण विभाग के मानक विशिष्टयों पर कार्यस्थल तक सीमेंट, भवन निर्माण के लिए ईंट, इंटरलॉकिंग ईंट, सड़क निर्माण कार्य एवं नाली निर्माण कार्य में उपयोग की समस्त सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन व पंचायत भवन, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, निर्माण सामग्री, कन्टेजेन्सी अंतर्गत ऑफिस उपयोग की सामग्री, प्रशासनिक मद अन्तर्गत क्रय की जाने वाली सामग्री, एस ओबी ईंट, सीमेंट, साधरण बालू, मोरंग, सरिया, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हयूम पाइप, साइन बोर्ड, डस्टबीन, इंण्डिया मार्का हैण्ड पम्प -2, वाल पेंटिंग, हैंड पम्प मरम्मत में प्रयुक्त पार्ट, टाइल्स, दरवाजा, शौचालय सीट, फागिंग मशीन, ठेला, सेनिटाइ जेशन सामग्री, प्रचार प्रसार हेतु वाल पेंटिंग, सफाई किट, मच्छर रोधी फागिंग किट सप्लाई, डिजिटलीकरण आदि सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रकाशन की तिथि व समय से ही निविदा फॉर्म ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता हैं **दिनांक-19 जून 2024 को सायं 02 बजे** निविदा की जमा की जा सकती हैं और **उसी दिन समय 3 बजे** आपूर्तिकर्ता /प्रतिनिधि की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोली जाएगी। नियम एवं शर्तें निविदा फॉर्म में वर्णित है। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

**दुर्गेश यादव**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गोपालगंज उर्फ हरनामपुर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

**देश दीपक**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गोपालगंज उर्फ हरनामपुर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

## कार्यालय ग्रा.पं. चन्दीपुर, वि.ख. कैंम्पियरगंज गोरखपुर

**अल्पकालिक निविदा वर्ष 2024-25**

मनरेगा, चतुर्थ, पंचम, राज्यवित्त, चौदहवां, पन्द्रहवां,वित्त, एस.एल.डब्लू.एस. सांसद, विधायक निधि एवं अन्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत एवं कराए जाने वाले कार्य हेतु सामग्री हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापारकर में पंजीकृत हो , फर्म जी. एस. टी. के अंतर्गत रजिस्टर्ड हो, लोक निर्माण विभाग के मानक विशिष्टयो पर कार्यस्थल तक सीमेंट, भवन निर्माण के लिए ईंट, इंटरलॉकिंग ईंट, सड़क निर्माण कार्य एवं नाली निर्माण कार्य में उपयोग की समस्त सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन व पंचायत भवन, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, निर्माण सामग्री, कन्टेजेन्सी अंतर्गत ऑफिस उपयोग की सामग्री, प्रशासनिक मद अन्तर्गत क्रय की जाने वाली सामग्री, एस ओबी ईंट, सीमेंट , साधरण बालू, मोरंग,सरिया,सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हयूम पाइप, साइन बोर्ड, डस्टबीन, इंण्डिया मार्का हैण्ड पम्प -2,वाल पेंटिंग, हैंड पम्प मरम्मत में प्रयुक्त पार्ट, टाइल्स, दरवाजा, शौचालय सीट, फागिंग मशीन, ठेला, सेनिटाइजेशन सामग्री, प्रचार प्रसार हेतु वाल पेंटिंग, सफाई किट, मच्छर रोधी फागिंग किट सप्लाई, डिजिटलीकरण आदि सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रकाशन समय से ही निविदा फॉर्म ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है। **दिनांक-26 जून 2024 को सायं 02 बजे** निविदा की जमा की जा सकती है और **उसी दिन समय 3 बजे** आपूर्तिकर्ता/प्रतिनिधि की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोली जाएगी। नियम एवं शर्तें निविदा फॉर्म में वर्णित है। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

**त्रिपुरेश्वर नाथ**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चन्दीपुर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

**रुप नरायन**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चन्दीपुर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

## कार्यालय ग्रा.पं. ठाकुर नगर, वि.ख. कैंम्पियरगंज गोरखपुर

**अल्पकालिक निविदा वर्ष 2024-25**

मनरेगा, चतुर्थ, पंचम, राज्यवित्त, चौदहवां, पन्द्रहवां, वित्त, एस.एल.डब्लू.एस., सांसद, विधायक निधि एवं अन्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत एवं कराए जाने वाले कार्य हेतु सामग्री हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापारकर में पंजीकृत हो, फर्म जी. एस. टी. के अंतर्गत रजिस्टर्ड हो, लोक निर्माण विभाग के मानक विशिष्टयो पर कार्यस्थल तक सीमेंट, भवन निर्माण के लिए ईंट , इंटरलॉकिंग ईंट, सड़क निर्माण कार्य एवं नाली निर्माण कार्य में उपयोग की समस्त सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन व पंचायत भवन, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, निर्माण सामग्री,कन्टेजेन्सी अंतर्गत ऑफिस उपयोग की सामग्री, प्रशासनिक मद अन्तर्गत क्रय की जाने वाली सामग्री ,एस ओबी ईंट, सीमेंट, साधरण बालू, मोरंग, सरिया, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हयूम पाइप,साइन बोर्ड, डस्टबीन, इंण्डिया मार्का हैण्ड पम्प -2, वाल पेंटिंग, हैंड पम्प मरम्मत में प्रयुक्त पार्ट, टाइल्स, दरवाजा, शौचालय सीट, फागिंग मशीन, ठेला, सेनिटाइजेशन सामग्री, प्रचार प्रसार हेतु वाल पेंटिंग, सफाई किट, मच्छर रोधी फागिंग किट सप्लाई, डिजिटलीकरण आदि सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रकाशन समय से ही निविदा फॉर्म ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है। **दिनांक-19 जून 2024 को सायं 02 बजे** निविदा की जमा की जा सकती हैं और **उसी दिन समय 3 बजे** आपूर्तिकर्ता/प्रतिनिधि की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोली जाएगी। नियम एवं शर्तें निविदा फॉर्म में वर्णित है। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

**सत्यानन्द**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत ठाकुर नगर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

**जितेंद्र कुमार**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ठाकुर नगर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

# प्रदूषित हो रही हवा: धड़ल्ले से हो रहा जेसीबी से अवैध मिट्टी खनन

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**



बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए जिला प्रशासन ने किसी भी तरह के खनन पर रोक लगा रखी है। उसके बावजूद मिट्टी माफिया खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शहर के पास थाना मडराक व थाना रोरावर,थाना लोधा, थाना जवां व थाना अकराबाद के अलावा अन्य थाना क्षेत्रों में मिट्टी का अवैध खनन बड़े स्तर पर हो रहा है। खनन प्रदूषण को बढ़ा रहा है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अवैध खनन करने वाले खनन माफियाओं पर शिकंजा कसा हैं। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद खनन का गोरखधंधा बंद कराने की दृढ़ता दिखाई, नीति बनाई, कड़े निर्देश भी जारी किए। लेकिन अलीगढ़ जिले में बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है।

एनजीटी के आदेशों को पूरी तरह हवा में उड़ाते खनन माफिया पुलिस, प्रशासन और खनन विभाग तीनों से सेटिंग कर धड़ल्ले से अपना काम कर रहे हैं। अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। जिससे सड़कों की दुर्दशा बेहद से ज्यादा ध्वस्त हो चुकी है। इस बात की सूचना जिले से लेकर उच्च अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, क्योंकि प्रशासन को अवैध मिट्टी खनन कराने से मोटी रकम जो मिल रही है।

इसके कारण अधिकारियों द्वारा पूछे जाने पर भी क्षेत्रीय प्रशासन सबकुछ ठीक होने की बात कहकर पुनः अवैध मिट्टी खनन का कारोबार चलने लगता है। देहात क्षेत्रों में मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार बड़े स्तर पर हो रहा है। जिसके चलते देर रात तक थाना मडराक रोड़ पर मिट्टी से भरे डंपर दौड़ते रहते है। वहीं थाना रोरावर और थाना लोधा क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार दिनोंदिन फलता फूलता जा रहा है। रात के नौ बजते ही इन क्षेत्रों से अवैध खनन करके लाई गई मिट्टी डंपरों की मदद से कॉलोनियों में पहुंचाई जा रही है। रात के समय में अनियंत्रित गति से चलने वाले इन डंपरों से किसी बड़े हादसे की संभावना बनी हुई है। दिन के समय में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सहायता से अवैध खनन किया जा रहा है। वहीं कुछ महीनों पूर्व इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से भी की गई थी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।

**परमिशन है जरूरी**

जेसीबी से मिट्टी खनन के लिए प्रशासन से परमिशन लेना जरूरी है। यहां तक कि अपने खेत की भी मिट्टी काटनी है तो उसके लिए परमिशन चाहिए, लेकिन क्षेत्र में चल रहे दर्जनों जेसीबी रोज मिट्टी खनन कर रहे हैं। इनमें से अधिकतर बिना लाइसेंस के खनन के काम में लगे हुए हैं।

## कार्यालय ग्रा.पं. माधोपुर, वि.ख. कैंम्पियरगंज गोरखपुर

**अल्पकालिक निविदा वर्ष 2024-25**

मनरेगा, चतुर्थ, पंचम, राज्यवित्त, चौदहवां, पन्द्रहवां,वित्त, एस.एल.डब्लू.एस. सांसद, विधायक निधि एवं अन्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत एवं कराए जाने वाले कार्य हेतु सामग्री हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापारकर में पंजीकृत हो, फर्म जी. एस. टी. के अंतर्गत रजिस्टर्ड हो, लोक निर्माण विभाग के मानक विशिष्टयो पर कार्यस्थल तक सीमेंट, भवन निर्माण के लिए ईंट , इंटरलॉकिंग ईंट, सड़क निर्माण कार्य एवं नाली निर्माण कार्य में उपयोग की समस्त सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन व पंचायत भवन, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, निर्माण सामग्री, कन्टेजेन्सी अंतर्गत ऑफिस उपयोग की सामग्री, प्रशासनिक मद अन्तर्गत क्रय की जाने वाली सामग्री, एस ओबी ईंट, सीमेंट, साधरण बालू, मोरंग, सरिया,सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हयूम पाइप,साइन बोर्ड, डस्टबीन, इंण्डिया मार्का हैण्ड पम्प -2,वाल पेंटिंग, हैंड पम्प मरम्मत में प्रयुक्त पार्ट, टाइल्स, दरवाजा, शौचालय सीट, फागिंग मशीन, ठेला, सेनिटाइजेशन सामग्री, प्रचार प्रसार हेतु वाल पेंटिंग, सफाई किट, मच्छर रोधी फागिंग किट सप्लाई, डिजिटलीकरण आदि सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रकाशन की तिथि व समय से ही निविदा फॉर्म ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है **दिनांक-20जून 2024 को सायं 02 बजे** निविदा की जमा की जा सकती हैं और **उसी दिन समय 3 बजे** आपूर्तिकर्ता/प्रतिनिधि की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोली जाएगी। नियम एवं शर्तें निविदा फॉर्म में वर्णित हैं। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

**कृष्णा नन्द यादव**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत माधोपुर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

**देश दीपक**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत माधोपुर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

## कार्यालय ग्रा.पं. करीमनगर, वि.ख. कैंम्पियरगंज गोरखपुर

**अल्पकालिक निविदा वर्ष 2024-25**

मनरेगा, चतुर्थ, पंचम, राज्यवित्त, चौदहवां, पन्द्रहवां,वित्त, एस.एल.डब्लू.एस. सांसद, विधायक निधि एवं अन्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत एवं कराए जाने वाले कार्य हेतु सामग्री हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापार कर में पंजीकृत हो, फर्म जी. एस. टी. के अंतर्गत रजिस्टर्ड हो, लोक निर्माण विभाग के मानक विशिष्टयो पर कार्यस्थल तक सीमेंट, भवन निर्माण के लिए ईंट, इंटरलॉकिंग ईंट, सड़क निर्माण कार्य एवं नाली निर्माण कार्य में उपयोग की समस्त सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन व पंचायत भवन, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, निर्माण सामग्री, कन्टेजेन्सी अंतर्गत ऑफिस उपयोग की सामग्री, प्रशासनिक मद अन्तर्गत क्रय की जाने वाली सामग्री, एस ओबी ईंट, सीमेंट, साधरण बालू, मोरंग, सरिया, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हयूम पाइप,साइन बोर्ड, डस्टबीन, इंण्डिया मार्का हैण्ड पम्प -2, वाल पेंटिंग, हैंड पम्प मरम्मत में प्रयुक्त पार्ट, टाइल्स, दरवाजा, शौचालय सीट, फागिंग मशीन, ठेला, सेनिटाइजेशन सामग्री, प्रचार प्रसार हेतु वाल पेंटिंग, सफाई किट, मच्छर रोधी फागिंग किट सप्लाई, डिजिटलीकरण आदि सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रकाशन की तिथि व समय से ही निविदा फॉर्म ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है। **दिनांक-21 जून 2024 को सायं 02 बजे** निविदा की जमा की जा सकती है और **उसी दिन समय 3 बजे** आपूर्तिकर्ता /प्रतिनिधि की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोली जाएगी। नियम एवं शर्तें निविदा फॉर्म में वर्णित हैं। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

**उर्मिला देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत करीमनगर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

**देश दीपक**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत करीमनगर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

## कार्यालय ग्रा.पं. गोपालापुर, वि.ख. कैंम्पियरगंज गोरखपुर

**अल्पकालिक निविदा वर्ष 2024-25**

मनरेगा, चतुर्थ, पंचम, राज्यवित्त, चौदहवां, पन्द्रहवां, वित्त, एस.एल.डब्लू.एस., सांसद, विधायक निधि एवं अन्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत एवं कराए जाने वाले कार्य हेतु सामग्री हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापारकर में पंजीकृत हो, फर्म जी. एस. टी. के अंतर्गत रजिस्टर्ड हो, लोक निर्माण विभाग के मानक विशिष्टयो पर कार्यस्थल तक सीमेंट, भवन निर्माण के लिए ईंट , इंटरलॉकिंग ईंट, सड़क निर्माण कार्य एवं नाली निर्माण कार्य में उपयोग की समस्त सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन व पंचायत भवन, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, निर्माण सामग्री,कन्टेजेन्सी अंतर्गत ऑफिस उपयोग की सामग्री, प्रशासनिक मद अन्तर्गत क्रय की जाने वाली सामग्री ,एस ओबी ईंट, सीमेंट, साधरण बालू, मोरंग, सरिया, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हयूम पाइप,साइन बोर्ड, डस्टबीन, इंण्डिया मार्का हैण्ड पम्प -2, वाल पेंटिंग, हैंड पम्प मरम्मत में प्रयुक्त पार्ट, टाइल्स, दरवाजा, शौचालय सीट, फागिंग मशीन, ठेला, सेनिटाइजेशन सामग्री, प्रचार प्रसार हेतु वाल पेंटिंग, सफाई किट, मच्छर रोधी फागिंग किट सप्लाई, डिजिटलीकरण आदि सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रकाशन समय से ही निविदा फॉर्म ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है। **दिनांक-18 जून 2024 को सायं 02 बजे** निविदा की जमा की जा सकती हैं और **उसी दिन समय 3 बजे** आपूर्तिकर्ता/प्रतिनिधि की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोली जाएगी। नियम एवं शर्तें निविदा फॉर्म में वर्णित है। निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

**मुन्ना**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गोपालापुर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

**जितेंद्र कुमार**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गोपालापुर
वि.ख.-कैंम्पियरगंज, गोरखपुर

## 15 से शुरू होगा टेबल टेनिस टूर्नामेंट

**जन एक्सप्रेस/इंदिरापुरम/गाजियाबाद।** इंदिरापुरम में 15 जून से तीन दिवसीय पहला ऑल इंडिया समर ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट शुरू होगा। आयोजन स्टैग लेट्स प्ले टेबल टेनिस एकेडमी इंदिरापुरम द्वारा किया जाएगा। अकादमी के फाउंडर अमित गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट में इंडिया के सभी जिलों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट अंडर-9, अंडर-11, अंडर 13, अंडर 15, अंदर 17, अंदर 19, मेंस, विमेंस, वेटरेनस, कॉर्पोरेट की सिंगल और डबल्स बीच खेला जाएगा। 15 जून को अंडर 9, अंदर 11, अंदर 13, अंदर 15, अंडर 17 की प्रतियोगिताएं और 16 जून को वेटरेंस व कार्पोरेट की प्रतियोगिताएं व 17 जून को अंदर 19, मेंस, विमेंस की प्रतियोगिताएं होंगी।

## धन्यवाद यात्रा निकाल कांग्रेस जताएगी वोटरों का आभार

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को भी गाजियाबाद की जनता का भरपूर समर्थन मिला है। इसलिए पार्टी प्रत्याशी के साथ वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मंगलवार से 15 जून तक धन्यवाद यात्रा निकालेंगे। यह यात्रा सभी विधानसभा क्षेत्रों में निकाली जाएगी। सोमवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में हुई प्रेसवार्ता में गाजियाबाद से गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा ने बताया कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर धन्यवाद यात्रा निकाली जा रही है। गाजियाबाद में भले ही कांग्रेस चुनाव हार गई, लेकिन गाजियाबाद के वोटरों ने कांग्रेस को दिल खोलकर वोट दिया है। पार्टी आमजन की आवाज हमेशा उठाती रहेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी ने कहा कि चुनाव में ग्रामीण मतदाताओं का भी पूरा समर्थन मिला है। इसलिए कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों व जिले में आने वाली धौलाना और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में जाकर जनता का धन्यवाद करेंगे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, संजीव शर्मा, जेके गौड़, हरेंद्र अग्रवाल, नसीम खान, अमोल वशिष्ट, राजेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

## ठग गिरोह के सरगना की तलाश में दबिश जारी

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** देश-विदेश के नामी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एडमिशन दिलाने के नाम पर छात्रों से करोड़ों की ठगी के मामले में फरार चल रहे सरगना सोनू कुमार उर्फ रणवीर सिंह का पता पुलिस अब तक नहीं लगा पाई है। पुलिस की दो टीमें पटना व पुणे में सरगना की तलाश में दबिश दे रही हैं। पहले सोनू का लोकेशन पुणे में मिला था। अब अंतिम लोकेशन गोवा में मिला है। सोमवार को कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने सेक्टर-62 में चले रहे ऑफिस में दबिश देकर दो युवतियों समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपी 12वीं पास छात्रों को मनचाहे कॉलेज और विश्वविद्यालय में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 5.6 करोड़ रुपये के 61चेक, कार, 3.90 लाख रुपये, दो लैपटॉप, 16 मोबाइल और डायरी समेत अन्य सामान बरामद किया था। गिरोह में शामिल युवतियों के परिजनों का कहना है कि उनकी बेटियों के बारे में यह जानकारी नहीं थी कि वह ठगी का काम कर रही हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म से भारत और विदेशों में नामी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं का दाखिला कराने के नाम पर संपर्क करते थे।

## नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ में युवक पर मुकदमा दर्ज

**किरावली।** थाना किरावली के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने तहरीर देकर बताया कि सोमवार को मां की तबियत खराब होने के कारण मायके गई थी। तथा पति आगरा मजदूरी पर गए थे। पीड़िता की 13 वर्षीय पुत्री घर मे अकेली थी। घर में पुत्री को अकेला पाकर दोपहर में गांव नानपुर के निबासी युवक छोटू पुत्र निहाला जाटव घर मे घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। नाबालिग की आवाज सुनकर मकान मालकिन आ गई। जिसको देखकर आरोपित मौके से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुध्द छेड़छाड़ और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 7 और 8 में मुकदमा दर्ज किया है।

## रामनाथ ठाकुर को केंद्रीय राज्यमंत्री बनाये जाने पर सविता समाज मे खुशी की लहर

**किरावली।** कस्बे के गांव अभुआपुरा में स्थित सविता सेन समाज की चौपाल पर बैठक आयोजित हुई। बैठक में गुड्डू सविता ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक में वक्ताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न से सम्मानित कर्पूरी ठाकुर के पुत्र बेटे रामनाथ ठाकुर को केंद्र सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त कर भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम के समापन पर मिठाई बांटी गई।

# पत्रकार को लूटा, ताज प्रेस क्लब और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गुस्से में

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

ताजनगरी आगरा के थाना इरादतनगर के कुर्रा चित्तरपुर रोड़ पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार मोहनलाल जैन को लूट लिया। इस घटना से ताज प्रेस क्लब और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएएन गुस्से में हैं। पुलिस कमिश्नर से मांग की गई कि लुटेरों का पता लगाया जाए। मोहन लाल जैन ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला संरक्षक भी हैं। घटना सोमवार रात्रि की है कुर्रा चित्तरपुर निवासी मोहनलाल जैन अधिवक्ता से मिलने मुबारकपुर गांव गए थे। रात्रि में करीब सवा दस बजे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। कुर्रा चित्तरपुर रोड (कुर्रा रोड के नाम से प्रसिद्ध) पर कुछ ही दूर चले थे कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने रोक लिया। एक बदमाश ने डंडा दिखाया तो मोहनलाल जैन ने उसे डपटा और पूछा कि तू कहां से, क्या मुझे नहीं जानता। तीनों बदमाश नवयुवक लग रहे थे। बदमाशों ने कहा कि हम सिर्फ पैसों को जानते हैं। जल्दी से पैसे निकाल,पत्रकार ने मना किया तो एक बदमाश ने तमंचे में कारतूस डाला और कनपटी पर लगा दिया। एक बदमाश ने बाइक की चाबी छीन ली। यह देख पत्रकार ने पर्स निकाला और 500 का नोट देते हुए कहा कि इतने ही हैं। बदमाश नहीं माने। पर्स में रखे करीब 5000 रुपये निकाल लिए।

इस घटनाक्रम के बीच एक बड़ा वाहन आता दिखाई दिया। इसके बाद बदमाश ने पत्रकार की बाइक की चाबी फेंक दी। फिर स्टार्ट बाइक पर बैठकर तीनों फरार हो गए। तीसरा बदमाश स्टार्ट बाइक पर बैठा हुआ था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तब तक बदमाश गायब हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पत्रकार मोहनलाल जैन का कहना है कि लुटरे नई पीढ़ी के हैं। वे पहले भी देर रात्रि में वापस लौटे हैं, कभी कोई घटना नहीं हुई है। वहीं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर देव तिवारी, मण्डल अध्यक्ष अखिलेश सक्सेना, प्रदेश संगठन मंत्री नरेश सक्सेना, जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर पाराशर, रामहेत शर्मा, राजेश शर्मा, संत कुमार, नीरज परिहार,उमेंद्र भदोरिया, सुरेश राजपूत, अध्यक्ष विष्णु सिकरवार, प्रमेंद्र फौजदार, मुहम्मद इस्माइल,इंद्रेश तोमर, राहुल शर्मा ने अपराधियों को गिफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पत्रकार पुलिस कमिश्नर से मिलकर पत्रकारों की जान-माल की सुरक्षा की मांग करेंगे। ताज प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनयन शर्मा, महासचिव केपी सिंह, उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, डॉ. भानु प्रताप सिंह, अनुपम चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष मनोज मित्तल, सचिव पवन तिवार ने घटना पर आक्रोश जताया है।

## नोटिस नमूना आम

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय, पारिवारिक न्यायालय जनपद रायबरेली**

मु0अ0सं0-566/2024
**तारीख पेशी-27.06.2024**

किरन कुमारी उम्र 45 वर्ष पत्नी श्री कृष्ण यादव पुत्र स्व0 नन्दन सिंह निवासिनी केन्द्रीय हिन्दी संस्थान (रूप नगर) थाना न्यू आगरा, जनपद आगरा, वर्तमान पता ग्राम सोहलिया, पोस्ट रहवां थाना हरचन्दपुर, जिला रायबरेली।

**.....प्रार्थिनी**

**बनाम**

श्री कृष्ण यादव पुत्र स्व0 नन्दन सिंह निवासी केन्द्रीय हिन्दी संस्थान (रूप नगर) दयाल बाग, थाना न्यू आगरा, जनपद आगरा।

**...विपक्षी**

चूंकि उपरोक्त वाद में श्रीमती किरन कुमारी ने दावा इस न्यायालय में **अं0धारा-125 दं0प्र0 सं0** में आपके खिलाफ वाद दायर किया है जिसमें आपको सम्मन किया जाता है। कि आप **दिनांक 27.06.2024 सुबह 8 बजे** कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब दे सकने में सक्षम हो कोर्ट में उपस्थित हो।

अत: आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते है तो, उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जाएगा।

जारी करने की तिथि 08.06.2024

**हस्ताक्षर**
श्रीमान प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली।

# बड़े मंगल पर ईदगाह कॉलोनी में महंत विशाल सेवक ने लगाया बालाजी का भव्य दरबार, लगे जयकारे

- गांधी स्टेडियम रोड स्थित वी.आई.पी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पूरे दिन चला विशाल भंडारा
- राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के टनकपुर रोड स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर श्रद्धालुओं को पिलाया गया शीतल मीठा शरबत







जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज जेष्ठ महा के तीसरे मंगल को बड़े मंगल के रूप में पूरे जनपद में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जगह-जगह हुए हनुमान मंदिरों पर श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ सुंदरकांड पाठ, विशाल हवन, विशाल भंडारे, मीठे शरबत के प्याऊ की रही धूम।

ईदगाह कॉलोनी में सभासद एवं महंत विशाल सेवक द्वारा श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार लगाकर भजन संकीर्तन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ो हनुमान भक्तों की भीड़ उमड़ी भक्तों, श्रद्धालुओं ने भजन अमृत वर्षा के बीच घूमते हुए दोनों हाथ उठाकर जय बजरंगी जय हनुमान जय श्री राम जय जय श्री राम के जगन भेदी जयकारे लगाए। समापन से पूर्व विशाल हवन अनुष्ठान करके भक्तों को हलवे एवं बूंदी लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। गांधी स्टेडियम रोड स्थित वी आई पी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पंचमुखी हनुमान चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक वाणिज्य कर अधिवक्ता शिरिष सक्सेना के नेतृत्व में बड़े मंगल(बुढ़वा मंगल) के अवसर पर पंचमुखी हनुमान जी का पूजन अर्चन माल्यार्पण करने के बाद आरती करके भोग लगाकर विशाल भंडारा दिनभर चला तथा इसी के साथ श्रद्धालुओं को राहगीरों को शीतल मीठे शरबत का वितरण देर शाम तक किया गया। इस भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं भक्तों की सुविधा के लिए शिरिष सक्सेना एडवोकेट द्वारा बड़े-बड़े कूलर मंदिर पर लगाए गए। उधर टनकपुर रोड स्थित गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसंपर्क कार्यालय पर राहगीरों, भक्तों के लिए मीठा शरबत पिलाया गया। यह कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा जिसमें जनसंपर्क कार्यालय के प्रभारी सुनील मिश्रा, मीडिया प्रमुख पत्रकार ऋषि श्रीवास्तव, विजय गंगवार, ललौरी खेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय गंगवार, राज्य मंत्री पिता बाबूराम गंगवार, राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के पूर्व विधायक प्रतिनिधि महाकवि नोटरी अधिवक्ता अविनाश चंद्र मिश्रा उपस्थित रहें।

पीलीभीत जनपद में पहली बार चार दशक पूर्व लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत आध्यात्मिक कवि पंडित देवेंद्र चंद्र त्रिवेदी के खैरुल्लाह शाह स्थित निवास पर उनकी धर्मपत्नी उपभोक्ता भंडार की पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चे की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती सुषमा त्रिवेदी द्वारा अपने घर के आंगन में पाक पकवान बनाकर हनुमान जी की पूजा अर्चना करके बड़ा मंगल पर्व मनाने की प्रथा शुरू की गई थी।

गोपी जीवन गोस्वामी के द्वारा गोपीनाथ राधा रमन मंदिर में बीते 25 वर्षों से लगातार जेठ माह में श्री राधा कृष्ण के अभिषेक का भाव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु भाग लेते हैं

अभिषेक के बाद ब्रह्म भोज का आयोजन यजमाओं द्वारा रोजाना किया जाता है। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर में किया जाता है।

## मारपीट कर ग्रामीण से 16 हजार रुपए की नकदी व ट्रैक्टर के पार्ट्स छीने

- पूरनपुर के सिरसा चौराहे पर बिलंदपुर अशोक के ग्रामीण के साथ हुई घटना
- गांव के ही कुछ लोगों पर आरोप, ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की जांच

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

मंगलवार को नगर के सिरसा चौराहे पर ग्रामीण के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिशन मारपीट की। आरोप है कि 16500 रुपए की नकदी समेत ट्रैक्टर के पार्टस छीन लिए। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। ग्रामीण जब शिकायत करने कोतवाली पहुंचा तो पीछे से आए आरोपित दोबारा हमलावर हो गए। वहां मौजूद पुलिस ने उनको बचाया और एक युवक को पकड़ लिया। ग्रामीण ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस द्वारा मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलंदपुर अशोक के लालबहादुर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह नगर में ट्रैक्टर पार्ट्स की खरीददारी करने आए थे। साथ में छोटा भाई परषोत्तम भी था। शाम करीब साढ़े चार बजे नगर के सिरसा चौराहे पर ठेले पर चाट खा रहे थे। इस दौरान गांव के कुछ लोग आ गए और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। लात-घूसों से पिटाई कर चोटिल कर दिया। इससे चौराहे पर मौजूद लोगों में खलबली मच गई। आरोप है कि पिटाई करने के बाद उन लोगों बाइक की चाबी निकाल ली। इसके बाद ट्रैक्टर के कुछ पार्ट्स और 16500 रुपए की नकदी छीन ली। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित कोतवाली में तहरीर देने पहुंचा तो वह लोग पीछे से आ गए। आरोप है कि पुलिस के सामने लड़ाई-झगड़ा करने पर अमादा हो गए। पुलिस ने बीच-बचाव करने के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। चौराहे पर दबंगों द्वारा मारपीट कर छिनैती की घटना को अंजाम देने से पीड़ित व उसके परिवार के लोग डरे-सहमे हैं। उनको जान-माल का खतरा है। हालांकि पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी हे। इंस्पेक्टर कोतवाली संजीव शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली जांच की जा रही।

## धनाराघाट मार्ग पर जाम लगाने के मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी

- चेकिंग के दौरान पिकअप रोकने के विरोध में इकट्ठा की थी भीड़
- पुलिस कर्मियों से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

> चेकिंग का विरोध कर आरोपियों ने पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आड़े तिरछे वाहन खड़े कर सड़क पर जाम लगा दिया। दस नामजद सहित अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।
>
> संजीव शुक्ला
> इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर।

**शेरपुर निवासी इन आरोपियों पर दर्ज हुई प्राथमिकी**

ताजिम पुत्र बशीर अहमद, मोहम्मद हशीब पुत्र शकील, वसीम पुत्र नवी हुसैन, अजीम पुत्र नवी हुसैन, फरमान पुत्र अली हसन, मुन्ना पुत्र अली हसन, जुनैद पुत्र साबिर, जाबिर पुत्र इदरीश, मोहम्मद हनीफ उर्फ लल्ला पुत्र कल्लू, हसीब उर्फ बंटी पुत्र मोहब्बत शेर खां आदि अज्ञात।

कुर्बानी के लिए लाए गए पड्डों से भरी पिकअप रोकने के विरोध में पुलिस के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले दस नामजद सहित अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।आरोपियों ने सड़क जाम कर पुलिस के विरोध में नारेबाजी की थी।

सोमवार कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला में शाम पांच बजे पुलिस सड़क पर बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। बकरीद पर कुर्बानी के लिए गांव में पिकअप में बिक्री के लिए पड्डे लाए गए थे। चेकिंग के दौरान पुलिस ने पिकअप को रोंक लिया था। चालक ताजिम और हसीब से पिकअप के कागज तलब किए। दोनों आरोपियो के शोर शराबा करने पर भीड़ एकत्र हो गई। मौके पर जुटे लोगों ने चेकिंग का विरोध कर सड़क पर आडे तिरछे वाहन खड़े कर जाम लगा दिया था।सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हो गई। उग्र ग्रामीणों ने पुलिस के विरोध में प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। विरोध पर आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। हंगामा के बीच अफरा तफरी मच गई। दुकानदार शटर बंद कर भागने लगे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया। सड़क पर उतरी भीड़ अराजक हो गई। जानकारी पर पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक सिंह प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। डंडे फटकारने पर भीड़ खिसक गई। देर शाम पुलिस ने गांव में गश्त की थी। मामले में पुलिस ने दस नामजद सहित अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

## महिला एसडीओ के घर से उठा ले गई आभूषण और नकदी

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

कटरा कोतवाली क्षेत्र के भरुहना स्थित सरस्वती विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे विद्युत निगम के एसडीओ के घर से नकाबपोश महिला सोमवार को सुबह नकद रुपये और आभूषण समेत कीमती सामान उठा ले गए। उस दौरान परिवार के लोग सुबह दर्शन करने गये थे। दर्शन कर घर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। एसडीओ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

प्रतापगढ़ जिले के सलाहपुर निवासी विपिन कुमार पटेल विद्युत निगम के चुनार कार्यालय में उप खंड अधिकारी वितरण के पद पर तैनात हैं। वे परिवार के सदस्यों के साथ कटरा कोतवाली क्षेत्र के भरुहना स्थित सरस्वती विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। विपिन सोमवार को सुबह करीब पौने आठ बजे परिवार के सदस्यों के साथ पड़री स्थित एक मंदिर में दर्शन करने गए थे। दर्शन कर सुबह करीब 10 बजे घर लौटे तो सामान बिखरे पड़े थे।

## पूरनपुर स्टेशन चौराहे पर अतिक्रमण होने को लेकर पुलिस पर उठ रहे सबाल

- नगर चौकी के पास से शेरपुर रोड पर फल, सब्जी आदि ठेले लगाने वालों ने कर रखा है अतिक्रमण
- राहगीरों को आवागमन में करना पड़ रहा परेशानी का सामना

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



पुलिस के अनदेखा करने से पूरनपुर स्टेशन चौराहे पर फल, सब्जी के ठेले लगाने वालों ने कब्जा कर रखा है। इससे राहगीरों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि पुलिस के संरक्षण में यह ठेले लगाए जा रहे हैं। इससे पुलिस जानते हुए भी अनदेखा कर रही है। लोगों ने सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को खदेड़ने की मांग उठाई है।

पूरनपुर के कई मुख्य मार्गों पर रोजाना जाम की समस्या बनी रहती है। इसमें राहगीरों को फंसकर परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि कई मार्गों पर दुकानदारों ने नाले से आगे तक अतिक्रमण कर रखा है। इससे सड़कें संकुचित हो गई हैं। नगर की सड़कों पर दौड़ रहे ई रिक्शा भी जाम का कारण बन रहे हैं। पूरनपुर के स्टेशन चौराहे पर तो राहगीरों का निकलना ही दूभर हो रहा है। चौराहे से लेकर शेरपुर रोड पर रामलीला बाजार के पास तक फल और सब्जी के ठेले लगाने वालों ने अतिक्रमण कर रखा है। बताया जाता है कि तत्कालीन एसपी मुनिराज ने स्टेशन चौराहे को कब्जामुक्त कराया था। उनके पीलीभीत में रहने तक इस चौराहे पर अतिक्रमण नहीं किया गया। उनका स्थानांतरण होने के बाद फिर से लोगों ने अपना कब्जा जमा लिया। आरोप है कि स्टेशन चौराहे के पास में ही नगर चौकी है लेकिन पुलिस अतिक्रमणकारियों को अनदेखा कर रही है। इससे पुलिस पर भी मिलीभगत होने के आरोप लगने लगे हैं। सड़क पर दुकानदारों का अतिक्रमण होने से राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस चौराहे के पास में एक बैंक भी है। इसमें आने वाले ग्राहक भी बाइकों को बैंक के गेट के सामने सड़क पर आड़ी तिरछी खड़ी करते हैं। एक तरफ बाइकें होती हैं तो दूसरी तरफ फल और सब्जी वाले ठेले। इससे सड़क से लोगों का गुजरना दूभर हो जाता है। लोगों ने सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों को खदेड़ने की मांग की है।

## राजकीय आईटीआई कालेज का कार्य समय से पूर्ण न होने पर जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से ऊपर के लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। यूपी सिडको के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन बस स्टेशन बदलापुर को जुलाई 2024 तक पूर्ण कर लेने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास निमार्ण सम्बन्धी जो कार्य पूर्ण हो गया है उसे हैण्डओवर करने के निर्देश दिए गये। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को जिला शिक्षा और प्रशिक्षण केन्द्र के सुन्दरीकरण और निर्माण कार्य को 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। राजकीय आईटीआई कालेज शाहगंज का कार्य नवम्बर 2023 तक पूर्ण कराना था लेकिन कार्य पूर्ण नही कराया जा सका जिस पर ठेकेदार के ऊपर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में रिपोर्ट मांगी। उन्होंने सिद्दीकपुर स्टेडियम में निर्माणाधीन स्वीमिंगपुल, सिंथेटिक रैम्प, सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का रिवाइज स्टीमेट देने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं की फोटोग्राफ्स सहित पत्रावली तैयार करें। जिलाधिकारी ने सेतु निगम के कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कुत्तुपुर और जगदीशपुर के आगे वाली क्रासिंग के ओवर ब्रीज डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा जाए। शकरमंडी से कुत्तुपरु मार्ग को 01 सप्ताह के भीतर ठीक कराने के निर्देश एक्सईएन जलनिगम सचिन सिंह को दिये।जिलाधिकारी के द्वारा विभिन्न परियोजनाओं से सम्बन्धित जमीनी विवादों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुए विवादों को समाप्त कराया जाए। जमीन की अनुपलब्धता के सन्दर्भ में आरईएस, एसईएन जलनिगम, जलनिगम ग्रामीण, पीडब्ल्यूडी तथा डीपीएम सेतु निगम द्वारा भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी समस्या के सन्र्दभ में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया जिसपर उन्होंने सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय करते हुए समस्या के निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जमीन सम्बन्धी विवाद के कारण कार्य में रूकावट न आने पाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरुण कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नाबालिग बच्चों से मालिश कराने पर मुख्य आरक्षी हुआ निलंबित




जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

पुलिस चौकी इमिलिया चट्टी के अंदर नाबालिग बच्चों से मालिश कराने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने मुख्य आरक्षी को निलंबित कर क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन को मामले की जांच का निर्देश दिया है।

जिले में आए दिन किसी न किसी पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल हो रहा है। इससे पुलिस की छवि धूमिल हो रही है। शहर कोतवाली में नशे में धुत एक सिपाही का वीडियो वायरल हुआ था। कुछ दिन पहले दोस्त के साथ तहरीर देने गए युवक ने सक्तेशगढ़ में तैनात सिपाही से पानी मांगा तो शराब के नशे में धुप सिपाही ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। साथ ही धमकी भी दी। इसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने आचार संहिता प्रभावी होने के कारण उसे निलंबित करने के लिए चुनाव आयोग का पत्र लिखा था। इस बीच सोमवार को अहरौरा थाना क्षेत्र के इमिलिया चट्टी पुलिस चौकी के अंदर एक मुख्य आरक्षी का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें मुख्य आरक्षी तीन नाबालिग बच्चों से अपना हाथ-पैर दबवा कर मालिश करा रहा है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरक्षी अक्सर बच्चों को बुलाकर मसाज कराता है। नाबालिग बच्चों से मालिश कराने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक ने इसका संज्ञान लेते हुए मुख्य आरक्षी भानु प्रताप को निलंबित कर दिया। एएसपी ऑपरेशन ओपी सिंह ने बताया कि इमिलिया चट्टी चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी भानु प्रताप का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने तत्काल प्रभाव से मुख्य आरक्षी को निलंबित कर दिया है। इस मामले की जांच क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन से कराई जा रही है।

## अस्पताल में गंदगी देख भड़की सीएमओ अनुपस्थित स्वीपर का वेतन रोकने का निर्देश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0लक्ष्मी सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज के औचक निरीक्षण के दौरान एक डेंटल हाइजीनिस्ट एवं एक स्वीपर अनुपस्थित पाया गया, जिस पर संबंधित का वेतन बाधित करते हुए स्पष्टीकरण लेने हेतु अधीक्षक को निर्देश दिया गया। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की कमी थी एवं गंदगी व्याप्त थी, जिसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अत्यंत नाराजगी व्यक्त किया तथा तत्काल साफ-सफाई कराए जाने का निर्देश दिया।

चिकित्सालय में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता थी तथा चिकित्सकों द्वारा लोगों को आवश्यक दवाई दी जा रही थी। ओपीडी में आए रोगियों की जांच कम हो रही थी जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रोगियों की यथावशक जांच करने का निर्देश दिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुफ्तीगंज के साथ-साथ जनपद के समस्त चिकित्सालयों को निर्देश दिया कि पूर्व में अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वाराणसी मंडल वाराणसी द्वारा दिए गए 20 बिंदुओं के दिशा-निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन कराएं। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक चिकित्सालय के मुख्य गेट पर चिकित्सालय का नाम एवं चिकित्सालय के अंदर सभी डिपार्टमेंट के साइन डिस्प्ले होने चाहिए। पार्किंग, साफ-सफाई, रंगाई पुताई, टॉयलेट की सफाई निरंतर होनी चाहिए तथा पर्याप्त मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर भी उपलब्ध होना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देशित किया कि ओपीडी में दिखाने आए मरीज में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन लगवाए तथा मरीजों के बैठने की उचित एवं पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पीने के पानी की व्यवस्था भी होनी चाहिए। स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित ड्रेस के अनुसार उपलब्ध रहेंगे। बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण आवश्य कराएं और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की अनुमति लें। चिकित्सालय में सभी उपकरणों, दवाओं एवं पी पी ई किट की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। बेड, चद्दर इत्यादि साफ स्वच्छ होने चाहिए। बिजली एवं प्रकाश के लिए वैकल्पिक व्यवस्था जैसे जनरेटर, इनवर्टर भी होना अनिवार्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद के सभी चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि उपरोक्त बिंदुओं का अक्षरशः पालन कराएं जिससे आम जनमानस को गुणवत्तापरक चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा सके।

## राजनीतिक चर्चा में विवाद बढ़ने पर की पिटाई, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

थाना क्षेत्र के बौड़ई गांव में रविवार की रात बरात में चुनावी चर्चा को लेकर विवाद होने पर कुछ लोगों ने अपना दल एस के पदाधिकारी और एक अन्य व्यक्ति की पिटाई की पिटाई कर दी। बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। पीड़ित ने जिगना थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

जिगना थाना क्षेत्र के रुदईपुर गांव से बौड़ई में रविवार की शाम बरात गई थी। उसी बरात में भानु प्रताप बिंद (58) निवासी बागजोरावर तथा प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र के अखरी शाहपुर गांव निवासी मुकेश कुमार (19) शामिल होने गए थे। भानु प्रताप अपना दल एस के पदाधिकारी हैं। आरोप है कि बरात में शामिल रुदईपुर गांव निवासी त्रिवेणी प्रसाद, संजय कुमार, मनोज कुमार आदि से राजनीतिक चर्चा तथा चुनाव को लेकर बहस होने लगी। कहासुनी के दौरान विवाद बढ़ने पर लोगों ने अपना दल एस के पदाधिकारी भानु प्रताप और मुकेश कुमार की पिटाई कर बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। रविवार की रात सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत करा दिया।

सोमवार को सुबह जिगना थाने में भानु प्रताप ने तीन नामजद तथा तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार राय ने बताया कि तीन नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अस्सी घाट पर फूड कोर्ट हटाने पहुंची नगर निगम की टीम, विरोध के बीच सील कराई गईं दुकानें

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

अस्सी घाट पर स्थित स्ट्रीट फूड कोर्ट को खाली कराने मंगलवार को नगर निगम के साथ प्रवर्तन दल की टीम पहुंची। टीम के पहुंचते ही दुकानदारों और नगर निगम के अफसरों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते आरोप-प्रत्यारोप लगाने का दौर शुरू हो गया। इसके साथ ही दुकानदारों ने टीम को दौड़ा लिया। अफसरों का कहना था कि इनको अतिक्रमण हटाने के लिए समय दिया गया था। वहीं, दुकानदारों का कहना था कि पांच साल के लिए जगह अलॉट हुआ था, ऐसे में समय पूरा होने तक रहने दिया जाए।

स्थिति इतनी बिगड़ गई की पुलिस टीम को बुलाना पड़ा। नगर निगम प्रशासन का कहना था कि बैठक में बुलाने पर भी दुकानदार उपस्थित नहीं हुए। वहीं फूड कोर्ट के दुकानदारों का कहना था कि पिछले बैठक में सभी दुकानदार उपस्थित थे। कहा कि टेंडर खत्म होने से पहले ही नगर निगम की टीम हटाने आ गई। दुकानदारों का कहना है कि 2022 में फूड कोर्ट का उद्घाटन हुआ था, उसी समय दुकान के संचालन के लिए पैसे जमा किए थे। जो 2027 तक वैध है।

**यह है मामला**

बता दें कि पिछले दिनों नगर आयुक्त अक्षत वर्मा द्वारा अस्सी घाट स्थित आवंटित हाईजेनिक फूट स्ट्रीट की दुकानों का निरीक्षण किया गया था, निरीक्षण में पाया गया कि आवंटित दुकानदारों के द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप दुकानों का संचालन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में नगर आयुक्त ने सभी आवंटी दुकानदारों को अपना पक्ष रखने के लिए बैठक बुलाई थी, उस बैठक में दुकानदारों द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया। जिसको देखते हुए नगर आयुक्त ने सभी दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया गया था। इसके साथ ही फूड स्ट्रीट की दुकानों को एक सप्ताह में हटाने का निर्देश दिया था। दुकानदारों ने जब खाली नहीं किया तो मंगलवार को नगर निगम की टीम कब्जा खाली करवाने पहुंची और सभी दुकानों पर सरकारी सील लगाकर बंद कर दिया गया।

## श्री जगन्नाथ रथयात्रा प्रबंध समिति की बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर



गजिया टोला स्थित श्री ठाकुर राम कुमार मंदिर में रविवार को ट्रस्ट बोर्ड एवं श्री जगन्नाथ रथयात्रा प्रबंध समिति की कार्यकारिणी की संयुक्त रूप से बैठक हुई। इसमें रथयात्रा समिति का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

समिति में नवीन गुप्ता को संयोजक बनाया गया है। इनके अलावा सह संयोजक रूप नारायण अग्रहरि, गौरव बरनवाल, अलंकार जायसवाल, अंकित धवन, पवन उमर, मृत्युंजय त्रिपाठी, अंकित गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, शुभम कुमार को बनाया गया है। सह प्रभारी विनय मिश्र, गोपाल अग्रवाल, शिवांशु सिंह, अनूप गुप्ता, सुनील सिंह, राहुल चंद्र जैन, विशुन प्रसाद, अजय पांडेय, अजय सिंह राठौर, हिमांशु सेठ को बनाया गया है।सुरक्षा प्रमुख प्रवीण मौर्य, सुबौतो, निलांश दुबे, दिलीप पांडेय, गजानंद उमर को बनाया गया है। गौरव केसरी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इनके अलावा ऋतु केसरी, जाह्नवी कसेरा, डाली अग्रहरि, दीपा उमर, सारिका मैनी, उमा बरनवाल आदि को महिला प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। संचालन गौरव उमर ने किया।

# बिल्हौर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

* कानपुर मेयर प्रमिला पांडे ने पुत्र संग पहुंचकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए

**जन एक्सप्रेस | बिल्हौर**




बिल्हौर तहसील के वार्षिक चुनाव में परिणाम आने के बाद पूरी कमेटी को शपथ ग्रहण के लिए बार एसोसिएशन बिल्हौर ने मंगलवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया. मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिल्हौर तहसील सभागार में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश अनुराग पांडेय, कानपुर महानगर की महापौर प्रमिला पांडेय और विधायक राहुल बच्चा सोनकर एसडीएम रश्मि लंबा तहसीलदार तिमराज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया अधिवक्ता संगठन ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर और मोमेंटो भेंटकर जोरदार स्वागत किया. नवनिर्वाचित अध्यक्ष आलोक मिश्रा ÷टुन्नू÷, महामंत्री महेंद्र कुशवाह, मंत्री शिवकांत तिवारी, उपाध्यक्ष सुनील कटियार व प्रधुम्न कटियार सहित सभी पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. उन्होंने बिल्हौर के सभी अधिवक्ताओं को हर स्थिति में उनका सहयोग करने के प्रति आश्वस्त किया और अधिवक्ताओं को बार काउंसिल की तरफ से मिलने वाले डेथ क्लेम को एक लाख से बढ़ाकर तीन लाख रुपए किए जाने और मेडिकल क्लेम बढ़ाकर पचास हजार किए जाने की जानकारी दी। मंच का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश नारायण शुक्ला व ठाकुर अजीत सिंह राजावत ने किया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से आदित्य सिंह महामंत्री कानपुर, अमर सिंह भदोरिया महामंत्री माती, छोटू त्रिपाठी, दिनेश चंद्र अग्निहोत्री अध्यक्ष एल्डर्स कमेटी, महेंद्र अग्निहोत्री, जिला पंचायत सदस्य अवकाश सिंह, शुभम बाजपेई ब्लॉक प्रमुख, अधिवक्ता डीपी सिंह, विनय गौतम, पूर्व अध्यक्ष रामकिशोर पाल, राजकुमार भदौरिया, हितेश भदोरिया, अमित श्रीवास्तव, पूर्व महामंत्री जनार्दन यादव, पंकज यादव, आशीष सिंह उर्फ कल्लू,नवले मिश्रा, लक्ष्मीकांत त्रिवेदी, बृजेश कटियार, प्रशांत त्रिवेदी,आदेश तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, मोहम्मद रफीक आदि लोग मौजूद रहे।

### टाटा सफारी 35 मिनट तक नहीं निकल सकी

महापौर की गाड़ी तहसील नई बिल्डिंग के मुख्य गेट पर खड़ी थी जिसके चलते गेट के दूसरी ओर घिमऊ जिला पंचायत सदस्य अवकाश सिंह की टाटा सफारी 35 मिनट तक नहीं निकल सकी इधर-उधर वह ड्राइवर को ढूंढते रहे। उनके गनर ने बताया कि कहीं गए हैं अभी फोन कर रहे हैं फोन उठा नहीं रहे हैं अवकाश सिंह ने बताया कि कानपुर मीटिंग में निकलना था जिसके वजह से वह काफी देर तक परेशान परेशान हूं।

## बिल्हौर एसीपी व थानाध्यक्ष ने उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज के कंधे पर स्टार लगाकर इंस्पेक्टर बनाया

* उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज सतीश कुमार 19 महीने से निर्विवाद काम कर रहे हैं

**जन एक्सप्रेस | हरिनाथ सिंह**



**बिल्हौर।** बिल्हौर एसीपी अजय त्रिवेदी व कोतवाल केशव तिवारी ने प्रोन्नति पाकर दरोगा से इंस्पेक्टर बनें उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र यादव को बिल्हौर सर्किल एसीपी अजय द्विवेदी और कोतवाल केशव कुमार तिवारी ने कंधे पर तीसरा स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी मूल रूप से कासगंज जिला के नौरथा गांव के सरल सुभाव परिवार में जन्मे सतीश चंद्र यादव को पुलिस विभाग में जाने की रुचि रखते थे लेकिन शिक्षा पाने के बाद 13 बैच के रहे दरोगा पद पर इटावा की थाना प्रभारी की कमान संभाली कई महीनों तक थाना प्रभारी पद पर रहते हुए अच्छे कार्य पब्लिक हितों के लिए अच्छे कार्य किए जिसके बाद कानपुर कमिश्नरेट बिल्हौर थाने के उत्तरीपूरा चौकी इंचार्ज का दायित्व मिला और चौकी इंचार्ज के पद पर रहते हुए लगभग 19 महीनों में उत्तरीं पूरा चौकी क्षेत्र के लिए पब्लिक के बीच रहकर अच्छा कार्य किया जिससे उत्तरीपुरा चौकी क्षेत्र की जनता उनके कार्यकाल को हमेशा याद रखेंगी सबसे महत्वपूर्ण और सराहनीय कार्य उन्होंने ठेलिया वालों ,टेंपो रिक्शा आदि से कोई भी गुंडा टैक्स न वसूल सके इसके लिए अक्सर वह शादी वर्दी में जांच करने पूछताछ करने पहुंच जाते थे। रेडी ठेला लगाने वालों ने कहा है ऐसे अधिकारी जीवन में पहली बार आए जिन्होंने हम ठेलिया वालों से जो वसूली करते थे वह सब बंद करा दिया। पुलिस के साथ-साथ क्षेत्रीय जनता भी चौकी इंचार्ज से बने इंस्पेक्टर सतीश चंद्र यादव को बधाई के लिए दो दिनों से दर्जनों की संख्या में ग्रामीण गरीब जनता आ रही है साथ साथ मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## सपा जिला उपाध्यक्ष छात्र संघ ने नीट पेपर लीक होने पर एसडीएम को जांच के लिए ज्ञापन सौंपा

**जन एक्सप्रेस | बिल्हौर**



बिल्हौर परगना अधिकारी रश्मि लांबा को नीट-यूजी 2024 के आयोजन व परिणाम से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की अक्षमता तथा भ्रष्टाचार को लेकर शिव अभिषेक यादव जिला उपाध्यक्ष सहित एक दर्जन समाजवादी छात्र संघ ने अपना विरोध दर्ज कराते हुये जांच की मांग की है और अपनी मांग का ज्ञापन उपजिलाधिकारी रश्मि लंबा बिल्हौर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को भेजा है। उनका कहना है कि एनटीए, नीट यूजी परीक्षा की प्रक्रिया तथा परिणाम की सीधे सीबीआई जाँच हो और दोषियों पर कार्रवाई हो। लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन नीट यूजी के परिणाम घोषित कर एनटीए अपने द्वारा की गई गलती को छिपाना चाहती है। मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा के परिणाम को लेकर वि?द्यार्थियों के बीच विश्वसनीयता खत्म हो गयी है।नीट यूजी की परीक्षा के दिन भी देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थी। इससे यह स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थी।नीट यूजी की परीक्षा परिणाम के संदर्भ में अभ्यर्थियों के बीच गड़बड़ी का संदेह है, इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जाँच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नीट के परीक्षा परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर कई तरह से संदेह उत्पन्न हो रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी नेट आदि परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुई है, उसके लिए इस पूरे विषय से सम्बद्ध व्यूरोकेसी जिम्मेदार है। इसलिये समाजवादी छात्र सभा उ0प्र0 ?द्वारा यह मांग की जाती है की पूर्व परीक्षा निरस्त करते हुए पुनः परीक्षा कराई जाए जिससे छात्रों को न्याय मिल सके। छात्र सभा ने री-नीट का सौंपा ज्ञापन शिव अभिषेक यादव जिला उपाध्यक्ष छात्र सभा कानपुर ग्रामीण के नेतृत्व में छात्रों ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन द्वारा उप जिलाधिकारी बिल्हौर रश्मि लांबा जी को सौंपा ज्ञापन। मौजूद नीट छात्र तन्मय कटियार, रचित यादव, अविरल शुक्ला,कुमार अविरल , ऋषभ, वैभव कटियार, रितिक कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि।

## एसपी कार्यालय से कचहरी पुल तक तीन घंटे भीषण जाम

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

एसपी कार्यालय से कचहरी तक सोमवार सुबह तीन घंटे भीषण जाम रहा। लोग परेशान रहे, सबसे ज्यादा दिक्कत नौकरी पेशा लोगों को हुई। शहर के वीआईपी क्षेत्र में सिंचाई विभाग कार्यालय से कब्बा खेड़ा तक 1.10 करोड़ से 800 मीटर लंबा नाला बन रहा है। शनिवार और रविवार को छुट्टी होने से ठेकेदार ने जेसीबी लगाकर एक ही रात में करीब 30 मीटर तक मिट्टी की खोदाई कर डाली। सड़क किनारे फुटपाथ पर रखीं गुमटी दुकानदारों ने आगे खिसका कर सड़क पर रख लीं। उधर, मिट्टी की उठान में बरती गई लापरवाही सोमवार को लोगों के लिए मुसीबत बन गई। सुबह को जैसे ही नौकरी पेशा लोग, व्यपारी, सरकारी कर्मचारियों का आवागमन शुरू हुआ जाम लग गया। एक तरफ मिट्टी का ढेर और गुमटी सड़क तक रखी थीं तो दूसरी तरफ डण्णामार वाहन बेतरतीबी खड़े होने से सुबह नौ बजे से यातायात बाधित होने लगा। दस बजने से पहले ही लंबा जाम लग गया। लोगों को जेल रोड व अन्य गली मोहल्लों से होकर आवागमन करना पड़ा। दोपहर को यातायात पुलिस सक्रिय हुई और पहले निकलने की होड़ में अड़े-तिरछे फंसे वाहनों को निकलवा कर यातायात का संचालन शुरू कराया। दोपहर करीब 12 बजे यातायात पूरी तरह सामान्य हो पाया। अभी नाला का निर्माण कई दिन और चलेगा। यही हाल रहा तो लोगों को अभी करीब 15 दिन इसी तरह की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

### बोले जिम्मेदार

सड़क तक मिट्टी फैलने और फुटपाथ की गुमटी दुकानें आगे बढ़ाकर सड़क पर रख देने से रास्ता संकरा हो गया। इससे सोमवार को जाम लगा। हालांकि यहां अतिरिक्त यातायात पुलिस कर्मियों को लगाकर जल्दी ही जाम खुलवा दिया गया था। आंबेडकर तिराहा के आसपास भी यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात कर जाम की समस्या हल की जाएगी।
**-सुनील सिंह, यातायात प्रभारी**

नाला का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था को जितना निर्माण होता जाए, उतने में ही खोदाई कराने और मिट्टी को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए गए हैं।
**- हरदयाल अहिरवार, अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड पीडब्ल्यूडी**

## मुंबई जा रहे ट्रकों में था भैंस का मांस, लैब रिपोर्ट में पुष्टि

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित रुस्तम फूड्स स्लाटर हाउस मुंबई जा रहे दो कंटेनरों में गाय का मांस होने का आरोप गलत साबित हुआ है। मथुरा लैब से आई सैंपल की जांच रिपोर्ट में मांस भैंस का होने की पुष्टि हुई है। वहीं तीन दिन से फैक्टरी में खड़े दो कंटेनरों में लदा दो करोड़ का माल खराब होने की संभावना से फैक्टरी प्रबंधन परेशान है। पुलिस, हंगामा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की बात कह रही है। मालूम हो कि रुस्तम फूड्स स्लाटर हाउस के बंगाल स्थित स्लाटर हाउस से मांस लेकर दो ट्रक कानपुर के लिए चले थे। बिहार होते हुए दोनों ट्रक गुरुवार रात उन्नाव स्थित फैक्टरी पहुंचे। यहां से ड्राइवर बदलने के बाद शुक्रवार को माल कानपुर जाना था और इसके बाद मुंबई के रास्ते यूरोपीय देशों में भेजना था। वातानुकूलित दोनों कंटेनरों में 54 टन पैकेट बंद मांस था। उन्नाव पहुंचने पर शुक्रवार सुबह खुद को हिंदू संगठन का कार्यकर्ता बताने वाले कुछ लोग पहुंचे और कंटेनरों में गाय का मांस होने का दावा करते हुए हंगामा शुरू किया था। प्रदेश के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की तो प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीओ सिटी सोनम सिंह ने कस्टम की आपत्ति के बावजूद कंटेनरों में लगी कस्टम की सील खुलवाई और तीन पशु चिकित्सकों से पैकेट बंद मांस की जांच कराई। उन्होंने मांस महिष वंशीय (भैंस या भैंसा) पशु का होने की पुष्टि की थी। लेकिन प्रदर्शन कर रहे लोग नहीं माने। इसके बाद दोनों कंटेनरों से कुल छह सैंपल लेकर जांच के लिए मथुरा लैब भेजे गए। सोमवार को सैंपल की जांच रिपोर्ट आई, जिसमें मांस भैंस का होने की पुष्टि हुई है। फैक्टरी के मैनेजर तनवीर ने बताया कि आए दिन कोई न कोई झूठे आरोप लगाकर परेशान करता रहता है। व्यापार करना मुश्किल हो रहा है। बताया कि फैक्टरी से मांस विदेशों में निर्यात किया जाता है। चिंता ये है कि दोनों कंटेनरों में लदा करोड़ों का माल यूरोपीय देश पहुंचने तक खराब न हो जाए। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि फैक्टरी प्रबंधन की ओर से तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में बाल बाल बचे दंपती

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

**बीघापुर।** जम्मू के रियासी में हुए आतंकी हमले में ग्राम बरुवा के मूल निवासी अतुल मिश्रा व उनकी पत्नी नेहा बाल-बाल बचीं। दंपती को हल्की चोटें आई हैं। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के बरुवा के मूल निवासी व वर्तमान में बनारस में रहने वाले अतुल मिश्रा अपनी पत्नी नेहा के साथ जम्मू-कश्मीर घूमने गए थे। रविवार को रियासी में आतंकियों ने श्रद्धालुओं से भरी बस में अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। अचानक हुए आतंकी हमले में दंपती बाल-बाल बचे। घटना की सूचना पैतृक गांव बरुवा पहुंचने पर गांव में मौजूद उनके चाचा के बेटे आलोक मिश्रा व चाची परेशान हो गए। फोन पर बनारस से जानकारी ली। चचेरे भाई आलोक मिश्रा ने बताया कि घटना में अतुल व उनकी पत्नी बाल-बाल बचे हैं। दो-तीन दिन बाद वह बनारस जाएंगे। अतुल का परिवार लगभग 50 वर्ष से बनारस में ही रहता है। अतुल एकाउंटेंट का काम करते हैं।

### युवक की हत्या कर शव बोरे में भरकर नहर में फेंका

**जन एक्सप्रेस/कन्नौज।** जिले के तिर्वा में हत्या के बाद शव को बोरे में भरकर निचली गंग नहर में फेक दिया गया। नहर में पानी कम होने पर बोरे में शव दिखाई दिया। जिसे देखकर राहगीरों में हड़कंप मच गया और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन उसके पास कोई कागजात न मिलने से शिनाख्त नहीं हो सकी। ठठिया थाना क्षेत्र के खैरनगर गांव के पास से निचली गंग नहर निकली है। नहर में दो दिनों में पानी का बहाव कम हो गया और पानी भी कम हो गया। मंगलवार दोपहर नहर में पानी कम होने से बोरे में एक युवक का शव देख राहगीरों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और शिनाख्त करने का प्रयास किया।

## पुलिस को नहीं मिली तहरीर, युवती लखनऊ रेफर

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

पुरवा। क्षेत्र के गांव सकरन में प्रेमी के घर पहुंची युवती के संदिग्ध हालात में आग से झुलसने की घटना में 24 घंटे बाद भी पुलिस को तहरीर नहीं मिली। वहीं, युवती को केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया है। दही थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 24 वर्षीय युवती रविवार को करीब 10 किलोमीटर दूर पुरवा कोतवाली के एक गांव निवासी प्रेमी के घर पहुंची थी। शाम करीब 7:30 बजे युवती संदिग्ध हालात में आग लगने से झुलस गई। सूचना पर पुलिस ने उसे उसे जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया था। करीब 80 फीसदी झुलसे होने से सोमवार को उसे कानपुर हैलट से केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया गया। युवती के पिता के मुताबिक, उसकी हालत अभी गंभीर है। युवक ने शादी का झांसा देकर आठ साल तक बेटी का शोषण किया। इसके बाद युवक व उसके परिजनों ने बेटी को अपनाने से मना कर दिया था। पिता ने बताया कि रविवार को वह युवक से मिलने उसके घर गई थी। आरोप है कि युवक के परिजनों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि युवती खुद पेट्रोल लेकर आई थी और उसने खुद आग लगाई है। वहीं, युवक के परिजनों का कहना है कि युवती ने बेटे पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर जेल भिजवा दिया था। वह काफी समय बाद छूटकर आया और परेशान होकर दिल्ली में मजदूरी करने चला गया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### आवारा गोवंश की तस्करी करने वाले आठ गिरफ्तार, गिरोह में दो महिलाएं भी शामिल

**जन एक्सप्रेस/कन्नौज।** जिले में तालग्राम थाना क्षेत्र के बिसमा गांव के पास से पुलिस ने डेरा जमाए घुमंतू जाति के आठ गोवंश तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके डेरे से 34 गोवंश बरामद किए हैं। इन्हें गोशाला भेजा गया है। वहीं, दो मृत मिले गोवंशों को दफना दिया गया। थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि राजस्थान के झुंझनू के थाना चिड़वा निवासी हीरा सिंह, उसकी पत्नी रेखा, दीवान के बूंदी थाना डाबी गांव सुतड़ा निवासी मोहर सिंह, राजस्थान के भीलवाड़ा थाना परौली गांव भगवानपुरा निवासी बिरमा, मैनपुरी शिकंदरपुर लक्खी, थाना तालग्राम नीरज कोल्ड स्टोरेज के सामने रहने वाजे यूनिस और सुलेमान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार तस्करों के बिसमा गांव के पास के डेरे से गोवंश बरामद किए गए हैं। पकड़े गए तस्करों में हीरा सिंह, मोहर सिंह, यूनिस, सुलेमान शातिर अपराधी हैं। आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि कई बार किसान खेतों में घुसे आवारा गोवंशों को खुद ही पकड़कर उनके हवाले कर देते हैं और इसके बदले में उन्हें कुछ देना भी नहीं पड़ता। इसके अलावा वे लोग खुद भी क्षेत्र में घूमकर आवारा गोवंशों को पकड़कर अपने डेरे में एकत्र करते हैं। जब बड़ी संख्या में आवारा गोवंश उनके पास हो जाते हैं तो व्यापारियों को बुलवाकर इन्हें उनके सुपुर्द कर दिया जाता है।

**नोटिस नमूना आम**

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय-द्वितीय, रायबरेली
मु0अ0सं0-1048/2023
तारीख पेशी-27.06.2024
श्रीमती मेनाज खानम् आदि
.....वादिनी
बनाम
दानिश खान पुत्र समीउल्ला खान निवासी 132/432 बाबू का पुरवा आजाद नगर आर.के. विद्यालय के पास टी.पी. नगर कानपुर नगर।
.....प्रतिवादी

चूंकि उपरोक्त वाद में मेनाजखानम् आदि ने दावा इस न्यायालय में अ0धा0-125 (3) आईपीसी के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है जिसमें आपको सम्मन किया जाता है कि आप **दिनांक 27/06/2024 08 बजे सुबह** कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब दे सकने में सक्षम हो- कोर्ट मे उपस्थित हो।

अत: आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते है तो, उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि 11.06.2024
हस्ताक्षर
श्रीमान प्रधान न्यायाधीश-द्वितीय कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली।

## करहल उपचुनाव की संभावना पर सोशल मीडिया पर गरमाई राजनीति

**जन एक्सप्रेस | मैनपुरी**

लोकसभा चुनाव में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद चुने जाने और उत्तर प्रदेश में सपा के बेहतर प्रदर्शन के बाद करहल विधानसभा पर उपचुनाव की संभावना प्रबल हो गई है। सोशल मीडिया पर दावेदारों के समर्थकों के बीच राजनीति भी गरमा गई है। सपा और भाजपा दोनों ही पार्टियों से करहल विधानसभा को लेकर दावेदारों ने पहुंच बनाना शुरू कर दिया है। करहल विधानसभा से वर्तमान में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में वे कन्नौज से सांसद चुने गए हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में सपा ने 37 सीटें जीती हैं इसके बाद सपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिल्ली की राजनीति की जिम्मेदारी सौंपी है। माना जा रहा है कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जल्द करहल विधानसभा सीट से त्यागपत्र देंगे।

करहल विधानसभा पर उपचुनाव की प्रबल संभावना को देखते हुए यहां सपा और भाजपा दोनों ही दलों से दावेदारों ने शीर्ष नेतृत्व से पहुंच बनाना शुरू कर दिया है। यादव बाहुल्य करहल विधानसभा सीट पर सपा और भाजपा दोनों ही दलों से यादव दावेदारों की संख्या अधिक दिखाई दे रही है। सपा से वर्तमान में चार दावेदारों के नाम सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं जो सभी यादव हैं। वहीं भाजपा से पांच नाम सामने आए हैं इनमें तीन यादव शामिल हैं।

### सपा से ये नाम आए चर्चा में

सोशल मीडिया पर वर्तमान में सपा से करहल विधानसभा के दावेदारों की सूची में दो नाम सबसे ऊपर हैं इनमें एक सैफई परिवार से पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव और दूसरे सैफई परिवार के रिश्तेदार पूर्व एमएलसी अरविंद यादव। दोनों के ही समर्थकों ने सोशल मीडिया पर उनके प्रत्याशी बनाने की मांग सपा नेतृत्व से शुरू कर दी है। तीसरा नाम पूर्व विधायक सोवरन सिंह यादव का चर्चा में आया है। वहीं पुत्र द्वारा भाजपा से टिकट मांगने के बाद पूर्व एमएलसी सुभाष यादव का नाम भी दावेदारी में शामिल हो गया है।

### भाजपा से टिकट के लिए इन लोगों ने प्रयास किए शुरू

भाजपा से भी करहल विधानसभा से टिकट के लिए दावेदारों ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर पांच नामों की चर्चा तेज हो गई है। इनमें मुलायम परिवार के दामाद अनुजेश प्रताप यादव, मुलायम के गुरु नत्थू सिंह यादव के पौत्र डॉ. धीरज यादव, करहल नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के दावेदार रहे सचिन वर्मा छोटू ,ब्राह्मण समाज के प्रमुख एवं वरिष्ठ नेता रमाकांत दुबे, प्रधान सुग्रीव यादव (दोस्तपुर बाले) शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो इन पांच दावेदारों में से किसी एक दावेदार को करहल उपचुनाव के लिए भाजपा टिकट दे सकती है।

### जिला पंचायत सदस्य न पकड़ा गया तो करेंगे आंदोलन

**जन एक्सप्रेस | मैनपुरी**

टैक्सेशन के वकील विकास कुलश्रेष्ठ पर किए गए जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी कराने के लिए वकील लामबंद होते जा रहे हैं। मंगलवार को वकीलों ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करके प्रदर्शन किया। दो दिन में आरोपी जिला पंचायत सदस्य की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को जिले भर के वकील कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। वकीलों ने प्रदर्शन करके आरोपी जिला पंचायत सदस्य शुभम सिंह सहित पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। सौरभ यादव ने कहा कि टैक्सेशन के वकील विकास कुलश्रेष्ठ पर किए गए जानलेवा हमले के आरोपी जिला पंचायत सदस्य को पुलिस पकड़ नहीं पा रही है। वकीलों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आरोपी के नहीं पकड़े जाने पर पुलिस न्यायालय से वारंट लेकर कुर्की की कार्रवाई करे। ऐसा नहीं होने पर दो दिन बाद आंदोलन शुरू होगा। अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि अब वकील एक मंच पर आ चुके हैं।

## अखिलेश यादव बोले, हर बूथ की समीक्षा करें



**जन एक्सप्रेस | कानपुर**

बिल्हौर तहसील से गुजरे लखनऊ आगरा एक्सप्रेस हाईवे पर अरौल रेस्ट प्लाजा पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते वक्त विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जीत पर बधाई देते हुए चांदी का पेन भेंट किया इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि हर बूथ की समीक्षा करें कि वोट कम क्यों मिला है कहां पर कमी रही जो हम हर बूथ पर नहीं जीत पाए गलतियों को सुधारो वहां पर जाकर घर-घर जाकर लोगों से वोट के संबंध में चर्चा करें चुनाव हो जाने के बाद में आराम करने का समय नहीं है अपनी रफ्तार से क्षेत्र में चलते रहो और जनता की सेवा करते रहो हर गरीब की लड़ाई लड़ो चाहे वह किसी भी जाति और धर्म का हो जिसकी मदद करोगे वही हमारा सच्चा वोटर होगा। इस मौके पर बिल्हौर ब्लाक अध्यक्ष आशीष कटियार पंकज यादव शशिकांत पाल नीलू अभिषेक सुमित आदर्श कटियार इत्यादि समाजवादी साथी उपस्थित रहे।

**नोटिस नमूना आम**

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय, परिवारिक न्यायालय जनपद रायबरेली
मु0अ0सं0-400/2024
तारीख पेशी-03.07.2024
नेहा श्रीवास्तव आयु लगभग 37 वर्ष पत्नी राहुल श्रीवास्तव पुत्री माधवेन्द्र किशोर श्रीवास्तव वर्तमान निवासिनी 1110/01 अहियापुर परगना तहसील व जिला रायबरेली।
.....वादिनी
बनाम
राहुल श्रीवास्तव आयु लगभग 39 वर्ष पुत्र मनमोहन श्रीवास्तव निवासी म0नं0 612बी-ब्लाक पनकी, परगना व तहसील पनकी जिला कानपुर।
.....प्रतिवादी

चूंकि उपरोक्त वाद में श्रीमती नेहा श्रीवास्तव ने दावा इस न्यायालय में अ0ध0 13 हिन्दू विवाह अधिनियम में आपके खिलाफ वाद दायर किया है जिसमें आपको सम्मन किया जाता है। कि आप दिनांक 03.07.2024 सुबह 8 बजे कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब दे सकने में सक्षम हो कोर्ट में उपस्थित हो।

अत: आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते है तो, उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जाएगा।

जारी करने की तिथि 08.06.2024
हस्ताक्षर
श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली।

# मोहन माझी होंगे ओडिशा के नए सीएम

## भाजपा विधायक दल की बैठक में एलान, दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए गए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर**

मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। भुवनेश्वर में हुई बैठक में बतौर केंद्रीय पर्यवेक्षक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव मौजूद रहे। बैठक के बाद रक्षा मंत्री ने घोषणा की कि भाजपा नेता मोहन चरण माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने बताया कि केवी सिंह देव और प्रवती परिदा को राज्य का उपमुख्यमंत्री के तौर पर चुना गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसमें राजनाथ के अलावा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। बता दें कि भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज करते हुए ओडिशा में करीब 24 साल से सत्ता पर काबिज बीजद को सत्ता से बेदखल किया है। ओडिशा में भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के लिए शाम साढ़े चार बजे बैठक शुरू हुई। इस बैठक में राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव भी मौजूद रहे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि भाजपा ओडिशा में डिप्टी सीएम भी नियुक्त कर सकती है। विधायक दल का नेता चुनने के बाद अब भाजपा नेता राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा करेंगे। ओडिशा में भी बुधवार को सीएम पद का शपथ ग्रहण समारोह होना है। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद रह सकते हैं। शपथ ग्रहण के लिए भाजपा ने बीजद नेता नवीन पटनायक को भी आमंत्रण दिया है। शपथ ग्रहण समारोह के चलते ओडिशा में 12 जून को आधे दिन

### क्योंझर विधानसभा सीट से चार बार विधायक चुने गए

- वर्ष 2000 में माझी क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चुने गए और जीत हासिल की।
- इसके बाद वर्ष 2009 में भाजपा ने फिर से मोहन चरण माझी पर भरोसा जताया। वे क्योंझर विधानसभा सीट से चुनाव लड़े और जीते।
- 2019 में एक बार फिर से क्योंझर विधानसभा सीट से मांझी ने भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की।
- मोहन चरण माझी 2024 में चौथी बार क्योंझर विधानसभा से जीत हासिल की। इस बार चुनाव में मोहन चरण माझी को कुल 87815 वोट मिले और उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी बीजू जनता दल की मीना माझी को 11577 वोटों के बड़े अंतर से मात दी।



### कौन हैं मोहन चरण माझी?

मोहन चरण माझी का जन्म वर्ष 1972 ओडिशा के क्योंझर जिले के रायकलां में हुआ था। शुरुआती शिक्षा-दीक्षा लेने के बाद उन्होंने अपने सियासी सफरनामे की शुरुआत सरपंच के रूप में की। इसके बाद वे धीरे धीरे राजनीति से जुड़ते गए और भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। धीरे धीरे उनकी गिनती ओडिशा में भाजपा के कद्दावर आदिवासी नेता के रूप में होने लगी।

### शपथ ग्रहण के लिए साधु संतों को भी भेजा गया आमंत्रण

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान ही ओडिशा के लोगों से वादा किया था कि कोई उड़िया भाषा बोलने वाला व्यक्ति ही राज्य का मुख्यमंत्री बनेगा। ओडिशा में सीएम के शपथ ग्रहण समारोह के लिए साधु संतों को भी आमंत्रण भेजा गया है। ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 147 विधानसभा सीटों में से 78 पर जीत दर्ज की है। वहीं बीजद 51 सीटों के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस को राज्य में 14, सीपीआईएम को 1 सीट मिली है। वहीं तीन सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं।

### भाजपा ने जताया भरोसा

चार बार एक ही विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने वाली माझी पर इस बार भारतीय जनता पार्टी ने भरोसा जताया और उन्हें ओडिशा का 15वां मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। आपको बता दें कि इस बार ओडिशा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में बीजू जनता दल के विजयरथ को रोका और बड़ी जीत दर्ज की। 78 सीटों र जीत हासिल कर भारतीय जनता पार्टी ओडिशा में सबसे बड़ा दल बनकर उभरी। उधर बीजू जनता दल को 51 सीटो पर जीत हासिल हुई।

# दिल्ली के कई इलाकों में बत्ती गुल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पहले से पानी की किल्लत से जुझ रही दिल्ली में अब बिजली की कमी हो गई है। इस बात की जानकारी खुद दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, दिल्ली के कई इलाकों में दोपहर 2:11 बजे से बिजली गुल है। ऐसा यूपी के मंडोला में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) के सब-स्टेशन में आग लगने की वजह से हुआ है। मंडोला सब-स्टेशन से दिल्ली को 1200 मेगावाट बिजली मिलती है। फिलहाल बिजली बहाली की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अब धीरे-धीरे प्रभावित इलाकों में बिजली लौट रही है। लेकिन राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड में यह बड़ी विफलता अत्यंत चिंताजनक है। मैंने केंद्रीय विद्युत मंत्री और पीजीसीआईएल के चेयरमैन से मिलने का समय मांगा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी स्थिति दोबारा न आए। राजधानी में पानी की किल्लत पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आतिशी ने हरियाणा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने हरियाणा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जानबूझकर और अवैध रूप से राजधानी में पानी की आपूर्ति रोक रही है। इससे रोजाना की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। आतिशी ने हरियाणा सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दिए हलफनामे को भी झूठा बताते हुए कहा कि हरियाणा सरकार झूठ बोल रही है वह दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी आपूर्ति कर रही है। हलफनामे के अनुसार, दिल्ली में चुनाव से पहले 23 मई से हरियाणा सरकार ने पानी की मात्रा कम कर दी।

### जल संकट पर भाजपा ने सीएम केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में पानी के भीषण संकट से क्षुब्ध हजारों नागरिकों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने जल बोर्ड कार्यालय पर प्रचंड प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और पूर्व विधायक चौ. ब्रह्म सिंह तंवर ने सम्बोधित किया। भाजपा नेताओं ने जल संकट के लिए आम आदमी पार्टी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के त्यागपत्र की मांग की।

### इन इलाकों में भारी किल्लत

राजधानी के कई इलाकों पेयजल संकट बरकरार है। खासतौर पर, स्लम बस्तियों व अनधिकृत कॉलोनियों में पर्याप्त संख्या में टैंकर नहीं पहुंच रहे। पूर्वी दिल्ली की गीता कॉलोनी व आसपास के अन्य इलाकों, दक्षिणी दिल्ली स्थित ओखला फेस-दो व संगम विहार, नई दिल्ली स्थित सभी स्लम बस्तियों और पश्चिमी दिल्ली के गोपाल नगर, विकास नगर, निहाल विहार आदि कॉलोनियों में पेयजल संकट बना हुआ है।

# अभी और जलेगी राजधानी, दिल्ली में लू का अलर्ट, अगले दो दिन ऐसा रहेगा मौसम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में मानसून अपनी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। लेकिन राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। सूरज की तपिश से दिल्ली वाले बेहाल हो रहे हैं। मौसम विभाग की ओर से दिल्ली के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं आईएमडी ने अनुमान जताया है कि अधिकतम तापमान 45 पार पहुंचने की आशंका है।

### 13 जून तक लू का अटैक

मौसम विभाग ने मंगलवार और बुधवार के लिए लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऐसे में लोगों को चिलचिलाती और उमस भरी गर्मी परेशान करेगी। शाम के समय धूल भरी आंधी के साथ तेज सतही हवाएं 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल सकती हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 45 पार पहुंचने की आशंका है।



### दिल्ली का नरेला रहा सबसे गर्म

सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। नरेला का सर्वाधिक तापमान 46 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। सोमवार को प्रचंड गर्मी के कारण सुबह और दोपहर को कई सड़के वीरान नजर आईं। सुबह से ही सूरज की तपिश बढ़ गई थी। दोपहर तक गर्मी से पसीने छूटने लगे। इससे चिलचिलाती गर्मी के साथ गर्म हवाएं चली, जिसने लोगों को लू का अहसास कराया।

### दिल्ली में बढ़ रहा तापमान

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यह सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य एक डिग्री अधिक 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम आर्द्रता का स्तर 49 फीसदी रहा।

### हवा मध्यम श्रेणी में बरकरार

राजधानी में हवा की दिशा बदलने से आबोहवा मध्यम श्रेणी में बरकरार है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 171 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। सर्वाधिक इलाकों में एक्यूआई 200 के पार दर्ज किया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से मध्यम श्रेणी में बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार तक हवा मध्यम श्रेणी में रहने का अनुमान है।

### दिल्ली समेत एनसीआर का एक्यूआई

सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया। यहां एक्यूआई 185 रहा, यह मध्यम श्रेणी है। गुरुग्राम में सबसे साफ हवा रही, यहां एक्यूआई 95 संतोषजनक श्रेणी में दर्ज किया गया। फरीदाबाद में 170, नोएडा में 156 व गाजियाबाद में 144 एक्यूआई दर्ज किया।

### नरेला समेत इन इलाकों का ऐसा रहा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक नरेला इलाका सर्वाधिक गर्म रहा। यहां अधिकतम 46.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं, और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स व नजफगढ़ में 46.3, पीतमपुरा 45.7, पूसा में 45.3, आया नगर में 44.7 व जाफरपुर में 44.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया।

## मलावी में भीषण विमान हादसा, उप-राष्ट्रपति चिलिमा समेत 9 अन्य लोगों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लिलोंग्वे**

मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की एक विमान हादसे में मौत हो गई है। मलावी के राष्ट्रपति ने यह जानकारी दी। बता दें कि उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को ले जा रहे विमान के लापता होने की खबर सामने आई थी। बताया गया था कि विमान अचानक रडार से गायब हो गया था। इसके बाद विमानन अधिकारियों ने विमान से संपर्क बनाने की कई कोशिशें कीं लेकिन, इसका पता लगाने में वे विफल रहे। अब यह खबर सामने आई है कि इस भीषण हादसे में उप राष्ट्रपति समेत 9 अन्य लोगों की मौत हो गई। मलावी के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उप राष्ट्रपति चिलिमा रक्षा बल के विमान में सवार थे। यह विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजकर 17 मिनट पर राजधानी लिलोंग्वे से रवाना हुआ था। इसके बाद विमान अचानक रडार से गायब हो गया था। इसके बाद राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने सुरक्षा बलों से विमान पता लगाने के लिए तत्काल खोज और बचाव अभियान शुरू करने का आदेश दिया था। बताया गया है कि मलावी के राष्ट्रपति चकवेरा बहामास की यात्रा करने वाले थे। लेकिन, विमान लापता होने की सूचना मिलने के बाद उन्होंने अपना दौरा रद्द कर दिया।

## सोशल मीडिया से हटा लें मोदी का परिवार: पीएम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद लगातार तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार सत्ता में आ चुकी है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिखने वाले समर्थकों का आभार जताया है और साथ ही उनसे अब इसटे हटाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, चुनावी अभियान के दौरान देशभर के लोगों ने मेरे प्रति स्नेह जताते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मोदी का परिवार जोड़ा। इससे मुझे बहुत ताकत मिली। भारत की जनता ने एनडीए को लगातार तीसरी बार बहुमत दिया है, जो एक तरह का रिकॉर्ड है और हमें अपने देश की भलाई के लिए काम करते रहने का जनादेश दिया है।

# पाकिस्तानी नंबर से फिर मिली जान से मारने की धमकी

**✻ पुलिस उच्च अधिकारियों ने लिया मामला संज्ञान में भोजासर थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जोधपुर**

फलोदी के भोजासर निवासी राष्ट्रवादी विचारक सत्यनारायण जोशी को एक बार फिर दुश्मन देश पाकिस्तानी नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है और वो कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। भोजासर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रवादी विचारधारा के सत्यनारायण जोशी द्वारा एक लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया गया कि वे सदैव ही राष्ट्र को समर्पित भाव से अपनी जीवनशैली को चरितार्थ करते



आ रहे है खासकर हिन्दुत्व को पहली प्राथमिकता देकर उसकी एकता का संदेश जन जन तक पहुंचाने का कार्य करते आ रहे है इस दौरान उन्हें अपने ही देश में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से धमकियां दी गई इससे पूर्व अज्ञात पाकिस्तानी व दुबई नंबरों से जान से मारने की धमकियां मिली इसी क्रम में फिर एकबार पाकिस्तानी नंबरों से उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है जिसे हल्के में लेना नुकसानदेह साबित हो सकता है हालांकि न्यायालय द्वारा 12 जनवरी 2022 को जोशी की सुरक्षा सुनिश्चित करवाने को लेकर संबंधित थानों को आदेश जारी किए जा चुके है लेकिन पिछली सरकार के कुछ नेताओं के दबाव में चलते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा के नाम पर जोशी को अबतक किसी भी थाने से आश्वाशन तक नही मिला। फिलहाल इसबार मिली धमकी के बाद पीड़ित जोशी द्वारा पेश रिपोर्ट के आधार पर भोजासर पुलिस द्वारा अज्ञात नंबरों के खिलाफ धारा 385, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और अनुसंधान जारी है, सत्यनारायण जोशी स्वयंसेवक के रूप में एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल के पत्रकार है, मारवाड़ अनुसंधान संस्थान के संस्थापक है, विप्र सेना समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों को दायित्व संभाल रहे हैं और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक है और उनकी धर्मपत्नी बसंती सत्यनारायण जोशी भाजपा महिला मोर्चा निवर्तमान जिला उपाध्यक्षा है व विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें जोधपुर फलोदी की पांचों विधानसभा सीटों की जीत की अहम जिम्मेदारी दी थी व वर्तमान लोकसभा चुनाव में भी जोधपुर सीट पर काफी मेहनत की है व जोशी ने बताया कि लंबे समय से लगातार धमकी भरे कॉल आ रहे हैं न्यायालय के आदेश के बावजूद भी आजतक कोई आश्वासन नही मिला है लेकिन इसबार आईजी ने खुद मामला संज्ञान में लेकर हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया है।

# गृह मंत्री शाह के चैलेंज, दूसरी पारी में टूटेगी आतंकियों-नक्सलियों की कमर, लागू होंगे 3 नए आपराधिक कानून

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अमित शाह ने मंगलवार को बतौर केंद्रीय गृह मंत्री अपना कार्यभार संभाल लिया है। वे दूसरी बार देश के गृह मंत्री बने हैं। दूसरी पारी में उनके सामने कई चैलेंज हैं। हालांकि वे कह चुके हैं कि अब देश में उग्रवाद या नक्सलवाद के ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। आतंकवादी भी अब अंतिम सांस ले रहे हैं। अमित शाह ने कहा था, तीन साल के भीतर नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। इसका कोई नाम लेने वाला भी नहीं होगा। जम्मू कश्मीर में %जीरो टेरर प्लान% पर काम शुरू हो चुका है। अब केवल आतंकियों या नक्सलियों के एनकाउंटर पर ही फोकस नहीं है, बल्कि उन्हें चारों तरफ से घेरा जा रहा है। धन, हथियार और खाने पीने से लेकर दूसरे सामान तक की सप्लाई चेन खत्म की जा रही है। इसमें राज्यों की पुलिस का सहयोग भी लिया जा रहा है। देश में अगले माह से तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू किया जाएगा। इसमें कई तरह की चुनौतियों का सामने आना संभव है। साइबर अपराधियों, खालिस्तान और मणिपुर सहित देश के दूसरे ऐसे राज्य, जिनकी सीमा अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से लगती है, वहां पूर्ण रूप से फैंसिंग सुनिश्चित हो, यह कार्य भी अमित शाह के दूसरे कार्यकाल में पूरा होना है।



### यह है गृह मंत्रालय के सामने पहली चुनौती

पिछली बार केंद्रीय गृह मंत्रालय में अमित शाह की टीम में तीन राज्य मंत्री भी थे। इनमें नित्यानंद राय, अजय मिश्रा टेनी और निशीथ प्रमाणिक शामिल थे। इस बार अजय मिश्रा टेनी और निशीथ प्रमाणिक, लोकसभा चुनाव हार चुके हैं। नित्यानंद राय को दोबारा से गृह राज्य मंत्री बनाया गया है। उनके साथ ही बंडी संजय कुमार को भी गृह मंत्रालय में बतौर राज्य मंत्री शामिल किया गया है। फिलहाल, अमित शाह के साथ दो राज्य मंत्री काम करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सामने पहली चुनौती, तीन नए आपराधिक कानूनों को निर्बाध रूप से लागू करना रहेगा। गत वर्ष जब इन कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी तो यह कहा गया था कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को बदलकर रख देंगे। तीन नए कानूनों पर नागरिकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों का मार्गदर्शन करने के लिए पोर्टल और एप तैयार किए गए हैं। इनके माध्यम से नई न्याय प्रणाली को समझने और उसके क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। इस बाबत गृह मंत्रालय एवं विभिन्न राज्यों में तेजी से काम हो रहा है। विभिन्न उपकरण मुहैया कराने के अलावा कार्मिकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। बता दें कि तीन नए कानूनों को गत वर्ष 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 25 दिसंबर को तीन नए कानूनों पर अपनी मुहर लगाई थी।

### साइबर अपराध से निपटने की तैयारी

देश में साइबर अटैक के केस बढ़ रहे हैं। अपराधियों द्वारा नित्य नई तकनीक इस्तेमाल की जा रंही है। साइबर हमलों का शिकार, केवल आम आदमी ही नहीं, बल्कि सरकारें और विभिन्न वित्तीय संस्थान भी बन रहे हैं। देश में साइबर अपराध से निपटने के लिए जो पॉलिसी बनाई गई हैं, उनके क्रियान्वयन में तेजी लाई जाएगी। गृह मंत्रालय में साइबर क्राइम से निपटने के लिए स्थापित किए गए %भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र% (आई4सी) के सीईओ राजेश कुमार और उनकी टीम, अपराधियों का पता लगाने में जुटी है। आर्थिक अपराध के शिकार लोगों के नुकसान की भरपाई जल्द हो, इसका निरंतर प्रयास किया जा रहा है। देश में औसतन, रोजाना साइबर अपराध के चलते 50000 कॉल आ रही हैं। एक लाख लोगों पर 129 शिकायतें दर्ज हो रही हैं।

### जम्मू कश्मीर में बदल रहे हालात

अमित शाह ने कार्यभार संभालने के बाद कहा, केंद्रीय गृह मंत्रालय देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य करता रहेगा। मोदी 3.0 में देश की सुरक्षा नीतियों एवं प्रयासों को नई ऊंचाइयां मिलेगी और भारत आतंकवाद व नक्सलवाद के खिलाफ एक मजबूत शक्ति बनकर उभरेगा। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, सदन की सारी मर्यादाएं तोड़कर जो लोग कहते थे कि अनुच्छेद 370 खत्म होने से रक्तपात होगा, लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार ने इस प्रकार की व्यवस्था की है कि किसी की एक कंकड़ फेंकने की भी हिम्मत नहीं हुई। 2010 में सीजफायर उल्लंघन की 70 घटनाएं हुईं थी, 2023 में सिर्फ 2 घटनाएं हुईं। 2010 में घुसपैठ की 489 घटनाएं हुईं।

### आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जाएगा

जम्मू कश्मीर में 1994 से 2004 के बीच कुल 40,164 आतंकवाद की घटनाएं हुईं थी। 2004 से 2014 के बीच ये घटनाएं 7,217 हुईं, जबकि मोदी सरकार के 9 वर्षों में 70 फीसदी की कमी के साथ ये घटनाएं सिर्फ 2,197 रह गईं। इनमें 65 फीसदी पुलिस कार्यवाही के कारण घटित हुईं। मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल में नागरिकों की मृत्यु की संख्या में 72 फीसदी और सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या में 59 फीसदी की कमी आई है। 2010 में जम्मू और कश्मीर में 2,654 पथराव की घटनाएं हुई थीं, जबकि 2023 में एक भी पथराव की घटना नहीं हुई है। 2010 में 132 ऑर्गेनाइज्ड हड़तालें हुई थीं, जबकि 2023 में एक भी नहीं हुई। 2010 में पथराव में 112 नागरिकों की मृत्यु हुई थी, जबकि 2023 में एक भी नहीं हुई।

### 44 नए सिक्योरिटी कैंप स्थापित होंगे

अमित शाह के पहले कार्यकाल में झारखंड और बिहार के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित किए गए हैं। वहां पर नक्सली हमलों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। अब दूसरे कार्यकाल में गृह मंत्री शाह का फोकस छत्तीसगढ़ पर है। अमित शाह का प्लान है कि अगले तीन वर्ष के भीतर नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो जाए। शाह के प्लान पर सुरक्षा बलों ने काम शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ की लगभग 40 अतिरिक्त कंपनियां भेजी गई हैं। सुरक्षा बल, नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले हर इलाके तक पहुंच बना रहे हैं। सुकमा के ऐसे इलाके, जिनकी पहचान नक्सलियों के बटालियन मुख्यालय के तौर पर होती रही है।

### नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई प्रारंभ

इस साल नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई प्रारंभ की गई है। चार दशकों में ऐसा पहली बार हुआ है कि नक्सली घटनाओं में सुरक्षा कर्मियों और सामान्य नागरिकों की मौत का आंकड़ा सौ से कम रहा है। मौजूदा समय में सुरक्षा बलों ने जिस रणनीति पर काम शुरु किया है, उसके अंतर्गत दो तीन वर्ष में नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। साल 2019 के बाद नक्सलियों के प्रभाव वाले इलाकों में सुरक्षा बलों ने जो सेंध लगाई है, उससे नक्सलियों को वह क्षेत्र छोड़कर भागना पड़ा है। सुरक्षा बलों ने अपने घेरे को मजबूत करते हुए नक्सल प्रभावित इलाकों में 195 नए कैंप स्थापित किए हैं। नक्सलियों से जुड़ी हिंसा में 52 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। मौत के मामलों में 69 फीसदी की कमी आई, तो वहीं सुरक्षा बलों को होने वाली जान की हानि के मामलों में 72 फीसदी की कमी दर्ज हुई है। ऐसी घटनाओं में सामान्य लोगों के मारे जाने की संख्या में भी 68 फीसदी की कमी आई है।

### एक साथ मैदान में उतरी 26 केंद्रीय एजेंसियां

अमित शाह के दूसरे कार्यकाल में आतंकवाद और ड्रग माफिया को लेकर भी निर्णायक लड़ाई शुरू की जा रही है। विभिन्न मोर्चों पर एक साथ वार किया जाए, इसके लिए खास प्लान तैयार किया गया है। इस प्लान में केंद्र की 26 सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों की खुफिया विंग शामिल हैं। इन एजेंसियों की मदद से पर्दे के पीछे बैठकर आतंकी गतिविधियों एवं दूसरे अपराधों को विभिन्न तरीके से प्रोत्साहन देने वाले व्हाइट कॉलर अपराधियों को पकड़ा जाएगा। कश्मीर, माओवादी इलाके और उत्तर पूर्व के राज्यों में सक्रिय उग्रवादी समूहों को पूरी तरह खत्म करने के लिए अचूक रणनीति बनाई गई है। आर्मी, नेवी, एनआईए, सीबीआई, आईबी, रॉ, सीएपीएफ, डीआरआई व ईडी सहित 26 केंद्रीय एजेंसियां, केंद्रीय गृह मंत्रालय के मल्टी एजेंसी सेंटर (मैक) के जरिए अपनी खास रणनीति को अंजाम देंगी। केंद्र और राज्यों के आतंकवाद-रोधी दस्ते (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) के लिए एक समन्वित प्लेटफॉर्म तैयार करने पर सहमति बनी है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को ज्यादा तवज्जो दी जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)